CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 350 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ ही लोग भंग कर रहे शांति: उमर अब्दुल्ला पेज 2



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज आज से खेल टाइम्स




और कितना गिरेंगे टीवी चैनल सम्पादकीय



पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर को मिली तीनों सेनाओं की कमांड पेज 12

## दिल्ली लालकिला ब्लास्ट में बड़ा खुलासा, अहम सुराग मिले

# बाबरी विध्वंस का बदला लेना चाहते थे आतंकी

- देशभर में 32 कारों के जरिये धमाके की रची गई थी साजिश, लालकिले के पास कार ब्लास्ट इसी योजना का हिस्सा था
- आतंकियों ने सेशन एप यूज किया, रजिस्ट्रेशन के लिए फोन नंबर, ईमेल जरूरी नहीं, मैसेज ट्रेसिंग मुश्किल काम
- तुर्की से हुई थी ब्लास्ट की प्लानिंग, सेशन एप से आतंकियों को मिले निर्देश, तुर्की ने आरोपों को नकारा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लालकिले के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसम्बर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई-20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं।

जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवम्बर को जिस आई-20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल रिवेंज अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के रेड फोर्ट के पास हुए हमले में शामिल आतंकियों ने एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल किया था। एन्क्रिप्टेड एप्स यानी मैसेज सिर्फ सेंडर और रिसीवर ही पढ़ सकते हैं। इसमें तीन बड़े एप्स का नाम सामने आया है। टेलीग्राम, सिग्नल और सेशन। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी डाक्टर मुजम्मिल ने पूछताछ में कबूल किया कि उन्होंने इन्हीं एप्स की मदद से अपने हैंडलर्स से बात की थी। टीओआई की एक रिपोर्ट के -शेष पृष्ठ दो पर

### डीएनए टेस्ट से डा. उमर के विस्फोटक वाली कार में होने की हुई पुष्टि



**नई दिल्ली।** डीएनए परीक्षण से पुष्टि हो गई है कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास जिस कार में विस्फोट में हुआ था उसे डा. उमर नबी ही चला रहा था क्योंकि उसके स्टीयरिंग व्हील में मिले पैर के हिस्से और नबी की मां के डीएनए नमूने आपस में मिल रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार नबी की मां के डीएनए नमूने और नबी के पैर के डीएनए आपस में मैच हो रहे हैं। जांचकर्ताओं को यह सफलता तब मिली जब डा. नबी का पैर कार के स्टीयरिंग व्हील और एक्सीलेटर के बीच फंसा हुआ पाया गया। इससे संकेत मिलता है कि विस्फोट के समय वह कार चला रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कुल 21 जैविक नमूने जांच के लिए फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) भेजे गए थे।

### डा. उमर और मुजम्मिल के कमरों से मिलीं डायरियां

**नई दिल्ली।** कार विस्फोट मामले की जांच कर रही एजेंसियों ने अल फलाह विश्वविद्यालय स्थित डा. उमर नबी और डा. मुजम्मिल के कमरों से उनकी डायरियां बरामद की हैं। सूत्र ने बताया कि ये डायरियां अल फलाह विश्वविद्यालय परिसर के अंदर से बरामद की गईं। इनमें से एक डा. उमर के कमरा नंबर चार से और दूसरी डा. मुजम्मिल के कमरा नंबर 13 से बरामद की गईं। इसके अलावा, पुलिस ने डा. मुजम्मिल द्वारा इस्तेमाल किए गए एक कमरे से एक और डायरी भी जब्त की है। यह वही जगह है जहां से पहले 360 किग्रा विस्फोटक जब्त किया गया था। यह कमरा अल फलाह विश्वविद्यालय से लगभग 300 मीटर की दूरी पर स्थित है। बरामद डायरियों और नोटबुक्स में कोड शब्द हैं, जिनमें आठ नवम्बर से 12 नवम्बर के बीच की तारीखों का जिक्र है। डायरियों में 'ऑपरेशन' शब्द कई बार लिखा है।

### दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: शाह

**अहमदाबाद/नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विस्फोट के दोषियों को दी जाने वाली सख्त से सख्त सजा दुनिया को यह संदेश देगी कि कोई भी दोबारा ऐसे हमले के बारे में सोचने की हिम्मत न करे। शाह ने गुजरात के मेहसाणा जिले के बोरियावी गांव में मोतीभाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल और सागर आर्गेनिक प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम को वीडियो लिंक के जरिये संबोधित किया। जिन लोगों ने इस कायराना हरकत को अंजाम दिया है और जो इसके पीछे हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

# पायलट पर नहीं डाली गई हादसे की जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने अपना पक्ष रखा**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एयर इंडिया क्रैश मामले की सुनवाई जारी है। इस बीच केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि प्राथमिक जांच रिपोर्ट में एयर इंडिया के पायलट को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं बताया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कोर्ट में कहा है कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम को अंतर्राष्ट्रीय चलन के तहत गठित किया गया था। यह जांच अभी भी जारी है। गौरतलब है कि गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने के चंद सेकंड बाद दुर्घटना का शिकार हो गया था। इस घटना में 265 लोगों की जान चली गई थी। एएआईबी के अंतर्गत हुई जांच में इस मामले में कई अहम पहलुओं का खुलासा हुआ था। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद विमान को उड़ाने वाले एक पायलट के पिता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर दिया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जांच टीम अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत गठित की गई है और इसका गठन कानूनी प्रावधानों के तहत किया गया है। जस्टिस बागची ने कहा कि एएआईबी की जांच किसी पर दोषारोपण के लिए नहीं होती, बल्कि इसका मकसद दुर्घटना के कारणों का पता लगाना होता है, ताकि भविष्य में -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली धमाके के बाद बढ़ा धमकियों का सिलसिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाके के बाद से ही पूरे देश की एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसके बावजूद पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली। इसके बाद दिल्ली में विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान में मौजूद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित उतार लिया गया।

### चैतन्य बघेल की 61 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी के रायपुर आंचलिक कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जारी जांच के सिलसिले में आरोपी और पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ रुपये मूल्य की अचल/चल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं।

# पुणे में 25 गाड़ियां टकराईं नौ की मौत, पांच जिंदा जले

## ट्रक का ब्रेक फेल होने से कार-कंटेनर में लगी आग

पुणे, वार्ता



**पुणे के बाहरी** इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार में टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। कंटेनर भी जल गया।

हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनर और ट्रक के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि सतारा से पुणे की ओर आ रहे दोनों ट्रकों के बीच कार फंस गई थी। हादसे के कारण नवले ब्रिज पर लंबा जाम लग गया है। इसके अलावा ट्रक में भी आग लग गई इससे ड्राइवर बाहर नहीं निकल सका। उसकी भी मौत हो गई। पीछे एक यात्री वाहन था, वह भी आग की चपेट में आ गया। उसमें 17-18 लोग सवार थे। सभी घायल हुए हैं। इसके अलावा कुछ कारें और अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपये की मदद देने का ऐलान किया है।

# 1962 के युद्ध के बाद बंद न्योमा एयरबेस फिर शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**चीन बॉर्डर के पास लद्दाख में 13000 फीट ऊंचाई पर बना, एयरफोर्स चीफ ने लैंड किया एयरक्राफ्ट**

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में चीन की सीमा के पास न्योमा एयरबेस को बुधवार को फिर से शुरू किया गया। भारतीय वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल एपी सिंह ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से सी-130जे ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट उड़ाकर न्योमा एयरबेस में लैंडिंग की। उनके साथ पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा भी थे।

न्योमा एयरबेस 13,710 फीट की ऊंचाई पर है और यह दुनिया के सबसे ऊंचे एयरबेस में से एक है। यह चीन की सीमा एलएसी से करीब 25 किलोमीटर दूर है और इसमें 2.7 किलोमीटर लंबा रनवे है। यह एयरबेस 1962 में शुरू हुआ था, लेकिन भारत-चीन युद्ध के बाद बंद कर दिया गया था। 2023 में इसे फिर से आधुनिक एयरबेस बनाने का काम शुरू हुआ और अब 12 नवम्बर को इसे दोबारा खोला गया है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मुध-न्योमा एयरबेस का उद्घाटन किया। यहां से लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और हलीकॉप्टर उड़ान भर सकते हैं। इसे करीब 218 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां से सैनिकों और हथियारों को तेजी से एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने में मदद मिलेगी। मुध-न्योमा नाम बेस के पास स्थित मुध गांव से लिया गया है। न्योमा लद्दाख में वायुसेना का चौथा बेस है। अन्य 3 एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में स्थित हैं। इनमें कारगिल एयरबेस लगभग 10,500 फीट पर स्थित है। इसके अलावा भारतीय वायुसेना स्पेशल ऑपरेशन एयरक्रॉफ्ट और हेलीकॉप्टरों के लिए उत्तरी लद्दाख में शिथिल दौलत बेग ओल्डी में मिट्टी से बने रनवे का इस्तेमाल करती है। यह 16,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा एयरफील्ड है। रक्षा मंत्रालय एलएसी से सटे सभी हवाई ठिकानों और एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स (एएलजी) का आधुनिकीकरण कर रहा है। इसी कड़ी में दौलत बेग ओल्डी एएलजी में भी आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सितम्बर 2023 में न्योमा एयरबेस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया था। इसे बॉर्डर रोड्स ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने पूरा किया।



## संक्षिप्त समाचार

### मां ने दुधमुंहे पुत्र को चुल्हे में जलाया फिर लगाई फांसी

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में एक महिला ने रात में सोते समय अपने दस माह के पुत्र को चुल्हे की आग में डालकर जला दिया और फिर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आसनडीह ग्राम पंचायत के जोबेदह गांव में पतिराज की 28 वर्षीय पत्नी राजपति बुधवार शाम अपने मायके से अपने घर ससुराल आई थी। रात्रि में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए थे। रात्रि में पत्नी राजपति भी अपने 10 माह के बेटे को लेकर एक कमरे में सोने चली गई जबकी बघ बेटा अपने मामा के साथ सोने चला गया था। सभी लोगों के सोने के बाद वह अपने छोटे बेटे को जलते चूल्हे में डालकर जला दिया और खुद घर के अंदर बड़ेर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। गुरूवार की सुबह जब परिजन सो कर उठे, तो घटना देखकर स्तब्ध रह गए। राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था, जबकि दस वर्षीय बालक का शव चूल्हे में पड़ा हुआ था। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

### कश्मीर में तापमान में गिरावट जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर में बुधवार रात का तापमान शून्य से नीचे गिर गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रातों में से एक थी। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग के अनुसार, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री कम दर्ज किया गया, जो इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान साल के इस समय के सामान्य तापमान से 3.4 डिग्री कम रहा। जम्मू में कल अधि. कतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया।

### पांच राज्यों की समीक्षा बैठक में बोली बसपा प्रमुख मायावती

# सरकार की नीतियों से श्रमिक संकट में

**लखनऊ, वार्ता**



- दिल्ली, राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में दिया मार्गदर्शन

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण श्रमिक वर्ग का जीवन संकट में है, जबकि उनके कल्याण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

सुश्री मायावती ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात राज्यों की समीक्षा बैठक में पार्टी संगठन की तैयारियों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, जनसंपर्क को अधिक व्यापक बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर पार्टी की सक्रियता को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि इन राज्यों में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई के कारण लोगों का जीवन स्तर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकारें जनहित के वास्तविक मुद्दों से हटकर राजनीति में उलझी हुई हैं, जिसके कारण आम लोगों की समस्याएं अनसुलझी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरह बाकी राज्यों की स्थिति भी चिता. जनक है और इस वजह से जनता में गहरा असंतोष है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपराध, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही के कारण जनता बेहद परेशान है। इन राज्यों में सामाजिक एवं जातिगत तनाव और घटनाओं पर उन्होंने सरकारों को कठोर कार्रवाई करने की नसीहत दी। बसपा अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि वे जन-आंदोलन को और मजबूत करें तथा बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक करने के लिए प्रभावी अभियान चलाएं। उन्होंने पार्टी के 'जनहित सर्वोपरि' सिद्धांत को लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि बसपा ही वह विकल्प है जो जनता को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर दिलाने में सक्षम है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 6 दिसम्बर को परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण (महापरिनिर्वाण) दिवस दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। यह आयोजन पार्टी के मिशनरी स्वरूप के अनुरूप होगा, जिसमें किसी प्रकार का राजनीतिक दिखावा नहीं बल्कि सामाजिक समर्पण मुख्य केंद्र में रहेगा। इस दौरान पार्टी ने सभी राज्यों के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में 'बहुजन समाज' को मजबूत करने और शोषित वर्ग को राजनी. तिक शक्ति दिलाने के प्रयासों को तेज करें।

### लालकिला के पास हमले को किस प्रकार ले रही है सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम के बाद 'ऑपरेशन सिदूर' के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार ने कहा था कि किसी भी आतंकी हमले को 'एक्ट ऑफ वॉर' माना जाएगा इसलिए देश जानना चाहता है कि लालकिला के पास हुए हमले को वह किस तरह से ले रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान इस तरह के हमलों को 'एक्ट ऑफ वॉर' मानने की बात कही थी ।अब वह इस हमले को लेकर क्या कर रही है, यह बात सरकार को देश के लोगों को बतानी चाहिए। उन्होंने कहा ष्हम यह जानना चाहते हैं कि सरकार इस हमले को किस तरह से देख रही है, क्योंकि इस हमले को बाहरी ताकतों के द्वारा समर्थन, शक्ति और प्रेरणा मिल रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में यूपी के 343 ओडीओपी स्टॉल लगेंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- 2750 प्रतिभागी लेंगे मेले में भाग

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर आधारित 44वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले 2025 का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14 से 27 नवम्बर तक किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश 44वें अतंर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी 'लोकल टू ग्लोबल' की आर्थिक रणनीति को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक व्यापर के केंद्र के तौर पर विक. सित करना, साथ ही प्रदेश के स्थानीय उत्पादों की पहुंच वैश्विक बाजार तक स्थापित करना है।

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा इस मेले को राज्य की 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना, युवा स्टार्टअप्स और बढ़ती हुई महिला उद्यमिता को प्रदर्शित करने के लिए भी की जाएगी। भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में उत्तर प्रदेश एक साझीदार राज्य के रूप में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'लोकल टू ग्लोबल' की मुहीम को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राज्य के 2,750 से अधिक प्रदर्शक भागीदारी करेंगे। साथ ही इस मेले में 343 स्टॉल ओडीओपी योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। व्यापार मेले में राज्य की ओर से लगाए जा रहे ओडीओपी स्टॉल्स में आगरा का पेठा, बनारसी हस्तशिल्प, भदोही की कार्पेट, मेरठ के खेल सामान, कानपुर के चमड़े के उत्पाद, फिरोजाबाद के ग्लासवेयर और सहारनपुर की लकड़ी की कलाकृतियों जैसे उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

# समय से उपलब्ध कराएं विसरा रिपोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



- हाईकोर्ट ने सीएस व डीजीपी को दिए निर्देश

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी और प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य को विसरा की फोरेंसिक जांच रिपोर्ट समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि विवेचना अधिकारियों को समय पर विसरा रिपोर्ट मिलनी चाहिए। विसरा रिपोर्ट के बिना चार्जशीट दाखिल करने पर कहा कि अध. ूरी विवेचना करके मौत का कारण जाने बिना चार्जशीट दाखिल करना सही नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी रामरतन निवासी फर्रुखाबाद की जमानत अर्जी खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं से विसरा रिपोर्ट जांच एजेंसियों तक पहुंचने में हो रही देरी को चिंताजनक बताया।

साथ ही मुख्य सचिव, डीजीपी और महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को स्थिति की जांच करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि विसरा रिपोर्ट समय की बर्बादी किए बिना जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि जांच के दौरान पूर्ण, उचित और प्रभावी मूल्यांकन संभव हो सके। कोर्ट ने कहा कि मृतक का विसरा फरवरी 2024 में झांसी स्थित प्रयोगशाला भेजा गया था। सितंबर 2024 में तैयार किया गया, लेकिन रिपोर्ट पहली फरवरी 2025 तक जांच अधिक. ारी को नहीं मिली। इसके बाद ही केस डायरी में संलग्न की गई, जबकि आरोप पत्र 13 सितंबर 2024 को ही दाखिल किया जा चुका था। विसरा रिपोर्ट मिलने से पहले 11 नवंबर 2024 को मामले का संज्ञान ले लिया गया था। आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया, इससे स्पष्ट होता है कि जहां तक मृत्यु के कारण का प्रश्न है, वह निर्णायक नहीं था। इस देरी से यह भी पता चलता है कि जांच किसी न किसी रूप में अधूरी थी। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे महत्वपूर्ण साक्ष्य समय रहते जांच एजेंसी के पास होना चाहिए।

# हर कश्मीरी आतंकी नहीं, कुछ लोग भंग कर रहे शांति



**जम्मू, वार्ता**

कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

अब्दुल्ला ने गुरुवार को यहां पत्राकारों से बातचीत में कहा कि यह विस्फोट बेहद निंदनीय है। किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है। घटना की जांच होनी चाहिए, लेकिन हमें यह भी याद रखना होगा कि हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं है और केवल कुछ ही लोग हैं जो शांति और भाईचारा खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के बाद जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है, बल्कि सामा. जिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की मांग की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### शाहीन सईद का अतीत टटोलने प्रयागराज पहुंची सुरक्षा एजेंसियां

**प्रयागराज।** दिल्ली बम ब्लास्ट के मामले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज में आकर संदिग्ध आतंकी शाहीन सईद से संबंधित दस्तावेज खंगाले। बम ब्लास्ट के बाद गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन सईद का प्रयागराज मेडिकल कॉलेज से भी नाता रहा है। बताया जा रहा है की वर्ष 1996 में डॉक्टर शाहीन सईद ने एमबीबीएस में प्रवेश लिया था और मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में रहते हुए 2002 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी।

### जम्मू-कश्मीर में सीआईके की 13 स्थानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर द्धसीआईकेत्र शाखा गुरुवार को दिल्ली बम विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में घाटी में लगभग 13 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) संयुक्त रूप से यह छापेमारी अभियान चला रहे हैं, ताकि बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विस्फोट की साजिश से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों और जैश-ए-मुहम्मद की संलिप्तता का पता लगाना है।

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजार: सपाट बंद हुए प्रमुख सूचकांक

## बिकवाली हावी रहने से रहा उतार-चढ़ाव, सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को कुल मिलाकर बिकवाली हावी रही, हालांकि प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में लगभग सपाट बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 12.16 अंक (0.01 प्रतिशत) की मामूली बढ़त से 84,478.67 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 3.35 अंक यानी 0.01 फीसदी चढ़कर 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। दोनों सूचकांक लगातार चौथे दिन हरे निशान में बंद हुए हैं। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली देखी गई। निफ्टी में मिडकैप और स्मॉलकैप के सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.34 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.37 प्रतिशत लुढ़क गया। बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टरों ने बाजार पर ज्यादा दबाव बनाया। वहीं धातु, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में आज तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,187 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 1,732 के शेयर टूट गए, जबकि 1,367 में तेजी रही। शेष 62 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और शेष 12 के हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत उछला। आईसीआईसीआई बैंक में 1.99 प्रतिशत और पावर ग्रिड तथा एलएंडटी दोनों में 1.16 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 3.63 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स का शेयर 2.26 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.45, ट्रेंट का 1.19, टाटा स्टील का 1.15, बीईएल का 1.10 और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.06 प्रतिशत टूट गया। इनके अलावा टीसीएस, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, टेक महिंद्रा, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.73 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.56 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.43 प्रतिशत चढ़ा।

### सोने और चांदी की कीमतों में फिर तूफानी तेजी

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने की कीमतें फिर से 1.27 लाख प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि साल के अंत तक सोना +4,300 से +4,600 प्रति औंस तक जा सकता है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में निवेशकों की मजबूत खरीदारी देखने को मिली। यह बढ़त अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और भू-राजनीतिक तनाव के कारण आई है। भारत में गुरुवार दोपहर 2.26 बजे तक एमसीएक्स पर सोना 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,27,666 पर कारोबार कर रहा था। ज्वेलरी बाजार में एक किलो चांदी की बिक्री 159,000 रूपये प्रति किलो है। इस तरह एक किलो हॉल मार्क वाले चांदी के आभूषणों बिक्री 157,000 रूपये प्रति किलो हो रही है।

### चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में नरमी, दालों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत घट गई। चावल के साथ गेहूं और खाद्य तेलों में भी नरमी रही। चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया जबकि दालों में उतार-चढ़ाव रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा दो रिंगिट चढ़कर 4,126 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का दिसम्बर वायदा भी 0.67 प्रतिशत के मजबूती के साथ 50.96 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत तीन रुपये घटकर 3,839.05 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 14 रुपये टूटकर 2,853.53 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत में छह रुपये की गिरावट रही और यह 3,303.64 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में आज नरमी देखी गई। मूंगफली तेल की औसत कीमत 19 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सरसों तेल सात रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल के दाम 45 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। पाम ऑयल 33 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति भी 61 रुपये और सूरजमुखी तेल 25 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। मूंग दाल आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वहीं चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे . दाल-दलहन: दाल चना 7890.56 रुपये, मसूर काली 8161.11 रुपये, मूंग दाल 10092.93 रुपये, उड़द दाल 10379.58 रुपये, तुअर दाल 10592.74 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.53 रुपये और चावल 3839.05 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.75 रुपये और गुड़ 5010.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17683.07 रुपये, मूंगफली तेल 17675.59 रुपये, सूरजमुखी तेल 15633.72 रुपये, सोया तेल 13703.51 रुपये, पाम ऑयल 12457.93 रुपये और वनस्पति 14421.96 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बाबरी विध्वंस....**

मुताबिक जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवात-उल-हिंद जैसे टेरर ग्रुप्स से जुड़े 4 आतंकी 2022 में तुर्की गए थे। वो यहां उकासा कोडनेम वाले हैंडलर से मिले। शुरुआती बातचीत टेलीग्राम पर हुई, लेकिन ग्रुप ने स्ट्रैटेजिकली कोऑर्डिनेशन को ज्यादा सिक्योर सिग्नल और सेशन एप्स पर शिफ्ट कर दिया, ताकि कोई भी उन्हें ट्रेस न कर पाए। सेशन एक प्राइवेट मैसेंजर एप है, जो पूरी तरह डिसेंट्रलाइज्ड है। ये एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन यूज करता है। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स मूल रूप से यूजर्स की प्राइवेसी के लिए बनाए गए थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में आतंकी ग्रुप्स, रेडिकल संगठन और अपरा. धियों की पहली पसंद बन गए हैं। इसी बीच दिल्ली ब्लास्ट की जांच कर रही एजेंसियों को एक बड़ा सुराग मिला है। एक एजेंसी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का तुर्की की राजधानी अंकारा में बैठे एक विदेशी हैंडलर से सीधा संपर्क था। जांच में पता चला है कि वह अंकारा से ही आरोपियों की एक्टिविटी, फंडिंग और कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने से जुड़ी पूरी कार्रवाई संभाल रहा था। प्लानिंग के लिए सेशन एप का इस्तेमाल किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि इस हैंडलर की पहचान कोडनेम 'उकासा' से हुई है। उकासा अरबी भाषा का शब्द है। इसका मतलब मकड़ी होता है। संभव है कि यह उसका असली नाम नहीं बल्कि पहचान छिपाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। हालांकि तुर्की ने इसे दुष्प्रचार बताया है। तुर्की ने दिल्ली धमाके के आतंकियों और तुर्की के हैंडलर से कनेक्शन की खबरों को झूठा बताया है। तुर्की सरकार ने कहा कि इस तरह की झूठी रिपोर्टों का मकसद दोनों देशों के आपसी रिश्तों को नुकसान पहुंचाना है।

**पायलट पर....**

ऐसी घटना दोबारा न हो। एक एनजीओ की तरफ से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि इतने बड़े पैमाने की दुर्घटना की जांच कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की तरह की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पायलट संघ ने भी चिंता व्यक्त की है कि इन विमानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और इनमें यात्रा करने वाले लोगों के जान को बड़ा खतरा है। उधर जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की कि इन कार्यवाहियों को एक एयरलाइन बनाम दूसरी एयरलाइन की लड़ाई नहीं बनना चाहिए और सॉलिसिटर जनरल से मृतक के पिता की ओर से दाखिल याचिका पर जवाब दायर करने को कहा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी।

# भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे भगवान बिरसा मुंडा: सीएम योगी

**लखनऊ, वार्ता**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा भारत की स्वाधीनता के पक्षधर थे। इसके लिए उन्होंने अभियान चलाया, जिस पर तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने जनजाति समुदाय को नारा दिया कि अपना देश-अपना राज। देश हमारा है, तो राज भी हमारा ही होना चाहिए, विद. ेशी हुकूमत भारत में राज न करे।

धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने 15 नवम्बर को जनजाति दिवस के रूप में आयोजित करने की प्रेरणा दी। योगी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में गुरुवार को ढोल-नगाड़ों की थाप से जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया और यहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मेजबान उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों के जनजाति कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति भी दी। सीएम योगी ने इस वर्ष की विशेषता बताते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पहली से 15 नवम्बर तक देश में जनजाति गौरव पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। सरकार द्वारा जनजाति समुदाय को समाज व राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने व सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी ने कहा कि सांस्कृतिक समागम में 22 राज्यों के कलाकारों को जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कलाकार सहभागिता की दृष्टि से अरुणाचल प्रदेश पार्टनर स्टेट है। गुजरात, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम, गोवा, केरल, पश्चिम बंगाल, असम, हिमाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड व पंजाब के कलाकार उत्तर प्रदेश में आकर जनजाति भागीदारी उत्सव में सहभागी बन रहे हैं। यहां हस्तशिल्प व कला प्रदर्शनी, व्यंजन मेला और जनजाति साहित्य को समर्पित साहित्यिक व विकास मंच भी है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय की आबादी यूपी में कम है। पहले सरकारी नौकरी के विज्ञापन निकालते थे, तो अनुसूचित जाति की पूरी सीटें नहीं भरी पाती थीं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिप्राय जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# चार साल की बालिका की संदिग्ध हालत में मौत

## शरीर पर मिले चोटों के निशान, पुलिस ने सौतेली मां को लिया हिरासत मे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चार वर्षीय बच्ची की संदिग्ध हालत में घर के भीतर ही मौत हो गई। औलाद नहीं होने पर बुनकर ने एक परिचित महिला से पैदा होते ही उसे गोद ले लिया था। पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी पत्नी पर बच्ची की परवरिश की जिम्मेदारी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, फोरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शरीर पर चोटों के निशान मिलने पर बच्ची की पीटकर हत्या किए जाने की आशंका में पुलिस बुनकर की पत्नी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

घटना शहर के मोहल्ला कुरैशी में गली नंबर दो की है। यहां स्व.शफीक अहमद का परिवार रहता है। उनका बेटा मोहम्मद इस्लाम बुनकर है जो मोहल्ले में ही एक कारखाने में कालीन बनाने का काम करता है। नौ साल पहले उसकी शादी मोहल्ले में रहने वाली सायरा के साथ हुई थी। लेकिन, काफी इलाज के बाद भी दंपति के कोई संतान नहीं हुई। लिहाजा, मायूस होकर इस्लाम और सायरा ने 10 मई 2021 को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव पंजू सराय निवासी कय्यूम व उसकी पत्नी नईमा से उनकी पैदा हुई बेटी को गोद ले लिया था। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच लिखित में एक एग्रीमेंट भी हुआ था। गोद ली हुई बेटी का नाम जारा रख दोनों उसकी परवरिश कर रहे थे लेकिन करीब पांच महीने पहले बीमारी के



चलते सायरा की अचानक मौत हो गई थी। इसके बाद मोहम्मद इस्लाम ने संभल के मोहल्ला सरायतरीन की रहने वाली तलाकशुदा शाइस्ता से दूसरा निकाह कर लिया था। पांच भाइयों और दो बहनों में चौथे नंबर का इस्लाम पत्नी शाइस्ता और बेटी जारा के साथ गली नंबर दो में किराए के मकान में रहते थे। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर के मुताबिक गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे शाइस्ता ने इस्लाम को कॉल कर बताया कि जारा की तबियत बिगड़ रही है। उसे सांस नहीं आ रहा है। ये सुनकर मोहम्मद इस्लाम तुरंत घर पहुंचा और बेहोशी की हालत में जारा को लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बैंक का चपरासी बीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एंटी क्रप्शन टीम की कार्रवाई से मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** एंटी करप्शन की टीम ने बैंक के चपरासी को रिश्वत में 20 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। एंटी करप्शन टीम की करवाई से हड़कंप मचा हुआ है। एंटी करप्शन टीम ने भ्रष्टाचार निवारण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौली निवासी किसान कमल सिंह पुत्र भूरा ने उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड से 3 लाख रुपये का लोन स्वीकृत कराया था। बैंक द्वारा किसान के खाते में मंगरोला स्थित बैंक में डेढ़ लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया गया था। बैंक कर्मियों द्वारा डेढ़ लाख रुपया देने के लिए किसान से 30 हजार रूपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। किसान कमल सिंह ने बताया कि वह पैसों की व्यवस्था कर नहीं पा रहा था। उस पर बैंक कर्मियों द्वारा दबाव डाला जा रहा था। किसान कमल सिंह ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम मुरादाबाद को दी थी। उसके बाद एंटी करप्शन टीम ने विभाग के प्रभारी नवल मारवा के नेतृत्व में संयुक्त टीम बनाकर जाल बिछाकर बैंक के चपरासी अनोज कुमार को 20 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। उसके बाद टीम आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले आयी। यूपी सरकार भले ही भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की बात करती हो लेकिन ऐसे मामले बैंक की साख पर सवाल खड़े करते है। क्योंकि यह बैंक प्रदेश सरकार के नेतृत्व में संचालित होता है। सवाल उठता है कि 20 हजार की रिश्वत चपरासी खुद तो ले नहीं सकता। आखिर चपरासी ने 20 हजार की रिश्वत किसके लिए ली। यह एक बड़ा सवाल है। आरोपी बैंक कर्मी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण आदि की धाराओं में मुक. दमा दर्ज हो गया है।

# छप्पर में लगी आग से लाखों का नुकसान

## भैंस व बकरियों की जिंदा जलकर मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गांव मुकारमपुर में गुरुवार दोपहर अचानक लगी आग से अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते घेर में पड़ा छप्पर धू-धू कर जल उठा। आग की चपेट में आने से एक भैंस और दो बकरियां जिंदा जल गईं, जबकि चारा काटने की मशीन, साइकिल समेत लाखों रुपये का सामान राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

गांव के अजब सिंह पुत्र रमेश सिंह के घर के आंगन में घेर बना हुआ था, जिसमें उन्होंने चारा काटने की मशीन, साइकिल और कुछ घरेलू सामान रखा था। गुरुवार दोपहर अचानक छप्पर में आग भड़क उठी। तेज हवा के कारण लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि कुछ ही पलों में पूरा छप्पर जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था। घटना में घेर में बंधी एक भैंस और दो बकरियां बुरी तरह झुलसकर मर गईं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि छप्पर के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। उसी पर बैठा कबूतर करंट की चपेट में आकर जल गया और उसके पंखों से गिरी चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। देर शाम तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

# विधायक का पास लगी कार ने महिला को मारी टक्कर

## गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने खेत में काम कर रही एक महिला को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है यह घटना गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अमरोहा के नौगांवा थाना क्षेत्र के गांव हादीपुर कलां में हुई।

जानकारी के अनुसार, घायल महिला की पहचान हादीपुर कलां गांव निवासी सर्वेश देवी पत्नी पप्पू सिंह के रूप में हुई है। वह अपने खेत में काम कर रही थीं तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला को गंभीर चोटें आईं। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो कार पर विधायक का पास लगा हुआ था। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जहरीले कीड़े के काटने से सांड की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** डिडौली सिवौरा रोड स्थित ग्राम डिडौली में बुधवार की शाम एक सांड रास्ते में बैठा दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इसे सामान्य समझकर ध्यान नहीं दिया। गुरुवार सुबह जब गांव की महिलाएं कूड़ा डालने के लिए वहां पहुंचीं तो सांड मृत अवस्था में दिखाई दिया। इसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान को दी। ग्राम प्रधान मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि सांड की मौत किसी जहरीले कीड़े के काटने से हुई है। बाद में ग्रामीणों ने गड्ढा खुदवाकर सांड को दफन कर दिया।

# फौजी बैंड की धुनों अखाड़ों के करतबों से गूंजा नगर

## नगर कीर्तन में गूंजे वाहे गुरु के जयकारे, गुरु पर्व पर उमड़ी आस्था की ब्यार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर का माहौल श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से निकाले गए नगर कीर्तन में सिख संगत ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूरे नगर में वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। वहीं सुरक्षा व्यवस्था केमद्देनजर थाना प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

नगर कीर्तन का शुभारंभ गुरुद्वारे से हुआ, जो महादेव चुंगी, कंचन बाजार, हरदेव बाजार, अग्रसेन बाजार, गौरव अग्रवाल तिराहा और तिकोना स्कूल होते हुए बाईपास मार्ग से वापस गुरुद्वारे पहुंचा। रास्ते भर श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत करते रहे। फूलों से सजी गाड़ी में गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया था। पंच प्यारे परंपरागत वेशभूषा में सबसे आगे चल रहे थे। पंजाब से आए फौजी बैंड की मधुर धुनों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं बाहर से आए अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। महिलाओं ने मार्ग पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया, तो बच्चे और बुजुर्ग भी पूरे श्रद्धाभाव से नगर कीर्तन में शामिल रहे। गुरुद्वारे में सजाए गए दीवान साहिब में रागी जत्थे ने शबद-कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। संगत ने मत्था टेककर गुरु नानक देव जी के उपदेशों का स्मरण किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि गुरुनानक देव जी ने पूरी दुनिया को मानवता व प्यार का संदेश दिया। उन्होंने लोगों को आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, वही आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सुरजीत सिंह, सरदार महाराज सिंह, सेवा सिंह, जसविंद्र सिंह जोनी, दुजेन्द्र सिंह कोकी, गुरमीत सिंह, कुलदीप सिंह, कीरत सिंह, सुरजीत सिंह बबल, रणजीत कौर, सिमरन कौर, रजनी, मनजीत सिंह, त्रिवेंद्र सिंह, हैप्पी, शेली, अमन कंबोज, शर्म सिंह, अंग्रेज सिंह, बक्शीश कौर, जसवीर सिंह जोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। गुरु पर्व पर नगर में भक्ति, श्रद्धा और एकता का अनुपम संगम देखने को मिला।



मंडी धनौरा। गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकालते सिख समाज के लोग।

# सिंचाई करने गये किसान को सांप ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खेत की सिंचाई करने गये किसान को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। कोतवाली क्षेत्र एक किसान को सांप काटने की घटना सामने आई है। गुरुवार को गांव दीपपुर निवासी सीताराम पुत्र घास. ीराम अपने खेत की सिंचाई करने के लिए गये थे। इसी दौरान, उन्हें सांप ने डस लिया। जिससे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल सीताराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए, उन्हें आगे के बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# नौ वारंटी व आठ वांछितों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर जिला पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाकर 09 वारंटी व 08 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। एसपी के मुता. बिक अमरोहा नगर पुलिस ने 06 वारंटी व 01 वांछित, डिडौली पुलिस ने 01 वारंटी, बछरायूं पुलिस ने 02 वारंटी, नौगावां सादात पुलिस ने 03 व रजबपुर पुलिस व रहरा पुलिस ने 02-02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। एसपी ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा।




अमरोहा। कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक लेते समिति के सभापति डा. रतनपाल सिंह।

## विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की समीक्षा बैठक

# योजनाओं से वंचित न रहें पात्र लाभार्थी: रतनपाल

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति डॉ.रतनपाल सिंह ने कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गुरूवार को आयोजित बैठक में भुगतान की स्थिति के बारे में विभागवार जानकारी प्राप्त की गई। सभापति ने कहा कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कराएं, सेवानिवृत्ति एवं मृतक कार्मिकों के देयकों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी के देयकों का भुगतान समय से किया जाए। मृतक आश्रितों के सेवायोजन सम्बन्धी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। बैठक में रिटायर पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों समिति ने बजट आवंटन

■ **कई एमएलसी सहित मौजूद रहे डीएम, एसपी**

के संबंध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि प्राप्त बजट को समय से खर्च किया जाए। सभापति ने कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने के लिए जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का लाभ उठाएं और उनके बहुमूल्य सुझाव लेकर विकास कार्यों को गति प्रदान की जाए। सुनिश्चित करें कि उद्घाटन एवं शिलान्यास के समय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। विशेषकर दिव्यांगजन, वृद्ध एवं विधवा पेंशन से कोई पात्र लाभार्थी वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में सदस्य विधान परिषद डॉ0 जयपाल सिंह व्यस्त, विजय बहादुर पाठक, गोपाल अंजान डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं एसपी अमित कुमार आनंद समेत सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, गोरखनाथ भट्ट, एडीएम गरिमा सिंह, सीएमओ डॉ.सत्यपाल सिंह, सर्वेश चंद्र गुप्ता, उपसचिव सतीश यादव, अभय सिंह समेत अमरोहा व संभल के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# हसनपुर में दो पटाखा फैक्ट्रियों का निरीक्षण

## दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के मद्देनजर प्रशासन ने पटाखे बनाने वाली फैक्ट्रियों में अमोनियम नाइट्रेट के संभावित अवैध उपयोग की जांच तेज कर दी है।

पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत, फायर सर्विस ऑफिसर कमलेश कुमार, और नायब तहस. ीलदार हसनपुर की टीम ने हसनपुर क्षेत्र स्थित रावत फायर वर्क्स और रहरा इलाके में आस्कर फायर वर्क्स का निरीक्षण किया।गहन जाँच में यह सामने आया कि दोनों फैक्ट्रियों में पटाखे बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट की जगह गंधक और कोयला का उपयोग किया जाता है। निरीक्षण के समय दोनों ही फैक्ट्रियों में उत्पादन कार्य पूरी तरह से बंद पाया गया। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार का कोई भी स्टॉक या ज्वलनशील सामग्री बरामद नहीं हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि यह निरीक्षण सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी संभावित अवैध गतिविधि को रोकने के लिए एक एहतियाती कदम था। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# नारी शक्ति ही नवभारत की सबसे बड़ी ताकत: जैन

## हाशमी डिग्री कालेज में मिशन शक्ति के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स पी.जी. कॉलेजमें मिशन शक्ति के अंतर्गत कला विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि चेयरमैन श्रीमति शशि जैन ने कहा कि नारी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। शिक्षा, विज्ञान, कला, राजनीतिख़हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी पहचान बना रही हैं। मिशन शक्ति जैसी पहल महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का माध्यम बन रही है। मैं सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करती हूँ कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए निडर होकर आगे बढ़ें। प्रतियोगिता में छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, और मिशन शक्ति जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी सृजनशीलता का परिचय दिया। छात्राओं ने रंगों और प्रतीकों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका और उनकी शक्ति को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अधिशासी अधिकारी डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज अधूरा है। जब हम बेटियों को शिक्षित करते हैं, तो पूरा परिवार, पूरा समाज आगे बढ़ता है। इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल रचनात्मकता को बढ़ाती हैं बल्कि सामाजिक संदेश देने का भी सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक डा. सिराज उद्दीन हाशमी, प्राचार्या डा. रिजवाना कुसलुम, सभासद फहीम शाहनवाज, डीपीएम नदीम अख्तर व कालेज का स्टाफ मौजूद रहा। संचालन डॉ. पंकज रानी ने किया

# बाल दिवस पर खिले नन्हें चेहरों की मुस्कान



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** बाल दिवस के मौके पर समाजस. ेवी संस्था हेल्पिंग हैंड्स धनौरा की ओर से नगर के कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने कविताओं और नृत्य प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। संस्था की अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल और सचिव सिम्मी अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों को बिस्कुट, टॉफी, पेंसिल, कॉपी और स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। कविताएँ और डांस प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों को संस्था की ओर से पुरस्कार एवं उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। गिफ्ट पाकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कविताएँ, समूह नृत्य और बाल गीत प्रस्तुत किए। पूरे विद्यालय में उल्लास का माहौल रहा।

# दौड़ में सुनील व दीपिका ने पाया प्रथम स्थान

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। न्याय पंचायत स्तरीय दढ़ियाल की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संविलियन विद्यालय दढियाल खादर के मैदान पर किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर खण्ड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह एवं जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में सुनील प्राथमिक विद्यालय मरौरा प्रथम, 100 मीटर दौड़ में सुनील प्रथम, जबकि 200 मीटर दौड़ में प्रदीप प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम स्थान पर रहा। बालिका वर्ग प्राथमिक स्तर 50 मीटर दौड़ में दीपिका शर्मा प्राथमिक विद्यालय दढ़ियाल-2 प्रथम, जबकि 100 मीटर दौड़ में फिजा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में मोनिका प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम स्थान पर रही। उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में मुनेश उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौरा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में अर्जुन संविलियन विद्यालय दढियाल खादर प्रथम, 400 मीटर दौड़ में अर्जुन संविलियन विद्यालय दढियाल खादर प्रथम स्थान पर रहा। लम्बी कूद में उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवम संविलियन विद्यालय काई ऐतमाली प्रथम स्थान पर रहा।जबकि बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में निशा उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम,दीपांशी संविलियन विद्यालय मरौरा द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में निशा उच्च प्राथमिक विद्यालय भावली प्रथम स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में फिजा संविलियन विद्यालय दढियाल खादर प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर खेल प्रभारी हरिओम सिंह, वरिष्ठ संकुल शिक्षक प्रमोद कुमार,संजय सिंह,संकुल शिक्षक वसीम हैदर जैदी,प्रशांत सिंह,एआरपी महीपाल सिंह,प्रधानाध्यापक मनवीर त्यागी, सत्यपाल सिंह,डा.राजेन्द्र सिंह,अनुज कुमार,मनदीप सिंह,विजय धामा, बबलू शर्मा, रोहित कसाना,गौरव कुमार, रोशन लालआदि मौजूद थे।

# शिविरि में सैकड़ों लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



## नगर पालिका में लगा स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका एवं बी.एल.के. मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में टाउन हॉल में भव्य निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चेयरमैन श्रीमती शशि जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में बी.एल.के. मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली से आए प्रसिद्ध चिकित्सकों की टीम ने बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों और पालिका कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। चिकित्सकों द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट और अन्य सामान्य रोगों की जांच की गई। कार्यक्रम में पालिका उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार, समस्त पालिका सभासद एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिविर में कुल 600 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श प्राप्त किया। उपस्थित लोगों ने नगर पालि. का प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन द्वारा इस सराहनीय पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# साहित्य सेवा रत्न से सम्मानित होंगी रेखा रानी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। विश्व सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा गजरौला स्थित संविलियन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा रानी को आज शुक्रवार को दिल्ली में स्थित होटल

**■ आज दिल्ली के होटल रेडिसन में होगा कार्यक्रम**

रेडिसन ब्लू में आयोजित कार्यक्रम में 'साहित्य सेवा रत्न सम्मान' से विभूषित किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अभिनेता, अभिनेत्री, साहित्यकार आदि सम्मिलित होंगे। यह उपलब्धि रेखा रानी को बीस वर्षों के साहित्यिक योगदान के साथ साथ उनके द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार में



समर्पण के लिए प्राप्त होने जा रही है। इससे पूर्व 05 सितंबर 2024 को रेखा रानी को राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। रेखा रानी को मिलने जा रही इस उपलब्धि की सूचना पर स्वजनों व सहकर्मियों में उल्लास का वातावरण है। बता दें कि रेखा रानी ने साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए खूब ख्याति प्राप्त की है।

# ग्राम समाज की भूमि कब्जामुक्त हो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बी आर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने उप-जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें ग्राम समाज की हजारों बीघा जमीन को भू-माफियाओं से मुक्त कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पिपलौती कला में लगभग 3,000 बीघा और तटबंध के किनारे कई हजार बीघा जमीन ग्राम समाज की है। आरोप है कि स्थानीय प्रधान और उच्च अधिकारियों ने भू-माफियाओं से साँठ-गाँठ करके यह जमीन 3,000 प्रति बीघा के ठेके पर जुतवा दी है। इससे राजस्व विभाग और सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है। भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी ने उक्त भूमि को अवैध कब्जा धारकों से तुरंत मुक्त कराया जाये। और इसे गरीब, असहाय, तथा कमजोर वर्ग के भूमिहीन व्यक्तियों को आवंटित किया जाये। भारतीय किसान यूनियन बी आर

## भाकियू बीआर अम्बेडकर ने सौंपा ज्ञापन



अंबेडकर ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भूमि को कब्जा मुक्त कराकर गरीबों को आवंटित नहीं किया गया। तो वह 26 नवंबर को रहरा से हसनपुर के अंबेडकर चौक तक ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटर साइकिल के साथ एक विशाल रैली निकालकर भू-माफियाओं के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर राजमल देवी, कुलदीप भारती, रोहित, धर्मेंद्र, विजय, सोनू गुर्जर, अशोक पहलवान, रूम सिंह खड़कवंशी, इस्लाम अल्वी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पोस्टर बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत गुरुवार को नगर के ब्राइटवे पब्लिक स्कूल एवं कन्या जूनियर स्कूल में स्वच्छता में योगदान विषय पर विशेष पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिकाओं ने रंगों और कल्पनाओं के माध्यम से स्वच्छता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में स्वच्छता, सशक्तिकरण और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। बालिकाओं ने पोस्टर बनाकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता सिर्फ आदत नहीं, जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 सितंबर 2025 को मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारंभ महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या, नगरपालिका लिपिक कु. आरती शर्मा, कृष्ण कुमार, महेन्द्र कुमार सहित नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

## तैयब बने सपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य

**अमरोहा**। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर मौलाना तैयब अली को सपा का प्रदेश राज्य कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा मनोयन पत्र जारी किया गया है। बताते चलें कि मौलाना कई वर्षो से सपा से जुड़े हैं तथा पार्टी की विचारधारा के प्रचार प्रसार में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

## न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। चुचैला कलां न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक व जूनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिता गुरुवार को संविलयन विद्यालय देहरा कादर बख्श में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 35 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष नीतू सिंह व योगेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। विभिन्न दौड़, लंबी कूद व सुलेख प्रतियोगिताओं में अंश, आयशा, रवि, दीपा, अंकुश, खुशी, अक्षय, तेजस्वी आदि छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिलाध्यक्ष नीतू सिंह ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में शिक्षक व अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# छह बसें सीज, ढाई लाख का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान में परमिट नियमों का उल्लंघन करने पर छह

**■ परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान**

बसों को सीज किया गया तो वहीं चार बसों का चालान किया गया। विभाग ने लगभग ढ़ाई लाख रूपये का जुर्माना लगाया। गुरूवार को परिवहन विभाग अमरोहा वाणिज्य कर विभाग, यातायात पुलिस और रोडवेज विभाग के द्वारा पुलिस की मौजूदगी में संयुक्त रूप से ब्रजघाट से लेकर जोया टोल और जोया टोल से मुरादाबाद बॉर्डर तक अभियान चलाया गया। अइस दौरान परमिट नियमों का उल्लंघन करने पर छह बसों को सीज किया गया तो वहीं चार का चालान किया गया। लगभग ढ़ाई लाख रूपये का जुर्माना लगाया



गया। इसी के साथ साथ सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने वाले 45 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इस अभियान में परिवहन विभाग की ओर से एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा, पीटीओ सुधीर सिंह, वाणिज्य कर विभाग से इन्द्रपाल सिंह, सुनील शर्मा, यातायात पुलिस से टीआई अनुज कुमार मलिक, टीएसआई दिनेश कुमार और रोडवेज विभाग से एआरएम केसी गौड़ एवं स्टेशन इंचार्ज साजिद खान सम्मिलित रहे। टीम के साथ पुलिस भी रही।

# आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं महिलाएं: राजेन्द्री

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति के पंचम चरण के अर्न्तगत महिला शक्ति की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु महिलाओं के स्वच्छता में योगदान

**■ पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं को किया सम्मानित**

विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय गजरौला में किया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा देवी ने कहा कि



आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, हाल ही में भारत की महिला क्रिकेट टीम ने विश्वकप जीतकर देश और महिला शक्ति का नाम रोशन किया है। पालिका के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने कहा कि आज कोई भी ऐसा कार्यक्षेत्र नहीं है, जहां पर महिलाएं अपनी प्रतिभा का लोहा नहीं मनवा रहीं हों। प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, प्रमोद कुमार, लेखाकार आदेश कुमार, लिपिक वंदना अग्रवाल, प्रधानाध्यापिका रेखा रानी, रितिका सिंघल, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से तबरेज व शाहबाज, दीपू कुमार, पीयूष चौधरी, दीपक, विभोर जिंदल, राखी, नीतू, पूनम मौजूद रहे।

# स्कूल में बच्चों ने खेलों में दिखाया दमखम

## गोल्डन पेटल्स स्कूल में हुई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गोल्डन पेटल्स स्कूल के वार्षिक खेल प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों को ट्रॉफी देकर हौसला अफजाई की गई।

गुरुवार को विद्यालय स्कूल के महाप्रबंधक हाजी शहजाद खान फाउंडर खुर्रम आजाद खान निदेशक दानिश खान ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में स्प्रिंट रेस, बाधा दौड़, रस्सा कशी, कबड्डी और रिले रेस जैसे खेलों को आयोजित किया गया। अभिभावकों ने भी सैक रेस, लेमन स्पून, ड्रेस व रस्साकशी में उत्साह पूर्वक भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पदक एवं ट्रॉफी प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्य अफजल सिद्दीकी ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ बनाते है। बल्कि जीवन में अनुशासन नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास भी करते है। इस अवसर पर श्रीमती नूरी, कैफिया शाहाब, एसबीएम की प्रिंसिपल श्रीमती मल्लिका निजामी आदि मौजूद थी।

# विद्युत विभाग के उत्पीड़न से किसान त्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाकियू संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार को एक ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई।

संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा चेकिंग के नाम पर उपभोक्ता का उत्पीड़न किया जा रहा है। किसानों से कनेक्शन करने के नाम पर रिश्वतखोरी की जा रही है, जिन लोगों के डिजिटल मीटर लग चुके हैं, उनके अनाप-शनाप बिल निकालकर वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं शेड्यूल के हिसाब से बिजली की कटौती भी अधिक की जा रही है। बिजली का निजीकरण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। बिना उपभोक्ता की मंजूरी के

**■ भाकियू संयुक्त मोर्चा ने एक्सईन को सौंपा ज्ञापन**

स्मार्ट मीटर नहीं लगवाया जाए। विद्युत कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न भी खूब हो रहा है जिससे किसान त्रस्त हो चुका है। किसानों ने एक्सईन नीरज कुमार को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। इस अवसर पर मौजूद रहे राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, नितिन चौधरी, अंकुर चौधरी, संदीप पाटिल, नितिन उपाध्याय, राजीव फौजी आदि मौजूद रहे।

# बड़े विद्युत बकायेदारों के कनेक्शन काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विद्युत वितरण खण्ड के अंतर्गत 33/11केवी विद्युत उपकेंद्र जलालपुर के महेशरा गांव में 50 बकायेदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटे गए तो वहीं दस किलोवाट के तीन उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत चोरी करते पाई गई, जिनके विरूद्ध विद्युत चोरी निरोधक थाना अमरोहा में तहरीर दी गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई के लिए पहुंचे विद्युत उपखण्ड जलालपुर कलां के अवर अभियंता मनोज



कुमार ने बताया कि, 50 बकायेदारों पर करीब दस लाख रूपये बकाया था। कार्रवाई के दौरान एसडीओ चंद्रेश विश्वकर्मा, अवर अभियंता नीरज कुमार (दल) और प्रवर्तनदल के उपनिरीक्षक सुशील तोमर, दिनेश यादव मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी वर्ष 2006-2007 हाईस्कूल की अंकतालिका अनुक्रमांक- 0429997 दिनांक 1 नवम्बर 2025 को मौहल्ला शफातपोता से दानिशमंदान के रास्ते में कहीं गुम हो गयी है।

कु. फात्मा मेहन्दी पुत्री जमाल मेहन्दी निवासी मोहल्ला दानिशमंदान अमरोहा

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम भूलवश KIVLETEN S/o SAID AHMED दर्ज हो गया था। जबकि मेरे पति का सही नाम ANJUM W/o KIBLATEN ALI मौहल्ला पधाना. वाला नगर पंचायत जोया थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम भूलवश KIVLETEN S/o SAID AHMED दर्ज हो गया था। जबकि मेरा सही नाम KIBLATEN ALI S/o SAEED AHMAD मौहल्ला पधानोवाला नगर पंचायत जोया थाना डिडौली जनपद अमरोहा।

# मैनेजर की हत्या में मुजफ्फरनगर के दो बदमाशों को उम्रकैद

## कोर्ट ने बीस जार रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया, 2008 में लूट के विरोध पर हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। 2008 में दुस्साहसिक तरीके से प्रोडक्शन मैनेजर की हत्या में कोर्ट ने अहम् फैसला सुनाया गया है। न्यायालय ने फैक्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर की गोली मारकर हत्या करने व विरोध पर उनकी पत्नी व बेटे पर को लहूलुहान करने के मामले में जनपद मुजफ्फरनगर के दो सगे भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि उन पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

यह दुस्साहिक वारदात गजरौला की एमडीए कॉलोनी से जुड़ा था। यहां जुबिलेंट फैक्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर रामवीर सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। सन् 2008 में 11 सितंबर की रात तीन बजे रामवीर सिंह अपने कॉलोनी स्थित आवास में सो रहे थे जबकि उनकी पत्नी, दो बेटे और बेटी कमरे में सो रहे थे। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाश घर में घुस आये। तथा यहां लूटपाट शुरू कर दी थी। विरोध करने कर बदमाशों ने रामवीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली उनके चेहरे को चीरते हुए आर-पार निकल गई थी। गोली की आवाज सुनकर उनका बेटा नरेंद्र ड्राइंग रूम में पहुंचा तो रामवीर वहां बेड के नीचे खून से लथपथ पड़े थे। परिवार में जाग होने पर बाहर खड़े अन्य बदमाश फायर करते हुए दरवाजा तोड़ घर में घुस आए थे। घर में घुसते ही बदमाशों ने नरेंद्र सिंह और उनकी मां पर भी गोली चला दी थी। हमले में मां-बेटे भी घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने नरेंद्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ डकैती के दौरान हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। छानबीन और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी अंजुम को गिरफ्तार किया था। अंजुम ने पूछताछ के दौरान साथियों के साथ वारदात को अंजाम देने कुबूल कर लिया था। साथी बदमाशों के नाम भी उगल दिए थे। पुलिस ने अंजुम को जेल भेज दिया था। बाद में पुलिस ने मुजफ्फरनगर जिले के ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा के रहने वाले दो सगे भाई नजाकत व शहजाद और झिंझाना थानाक्षेत्र के मुशर्रफ उर्फ गुलजार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल, नजाकत और उसके भाई शहजाद की पत्रावली की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में चल रही थी। एडीजीसी अमित कुमार वशिष्ठ के मुता. बिक बुधवार को अंतिम सुनवाई के दौरान अदालत ने नजाकत और शहजाद की पत्रावली पर आखिरी सुनवाई की। साक्ष्यों के आधार पर दोनों को दोषी करार दिया। दोनों भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वारदात ने तब लोगों को हिला कर रख दिया था। गजरौला पुलिस को भी लोगों के गुस्से का भी सामना करना पड़ा था। बताया जाता है कि डकैती के दौरान एक बदमाश मां-बेटे के ऊपर तमंचा ताने खड़ा रहा था और बाकी बदमाश लूटपाट करते रहे थे। शोर मचाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। बदमाश अलमारी में रखे 50 हजार रुपये और लाखों रुपये की कीमत के सोने-चांदी के गहने लूट ले गए थे। इतना ही नहीं बदमाश चार मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए थे ताकि उनके जाते समय परिवार के लोग किसी को सूचना न दे सकें। मामले में तत्कालीन अपर सत्र न्यायाधीश ने साल 2015 में अंजुम को दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस बीच पुलिस अभिरक्षा से फरार हुआ बदमाश मुशर्रफ का आज तक पता नहीं चल सका है। पुलिस अभिरक्षा से भागे बदमाश मुशर्रफ उर्फ गुलजार की पत्रावली अलग चल रही है। दोनों भाई कुख्यात अपराधी थे। मामले में मुजफ्फरनगर के भोपा थानाक्षेत्र के नया गांव निवासी बदमाश अंजुम दस साल से उम्रकैद की सजा काट रहा है जबकि डकैती में शामिल दो बदमाशों को रुड़की पुलिस मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, भतीजा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हरिद्वार नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा स्वस्तिक गार्डन के पास हुआ, जब एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## परिजनों में मचा कोहराम

प्राप्त समाचार के अनुसार स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगाधरपुर निवासी सोनम (35 वर्ष) पत्नी कोमल सिंह अपने भतीजे प्रदीप कुमार (27 वर्ष) पुत्र करण सिंह के साथ बाइक से नगीना क्षेत्र के ग्राम समसपुर सद्दो में रिश्तेदारी के कार्यक्रम से लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक धामपुर क्षेत्र में स्वस्तिक गार्डन के पास पहुंची, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोनम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे से आ रहे परिजनों ने तुरंत दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी धामपुर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सोनम को मृत घोषित कर दिया और प्रदीप को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

सूचना मिलने पर धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी।

# वर्षा मापी टांवर हटाने की मांग

**नगीना।** एम एम इंटर कालेज के हॉकी खेल मैदान में मौसम विभाग द्वारा लगाए गए वर्षा मापी टांवर को खेल मैदान से हटाकर बराबर में पड़े खाली प्लाट में शिफ्ट कराने के लिए शाईनिंग हॉकी क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी ने अपर जिलाधिकारी बिजनौर के कार्यालय पहुंच कर उन्हें एक पत्र सौंपा। नगर में हॉकी खेलने व स्कूली छात्र-छात्राओं को स्पोर्टस के अभ्यास करने के लिए एक मात्र खेल का मैदान एमएम इंटर कॉलेज में ही है। जिसके पिछले कई वर्षों से खराब पड़े होने से हॉकी का व स्पोर्टस के खेल बंद होने के कारण हॉकी खिलाड़ी व स्पोर्टस के खेलों की तैयारी करने वाले छात्र छात्राएं खेलों से वंचित होकर रह गए हैं।

# दो पक्षों में जमकर मारपीट महिला गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव पावटी में गुरुवार दोपहर दो समुदायों के बीच मामूली कहासुनी ने अचानक विवाद का रूप ले लिया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव हुआ। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बल प्रयोग कर स्थिति पर काबू पाया और आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम निवासी मुन्ने सिंह की पत्नी गौरी और मैराज पुत्र इरफान के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट और पथराव में बदल गया। अचानक हुए पथराव से गांव में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। इसी दौरान प्राथमिक विद्यालय में रसोई कार्य कर घर लौट रही कृष्णा देवी पत्नी पुरन सिंह को एक पत्थर

## पुलिस ने बल प्रयोग कर पाया स्थिति पर काबू

सिर में लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी गौतम राय व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह स्थिति शांत कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घायल महिला की तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### करंट से गाय व बछिया की मौत



**बढ़ापुर।** ग्राम किशनपुर कुंडा में विद्युत पोल में लगे तार में उतरे करंट की चपेट में आकार एक गाय व एक बछिया की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण हरपाल सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह के घर के पास ही विद्युत पोल खड़ा हुआ है। विद्युत लाइन में अर्थ के लिए पोल के पास ही जमीन में तार लगा हुआ है। रोज की तरह गुरुवार को भी उन्होंने अपनी गाय व बछिया को पोल के पास ही बांध रखा था। अचानक तार में करंट दौड़ गया और वहां पर बंधी गाय व बछिया की करंट की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि उस समय वहां पर परिवार का कोई सदस्य नही था। वरना गंभीर हादसा भी हो सकता था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के लिए पशुचिकित्सक को सूचित किया है।

### अपर रेल मंडल प्रबंधक से मांगी रिपोर्ट




**नजीबाबाद।** चंदोक रेलवे स्टेशन पर मौजूद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी पर अंडरपास के लिए मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से रिपोर्ट मांगी गई है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में रेल मंत्रालय को भेजी एक शिकायत में अवगत कराया था कि चंदोक रेलवे स्टेशन पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 495 बी जोकि सहायक मंडल अभियंता रुड़की के अधीन आता हैं । उक्त मार्ग पर एक व्यस्ततम मार्ग है तथा आए दिन यहां पर जाम लगता रहता है। गन्ने का सीजन शुरू हो चुका है और गन्ने के ट्रक भी बड़ी संख्या में जा रहे हैं इसके अलावा उक्त रेलवे क्रॉसिंग पर 24 घंटे में लगभग 120 ट्रेन अप और डाउन गुजरती हैं। अत सुरक्षित आवागमन के लिए यहां पर अंडरपास का निर्माण बेहद जरूरी है। इसी परिपेक्ष में संबंधित रेल मंत्रालय ने अपर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद में मौजूद अपर मंडल रेल प्रबंधक परितोष गौतम से आख्या रिपोर्ट मांगी है।

### बाइक सवार तीन घायल



**नहटौर।** क्षेत्र के गांव नंहेड़ा निवासी रिंकू, सतीश, महेंद्र एक ही बाइक से मजदूरी करके नहटौर से घर वापस लौट रहे थे। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर गांव खंडसाल के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया।। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आशीष आर्य ने बताया कि रिंकू की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रैफर किया गया है। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### आम के पेड़ों पर चल आरा



**कालागढ़।** ग्राम पंचायत इस्लामनगर में विभाग की लापरवाही एवं बिजली विभाग की मिलीभगत से मोटे-मोटे आम के पेड़ों पर चले आरे कालोनी मेट द्वारा दी गई अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार को जानकारी दी गई। सिंचाई विभाग अधिकारी से बृजेश कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर अधिकारियों को भेज कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर करवाई की। वहीं अवर अभियंता ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रही है। वहीं बिजली विभाग में तैनात कर्मचारी इन पेड़ों को कटवाने के खम्बों के केबिलों को हटाने के लिए मोटी रकम लेकर केबिलों को हटाते है और जब इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता धामपुर से केबिल हटाने की जानकारी ली, तो उन्होंने किसी आदेश से इनकार किया और कार्यवाही का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को आम के पेड़ों पर आरा चलने वालों से साठ गांठ शुल्क वसूल कर अनुबंधित कर्मचारियों ने सुबह से ही खम्बों के केबिल हटाकर बिजली गुलकर दी। पेड़ों पर आरा चलाने वालों ने दिनभर पेड़ों पर आरा चलाया। यह पहला मामला नहीं है। जब इस तरहा के पेड़ों पर आरा चलाया गया।

# नूरपुर में प्रेमी युगल को रंगरेलियां मनाते पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर में मुरादाबाद मार्ग पर गन्ने के खेत में प्रेमी युगल को रंगरेलियां मनाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। उनकी पिटाई भी की गई। मगर बुजुर्गों ने दखल देकर उन्हें वहां से भेज दिया।

प्राप्त समाचार के नूरपुर में मुरादाबाद मार्ग पर आज दोपहर प्रेमी युगल के सिर पर अय्याशी का भूत सवार हो गया। उन्होंने एक सूनसान जगह पर चक रोड पर बाइक खड़ी कर दी और अन्दर गन्ने के खेत में चले गए। वहां पर वह रंगरेलियां मनाने लगे। उन्हें खेत में जाते हुए एक बाइक सवार ने देख लिया था। उसे कुछ शक हुआ, तो वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को रोक कर वह गन्ने के खेत के किनारे ले गया।

## गन्ने के खेतों को बनाया अड्डा

उन्होंने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। प्रेमी युगल घबराते हुए बाहर निकल आए। बाहर खड़े लोगों ने उनसे नाम व पता पूछा और न बताने पर पिटाई शुरू कर दी। मगर वहां मौजूद बुजुर्गों ने उन्हें फटकार लगाते हुए वहां से भगा दिया। बुजुर्गों ने भीड़ को भी तितर-बितर कर दिया। आजकल गन्ने के खेतों को अय्याशों ने अपना अड्डा बना लिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ना छीलने के बहाने गन्ने के खेतों में अय्याशी हो रही है। गन्ने की कटाई के दौरान कंडोम भी मिल रहे है।

# पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष में शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद: चंद्रहास

## सिंचाई विभाग के सभी संगठनों के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 25 नवंबर दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर होने वाली महारैली की सफलता के लिए इरिगेशन मिनिस्ट्रियल संगठन सिंचाई एवं भंडार कर्मचारी संघ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ (सिंचाई) की संयुक्त बैठक डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह के संचालन में हुई।



बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 25 नवंबर की महारैली पुरानी पेंशन बहाली कि संघर्ष में मिल का पत्थर साबित होगी और संघर्ष को सफलता के आयाम पर पहुंचाएगी। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा एवं जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा ये श्रेय और अस्तित्व का नहीं भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है। इरिगेशन मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भंडार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर एवं सिंचाई संघ के जिलाध्यक्ष शूरवीर सिंह ने कहा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा जिला मंत्री ब्रह्मपाल सिंह आगामी 25 नवंबर को दिल्ली हमारे संगठन के अध्यक्ष से अधिक साथी प्रतिभाग करेंगे। क्योंकि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। बैठक में अटेवा आईटी सेल जिला प्रभारी आकाश दीप, दीपक कुमार, वीरपाल सिंह, पवन कुमार, अवधेश कुमार, विनय कुमार, हेमेंद्र कुमार, संजय कुमार, मुनेंद्र सिंह, राहुल कुमार, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, जागेश, नितिन कुमार आदि ने महारैली की सफलता का आह्वान किया।

# चुनावी वादे- दावे शुरू, प्रत्याशी एक का एक गुरु

**परीक्षित गुप्ता**

**बिजनौर।** जिले भर में ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए प्रत्याशियों की बैठक और दांव पेंच शुरू हो गए हैं। जगह-जगह दीवारों पर इन संभावित प्रत्याशियों के पोस्टर भी चस्पा हो चुके हैं। जिनमें बड़े-बड़े वादे, बड़े-बड़े दावे छपवा दिए गए हैं।

विशेष बात यह है कि इन दावेदारों में कुछ तो पूर्व ऐसे प्रत्याशी भी हैं जो जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान बनने के बाद क्षेत्र की समस्याओं से किनारा कर घर बैठ गए थे । वह ऐसे शांत होकर बैठे जैसे वह इस क्षेत्र के न होकर दूसरे ग्रह से आए हो। वहीं कुछ ऐसे दावेदार भी हैं, जिनका पेशा दलाली का रहा है और आज भी है। हालांकि कुछ नए प्रत्याशियों और पूर्व दावेदारो ने भी चुनाव लड़ने का मन बनाया है, जो लगातार बैठक भी कर रहे हैं। क्षेत्र में उनका लोगों से मिलना मिलाना भी हो रहा है और वह क्षेत्र में एक्टिव भी नजर आ रहे हैं।

हालांकि पूर्व ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों को देखकर जनता का यही कहना है कि इस बार सामाजिक और जिम्मेदार व्यक्ति को ही विकास के नाम पर वोट दिया जाएगा । क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लंबे-लंबे वादे और डींगें हांकने वाले प्रत्याशी से भी लोग सावधान रहें, ऐसे प्रत्याशी को वोट देकर अपना वोट खराब न करें।

## हजार का खर्चा लाख कमाई

बिजनौर। क्षेत्र में चर्चा है कि अभी तो कुछ ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिन्होंने क्षेत्र में दस-बीस हजार के पोस्टर लगवा दिए होंगे और नामांकन के समय पर वह किसी प्रत्याशी से लाख- दो लाख रुपये लेकर घर बैठ जाएंगे और नामांकन ही नहीं करेंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कुछ लोगों ने यह व्यापार बनाया हुआ है। क्योंकि उन्हें पता है कि समाज से उन्हें 50-100 वोट भी नहीं मिलेंगे। वहीं मजबूती के साथ चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी अपना एक भी वोट खराब नहीं करना चाहता । इसीलिए वह लाख, दो लाख देने से पीछे नहीं हटता है ।

## शराब, कबाब और शबाब

**बिजनौर।** क्षेत्र का विकास ना होना क्षेत्रीय जनता की अपनी बेवकूफी है। अपने-अपने समाज के लालची ठेकेदार बने बैठे कुछ नमूनों के चलते ही क्षेत्र का विकास नहीं हो पाता और अंधेर नगरी का कोई अनबुझ राजा बन जाता है। हालांकि कुछ लालची तो केवल शराब, कबाब, और शबाब के लालच में ही अपने पूरे समाज को उस ओर धकेल देता है, जिस ओर समाज और क्षेत्र का पतन निश्चित है।

# पुलिस चौकी का उद्घाटन किया

**कोतवाली देहात।** नहटौर विधायक ओमकुमार के अथक प्रयास से उनके पैतृक गांव महेश्वरी जट में नई पुलिस चौकी खोली गई हैं। जिसका मंत्र उच्चारण के पश्चात भाजपा विधायक ओम कुमार एवं सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने संयुक्त रुप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गांव में पुलिस चौकी खोलकर सरकार ने क्षेत्र के शांति प्रिय जनता को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य किया है । उन्होंने नव सर्जित पुलिस चौकी पर तैनात दीपक कुमार से हर संभव जनता को न्याय दिलाने में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। सीओ अंजनी कुमार ने बताया कि चौकी क्षेत्र में लगभग 22 गांव को शामिल किया गया हैं। खटीमा-पानीपत हाइवे पर खोली गई चौकी सुरक्षा व हाइवे की दृष्टि से आवश्यक थी। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने सभी आगंत.कों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेश्वरी मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, रवि प्रजापति, भूरे सिंह, शिव कुमार कश्यप, कुलदीप त्यागी, दिनेश त्यागी, टीकम सिंह, विनीत चौधरी, रोबिन चौधरी, अनिल चौधरी, ऋषि त्यागी, महिपाल ग्राम प्रधान, सुरेश भगत, जितेंद्र कश्यप, डॉ. जितेंद्र, दीपक चौधरी आदि समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरकार की बाल श्रम रोकने की योजनाएं हवाई साबित

## लाखों मासूम बच्चे गरीबी के कारण मजदूरी करने पर मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्म दिन स्कूलों व कॉलेजों में 11 नवम्बर को बाल दिवस के रुप में भले ही बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। लेकिन आज भी लाखों मासूम बच्चे गरीबी के कारण होटलों, कारखानों व मजदूरी करने पर मजबूर है। लेकिन बाल श्रम रोकने के लिए सरकार चाहे कितनी भी योजना बनाये या दावे करे, परन्तु यह योजनाएं हवाई साबित होती नजर आ रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज 14 नवम्बर को हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिन बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। जवाहरलाल नेहरू जी बच्चों से बहुत प्रेम व उनकी देखभाल करते थे। लेकिन आज के समय में यह सब कागजों में सिमट कर रह गया है। वहीं प्रदेश सरकार बाल श्रम रोकने हेतू विभाग के अधिकारियों को लाखो करोड़ों रुपये महिना सेलरी देती है। लेकिन विभाग के आलाधिकारी कार्यालयों में बैठकर कागजों में चैकिंग दिखाकर सरकार को गुमराह करने का काम कर रही। नगर में आज भी मासूमों का बच्चपन होटलों में बर्तन माझते हुए व ब्रश के कारखानों, मेट्रो रिक्शा, मजदूरी व पेट की भूख मिटाने के लिए कुछ छोटी-छोटी मासूम बच्ची चौराहों, मौहल्लों आदि में जान हथेली पर रखकर प्रोग्राम कर देखने वाले लोगों से चंदा इकट्ठा कर घर का गुजारा चलाती है। लेकिन आज तक किसी सत्ता पक्ष नेता या समा. जिक संस्थाओं ने इस ओर ध्यान देना गंवारा नहीं समझा है। जिस उम्र में इन मासूमों के हाथों में पैन और किताबें होनी चाहिये, वहीं समाज के कुछ बेरहम लोगों ने इन के बच्चपन को मानो कैद कर लिया हो, ऐसा नहीं कि बाल श्रम से जुड़े अधिकारियों को इसकी जानकारी न हो। होटलों पर दम तोड़ता बच्चपन केन्द्र व प्रदेश सरकार कि उन घोषणाओं को चिड़ाता नजर आ रहा है। जिसमें छह वर्ष से ले के 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दिया जाना बताया जाता है। इतना ही नहीं इस सरकार से जुड़े कुछ कर्मचारी भी घर बैठे ही सरकार कि इस घोषणा के अनुसार 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का स्कूलों में दाखिला होना दिखा देते है। जबकि हकीकत इस से उलट है। यदि प्रशासन ईमानदारी से सर्वे करे, तो आज भी होटलों, दुकानों ब्रश कारखानों में ऐसे बच्चे काम करते मिल जायेंगे। जिन को स्कूलों में होना चाहिए था। बताया जाता है कि यह होटल व ब्रुश कारखानों के मालिक कम सेलरी के चक्कर में इन बच्चों का भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

### ब्रश के कुछ कारखानों में नाबालिग बच्चों से कम रुपयों में कराई जा रही नौकरी

**शेरकोट। ब्रश के कारखानों के मालिक चंद रुपये बचाने के चक्कर मे नगर की कई फर्मों में पढ़ाई करने की उम्र में उनसे कम रुपयों में अपने यहां नौकरी करवा रहे है। यदि अधिकारी ईमानदारी के साथ नगर एवं आसपास के क्षेत्र के ब्रश कारखानों की जांच करे, तो दर्जनों नाबालिग बच्चे नौकरी करते मिल सकते है।**

# अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा



**नगीना।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में थाना नगीना एवं थाना कोतवाली देहात के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम में अपराध व विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के संबंध में तथा शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियान, मिशन शक्ति, यातायात माह, साइबर अपराध आदि के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु सर्वसम्बंधित को आवश्यक दिशा - निर्देश दिये गये एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा भी की गयी।

# हीमपुर में वाहन जगह-जगह हुए चेक, कई ने किये बैक

**हीमपुर दीपा।** दिल्ली धमाके के बाद बिजनौर पुलिस ने चौकसी बढ़ाते हुए चप्पे चप्पे पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है । जहां एक-एक वाहन को चेक किया जा रहा है, वहीं बिना हेलमेट बाइक सवारों के जमकर चालान काटे जा रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह के निर्देशन पर हीमपुर दीपा पुलिस ने बीती देर शाम चेकिंग अभियान चलाया। स्याऊ-सब्दलपुर मार्ग पर एसआई एसआई जगत सिंह सिपाही सचिन पंवार, सचिन कुमार तो चांदपुर बिजनौर मार्ग पर एसआई रजत चौधरी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे । इसी के साथ छांछरी टीप और रावटी पुलिस चौकी पर भी वाहनों की चैकिंग की गई । थाना प्रभारी जयभगवान सिंह द्वारा गठित टीमों द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान से थाना क्षेत्र में खलबली मची रही । बता दें कि जहां दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षित चलने की हिदायत दी गई साथ ही बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों का चलन भी किया गया । वही चौपाइयां वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान मार्गो से निकलने वाले एक-एक वाहन को सतर्कता की दृष्टि से विशेष रूप से चेक किया गया ।

# नाले में युवक का शव मिलने से मची सनसनी





**कोतवाली देहात।** सुबह शिव मंदिर के पास नाले में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला। शव की पहचान ग्राम फरीदपुर मान उर्फ पमडावली निवासी ऋषभ कुमार पुत्र ओमपाल (26 वर्ष) के रूप में हुई।

बताया जा रहा है कि ऋषभ बिजनौर रोड पर स्थित एक क्रेशर में मजदूरी करता था। बुधवार की रात्रि वह किसी काम से बरुकी आया था। जहां खुले नाले में गिरकर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हाइवे निर्माण कर रही संस्था के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने नाला खुला छोड़ दिया है। इस दौरान शव तीन घंटे तक पुलिस चौकी बरुकी में रखा रहा। इस

## परिजनों में मचा कोहराम

दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पुलिस चौकी पर पहुंच गए। मौके पर सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी,,थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर भी पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़े थे। इसके बाद मौके पर पहुंचे एनएचएआई के अधिकारियों तथा परिजनों के बीच समझौता वार्ता हुई। इसके बाद परिजन सहमत हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

इस संबंध में सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**नगीना।** नगर के मौहल्ला काजी सराय निवासी नवेद पुत्र लईक अहमद ने ई रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि 08 नवंबर को वह सुबह 09.40 पर अपनी बैट्री रिक्शा लेकर मण्डी समीति नगीना में भाडे के लिये एक अंजान आदमी के साथ गया था। उसके कुछ समय बाद ही वह अंजान आदमी उसकी रिक्शा सहित मण्डी में कहीं नहीं मिला। उसने बताया कि वह अपरिचित व्यक्ति चालक की रिक्शा चोरी करके ले गया है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि उसी समय पीड़ित की तबीयत भी खराब हो गयी थी, जिस कारण परिजन उसे अस्पताल लेकर गये थे। अस्पताल से इलाज के बाद पीड़ित और उसके घरवाले अभी तक अपनी रिक्शा की तलाश करते रहे। पीड़ित चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

# कब्र से निकले शव ने उगला विवाहिता की मौत का राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला छिप्पीपाड़ा निवासी शाजिया के शव को कब्र से निकाले जाने के बाद पोस्मार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने मृतका की बहन की शिकायत के आधार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए ससुरालियों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमे को अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

## मृतका के पति सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गत तीन सितंबर को नगर के पहाड़ी दरवाजा स्थित कब्रिस्तान में दफनाए गए एक महिला के शव को जिलाधिकारी के आदेश पर 16 अक्तूबर को यानि 43 दिन पूर्व कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया था। मृतका की बड़ी बहन नाजिया ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया था कि उसकी छोटी बहन शाजिया (31 वर्ष) पुत्री नूर मौहम्मद की हत्या उसके ससुरालियों द्वारा की गई है। डीएम के आदेश पर शाजिया के शव को कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।

शाजिया के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टी होने के बाद उसकी बहन की तहरीर के आधार पर पति अजहरुद्दीन पुत्र निसार, सास शकील, रजिया पत्नी मुनव्वर, मुनव्वर पुत्र अनवर, तबस्सुम, वसीम और दाऊद कुल सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर केस अमरोहा पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है।

# एटीवीएम से प्लेटफार्म और अनारक्षित टिकट प्राप्त करना हुआ आसान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** यात्री प्रधान पूर्वोत्तर रेलवे अपने यात्रियों को आधुनिक सुख-सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत है। इसी क्रम में इज्जतनगर मंडल पर यात्रियों को एटीवीएम यानी ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से यात्रा टिकट, प्लेटफार्म टिकट और सीजन टिकट का नवीनीकरण करना आसान हो गया है। यात्री एटीवीएम का प्रयोग कर आसानी से टिकट प्राप्त कर रहे हैं।

मंडल के विभिन्न 36 स्टेशनों पर यात्रियों को अनारक्षित यात्रा टिकट उपलब्ध कराने हेतु 52 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन लगाई गई हैं। यह सुविधा उपलब्ध हो जाने से यात्रियों को यात्रा टिकट प्राप्त करने के लिए लम्बी कतारों से छुटकरा मिल गया है।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) के माध्यम से अनारक्षित यात्रा टिकट, प्लेटफार्म टिकट तथा मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण करने की सुविधा प्रदान की गई है। यात्रियों को स्मार्ट कार्ड से भुगतान पर 150 किलोमीटर की दूरी तक के किराये पर 03 प्रतिशत का बोनस भी दिया जाता है।

स्मार्ट कार्ड प्राप्त के लिए यात्रियों को रेलवे स्टेशनों स्थित टिकट बुकिंग कार्यालय से सम्पर्क करना होगा।

# भारत में रहना है तो वन्दे मातरम् कहना होगाः योगेन्द्र उपाध्यक्ष

■ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री ने सभा में लौह पुरुष सरदार पटेल के रास्तों पर चलने का किया आवाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र में गुरुवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विशाल यूनिटी मार्च (एकता पदयात्रा) निकाली गई। यात्रा का समापन कस्बे में बाईपास स्थित पटेल चौक पर हुआ।

कस्बे में पटेल चौक पर हुई एक विशाल जनसभा में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद करते हुए कहा कि एक मात्र पार्टी भाजपा ही है जिसने लौह पुरुष को भारत रत्न देकर समाज के साथ ही देश का मान बढ़ाया। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में हुए बम विस्फोट पर कहा कि यह कैसी शिक्षा है जो डॉक्टरों को हत्यारा बना रही है, वह कौन सी शिक्षा है जो आतंकवादी बना रही है। उन्होंने साफ साफ कहा कि भारत में रहना होगा तो वन्दे मातरम् कहना होगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि जब भारत माता के सपूतों के हाथ में सत्ता होगी तो देश चारों ओर विकास करेगा। उन्होंने गुजरात में लगी दुनिया की सबसे ऊंची सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा में आपके द्वारा दान किया गया लोहा और मिट्टी लगी है जो हर समय आपको प्रेरणा देती है। उन्होंने लोगों से उनके बताए रास्ते पर चलने का आवाहन करते हुए कहा कि दूसरे दलों कि राजनीति और उनकी नीति को समझना होगा।

जनसभा को सांसद छत्रपाल गंगवार, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डे, अर्बन बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, भाजपा के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर, पूरने लाल लोधी ने भी संबोधित करते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद किया। संचालन भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर ने किया। सभा समापन के बाद विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने यात्रा में शामिल हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।

पदयात्रा क्षेत्र के गांव बीजामऊ से शुरू हुई जो दोपहर बाद नगर के पटेल चौक पर पहुंचकर एक जनसभा को तब्दील हो गई। इसमें भाजपा के जिला महामंत्री वीरपाल गंगवार, महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष मीरा गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, गन्ना समिति के चेयरमैन निर्भय गंगवार, विनोद गुप्ता, केशव गुप्ता, युवा नेता रोहित गंगवार, राजीव गंगवार, अधिवक्ता राजीव गंगवार, विशाल गंगवार, भुजेंद्र गंगवार, नितीश उपाध्याय, नन्द किशोर एड, अखिलेश गंगवार, हरिपाल गंगवार, मनोज दिवाकर, प्रधान नाजिम अली, टी आर गंगवार, नत्थू लाल आर्य, बबलू गंगवार, शशि कपूर, ख्वाज अहमद, मदन लाल गांधी के साथ ही सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

यात्रा में जहां बड़ी संख्या में स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, वहीं यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। यात्रा का रास्ते में जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया।

## समाजसेवी रमेश गंगवार रहे नदारद

विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के नेतृत्व में निकाली गई इस यूनिटी मार्च (एकता यात्रा) में जहां विधानसभा के साथ जिले के सभी भाजपा नेता शामिल रहे, वहीं क्षेत्र के समाजसेवी रमेश गंगवार कहीं नजर नहीं आए, जिसको लेकर पूरी यात्रा में इसकी चर्चा होती रही।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

**एक नजर**

## जे एंड ए कॉलेज की छात्रा को राज्यपाल के हाथों मिला गोल्ड मेडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के जे एंड ए डिग्री कॉलेज की छात्रा ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त कर नगर व कॉलेज का नाम रोशन किया है। गोल्ड प्राप्त प्राप्त करने वाली छात्रा को स्कूल प्रबंधन और रिश्तेदारों ने बधाई दी है। गुरुवार को एमजेपी रोहिलखण्ड यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समरोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के जे एंड ए डिग्री कॉलेज, बहेड़ी की बी. कॉम फाइनेंशियल थर्ड ईयर की छात्रा मंतशा पुत्री शमीम अहमद को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने गोल्ड मेडल प्रदान किया। छात्रा मनतशा ने राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र में जे एंड ए डिग्री कॉलेज बहेड़ी का नाम रोशन किया है। संस्था के अध्यक्ष सलीम अख्तर, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रा मनतशा को बधाई दी है।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को साकार कर रहें है नरेन्द्र मोदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** लौह पुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता यात्रा एक भारतख्रश्रेष्ठ भारत के विचार को जन-जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर बीजामऊ से प्रारम्भ हुई। यात्रा को सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, कुंवर महाराज सिंह, विधायक डॉ. एमपी आर्य, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. आशुतोष मीनाक्षी गंगवार, ब्लॉक प्रमुख रवि रश्मि गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष नीरेन्द्र प्रेमलता राठौर सहित सभी मंडल अध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्ष, विहिप सहित विभिन्न मोर्चों की टीमों के दल-बल के साथ उमड़े जनसैलाब ने अनेकता में एकता का सन्देश देते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल के उद्घोष के साथ बिथरी, याकूबपुर, जयगुरुदेवद्वार होते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल चौक नबाबगंज में समाप्त हुई। जनसभाओं व पुष्प वर्षा व वन्देमातरम भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा नगर गुंजायमान नजर आया। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की विश्व की सबसे ऊँची स्टेच्यू आफ यूनिटी बनाकर उन्हें सच्चा सम्मान दिया है। विधायक डॉ. एमपी आर्य सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को हृदयतल से आभार जताया।

# बहादुरगंज प्राइमरी स्कूल में 10 बजे तक नहीं पहुंचे शिक्षक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** रिछा ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय बहादुरगंज में शिक्षकों की अनुपस्थिति से बच्चों की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे तक विद्यालय में कोई भी अध्यापक उपस्थित नहीं था, जबकि बच्चे स्कूल पहुंच चुके थे।

■ बहादुरगंज में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, प्रधानाध्यापिका ने दी

सूत्रों के मुताबिक, बहादुरगंज विद्यालय तो समय पर खुला था, लेकिन 10 बजे तक प्रधानाध्यापिका सहित कोई भी शिक्षक नहीं पहुंचा था। विद्यालय में एक रसोईया झाड़ू लगा रही थी।

रसोईया ने बताया कि अध्यापक दूर से आते हैं और शायद जाम में फंस गए होंगे, इसलिए देर हो गई। वहीं, विद्यालय में मौजूद बच्चों ने बताया कि स्कूल सुबह 9 बजे खुलता है और वे भी 9 बजे आ जाते हैं। जब तक मैडम नहीं आतीं, वे आपस में खेलते रहते हैं।

10 बजे के बाद विद्यालय पहुंची प्रधानाध्यापिका मधु कुमारी ने अपनी देरी का कारण बताया। उन्होंने कहा कि वह आज लेट हो गई थीं। अन्य शिक्षकों की अनुपस्थिति पर उन्होंने बताया कि सहायक अध्यापक मोहित कुमार और दीपक सिंह की बीएलओ ड्यूटी लगी है, और वे चुनाव संबंधी कार्य निपटा रहे हैं। शिक्षामित्र पूर्णिमा गंगवार के बारे में उन्होंने कहा कि कम वेतन के कारण वह अपनी मर्जी से आती हैं, उनके आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है, आज भी वह विन बताए छुट्टी पर है या हो सकता है वह अभी विद्यालय आती हों। वहीं इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि वह भी अभी चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, फिलहाल विद्यालय में अध्यापकों के समय से न पहुंचने की जानकारी सामने आई है, जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# मेडिकल छात्र बना फिरौती खोर

■ साथी छात्र के अपहरण की रची थी साजिश

■ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने अपहरण और फिरौती की साजिश रचने वाले एक मेडिकल छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिविज बहल के रूप में हुई है जो राजश्री मेडिकल कॉलेज बरेली में एमबीबीएस तृतीय वर्ष का छात्र है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने ही बैचमेट गौरव वरपे को किडनैप कर उससे 60,000 ट्रांसफर करवाए और बाद में ₹50 लाख की फिरौती की मांग की थी।

10 नवंबर को गौरव वरपे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वह अपने दोस्त गुरवेन्द्र के साथ राधा कृष्ण मंदिर से लौट रहा था, तभी ईको वैन सवार कुछ युवकों ने उन्हें रोककर अगवा कर लिया। आरोपियों ने दोनों के मोबाइल छीन लिए और यूपीआई से ₹60,000 की राशि ट्रांसफर कर ली। साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई। जांच में पता चला कि दिविज बहल पर कई लोगों का कर्ज था। इसे चुकाने के लिए उसने गौरव के अपहरण की योजना बनाई। उसे पता था कि गौरव के बैंक खाते में बड़ी रकम रहती है। दिल्ली में एक टैक्सी चालक आकाश के जरिए उसकी मुलाकात सोनू नामक व्यक्ति से हुई, जिसे उसने 10 लाख देने का लालच देकर इस वारदात में शामिल किया। सात नवंबर को सोनू और उसके साथियों ने गौरव को अगवा करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। 9 नवंबर को उन्होंने तीन मोटरसाइकिलों और एक ईको वैन से गौरव बारपे, दिविज बहल और गुरवेन्द्र को अगवा कर लिया। मोबाइल छीनकर पासवर्ड पूछे गए, और गौरव के मोबाइल से 60,000 दिविज के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। बाद में दिविज ने गौरव के दोस्तों से संपर्क कर ₹50 लाख की फिरौती मांगने का भी प्रयास किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 13 नवंबर को आरोपी दिविज बहल को सरजू कट यात्री शेड के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार, निरीक्षक अपराध वरुण कुमार, उपनिरीक्षक योगेश कुमार, उपनिरीक्षक पंकज कुमार और हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह शामिल थे। गिरफ्तार आरोपी को मुकदमा संख्या 437/2025, धारा 140(2)/351(3) बीएनएस के तहत न्यायालय में पेश किया गया। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों सोनू और उसके साथियों की तलाश में जुटी हुई है।

## शुभारंभ के तीसरे दिन धीमी गति से चली सेमीखेड़ा चीनी मिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डीएम के निर्देश के बावजूद किसान आक्रोशित, उपसभापति भी असंतुष्ट**

**देवरनियां।** बरेली जिले की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा पेराई सत्र शुरू होने के तीन दिन बाद धीमी गति से चली है। जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिंह के पूरी क्षमता से मिल चलाने के निर्देशों के बावजूद प्रबंधन इन पर खरा नहीं उतर रहा है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। चीनी मिल का 42वां गन्ना पेराई सत्र सोमवार को डीएम अविनाश सिंह, बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार और एमएलसी बहोरनलाल मौर्य द्वारा शुरू किया गया था। हालांकि, शुभारंभ के तीन दिन बाद बुधवार रात को मिल चालू तो हुई, लेकिन उसकी गति काफी धीमी बनी हुई है। मिल प्रबंधन की इस कार्यप्रणाली से जहां किसान असंतुष्ट हैं, वहीं मिल के उपसभापति सत्यपाल गंगवार भी अफसरों की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने इस संबंध में मिल अफसरों से बात करने और डीएम से मिलने की बात कही है। इस वर्ष 35 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा गया है, जो पिछले वर्ष के 38 लाख क्विंटल के लक्ष्य से 3 लाख क्विंटल कम है। पिछले पेराई सत्र में 38 लाख क्विंटल का लक्ष्य होने के बावजूद, मिल केवल 23 लाख 20 हजार क्विंटल गन्ने की ही पेराई कर पाई थी। सूत्रों के अनुसार, मिल की मशीनरी में लगाए गए कुछ उपकरण कमीशन पर खरीदे गए थे, जिसके कारण मशीनरी में खामियां आ रही हैं और मिल पूरी क्षमता से नहीं चल पा रही है। वहीं, मिल के प्रधान प्रबंधक किशन लाल ने बताया कि मिल सही चल रही है, और धीरे-धीरे इसमें और सुधार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी पेराई का परिणाम अच्छा रहेगा।

# हमारी बेटियां शिक्षा और अनुसंधान में कर रही हैं प्रगतिः राज्यपाल

## छात्र-छात्राओं के अंक पत्र व उपाधियों को डिजी लॉकर में किया गया प्रेषित तथा मेधावियों को गोल्ड मेडल देकर किया गया सम्मानित

■ राज्यपाल की अध्यक्षता में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय का 23वां दीक्षांत समारोह हुआ सम्पन्न






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** राज्यपाल/ कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय का 23वाँ दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में सम्पन्न हुआ।

दीक्षांत समारोह के पूर्व महामहिम राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के द्वारा प्रो. एसबी सिंह सभागार का उद्घाटन किया गया और इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से बरेली जनपद के कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बच्चियों राजदा बी, उपासनी, अंजली शर्मा, अम्बिका कुमारी एवं निकिता का एचपीवी का टीकाकरण किया गया तथा उन्हें पोषण पोटली प्रदान की गयी।

उक्त के उपरांत कुलाधिपति/राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अटल सभागार में आकर स्वर्ण जयंती द्वार, योग वाटिका एवं बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स स्टेडियम आदि का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया गया तथा विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट की पुस्तिका, स्पोट्स कम्पेडियम व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों के बच्चों के मध्य हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं की रचनाओं की पुस्तिका का विमोचन किया गया, तथा प्रतियोगिताओं के विजेता तीन बच्चों को स्कूल बैग/प्रमाण पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया तथा पुस्तकें भी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा राज्यपाल (झारखण्ड) संतोष कुमार गंगवार को लाइफ टाइम अचिवमेंट अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया, तथा रितु उपाध्याय को हस्तशिल्प में डॉक्टर ऑफ लिटरेट की उपाधि से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा जिलाधिकारी बरेली व मुख्य विकास अधिकारी बरेली/बदायूं को मेडिकल किट व राजभवन की पुस्तकें प्रदान की गयी।

इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने अपने दीक्षांत उद्बोधन में कहा कि यह संतोष का विषय है कि हमारी बेटियां शिक्षा और अनुसंधान में प्रगति कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक 35 दीक्षांत समारोह में वे सम्मिलित हुई हैं और हर स्थान पर बेटियों को आगे पाया है। उन्होंने कहा कि लाइफ टाइम अचिवमेंट अवार्ड एक प्रेरक परम्परा का सूत्रपात है, जिसके प्रथम प्राप्तकर्ता इसी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हैं जो एक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है जो मात्र शिक्षा तक सीमित नहीं है। सपने वो नहीं होते जो नींद में आते हैं, सपने वो होते हैं जो व्यक्ति को लक्ष्य प्राप्ति तक सोने नहीं देते हैं इसलिए कर्म को अपना धन बनाइए। उन्होंने कहा कि आपको समाज के उत्थान और बेहतरी के लिए अपने ज्ञान के उपयोग के साथ सीखने की लालसा रखनी चाहिए। मुझे यकीन है कि आप में से प्रत्येक के अलग-अलग सपने हैं, लेकिन निश्चित रूप से आपको अपने सपनों और आकांक्षाओं को कभी नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि यही आकांक्षाएं हैं जो आपको उपलब्धियों के उच्च स्तर तक ले जाएंगी और आपके जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाएंगी।

उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल के एक सौ पचासवीं जयंती पर राष्ट्र को एकीकृत करने के उनके अथक प्रयास की सराहना की। राज्यपाल ने विवेकानंद के उच्च आदर्शों को अपने जीवन में उतारने हेतु छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया तथा वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष पर्यन्त कार्यक्रमों को आयोजन किए जाने हेतु कहा।

राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय का सत्र नियमित करने के लिए समय पर परीक्षाएं कराने और बैक पेपर परीक्षा की समाप्ति की ओर विश्वविद्यालय के कुलपति का ध्यान आकर्षित किया गया। अंत में उन्होंने सभी 94 सभी स्वर्ण पदक प्राप्त छात्र छात्राओं एवं 111 पीएचडी उपाधि धारकों को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और देश के प्रति कार्य करने और अपने शिक्षा संस्थान एवं अभिभावकों का नाम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का अंत राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर जनपद बरेली के विकासखंड बिथरी चैनपुर के ग्राम इटौआ बेनीपुर के भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्राथमिक विद्यालय के छात्र निखलेश द्वारा भाषण प्रस्तुतीकरण किया गया, जिस पर राज्यपाल ने छात्र निखलेश के भाषण के लिए उसे उसके शिक्षकों और परिवारजनों को बधाई दी और पुरस्कृत किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक स्कूल पंडित दीनानाथ मिश्र की छात्राओं द्वारा नृत्य के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता को लेकर प्रस्तुती पर उन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर जनपद बरेली की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रूबी, पुष्पा, मीनाक्षी शर्मा, पुष्पा गंगवार, रानी देवी एवं जनपद बदायूं की आंगनबाड़ी कार्यकत्री रचना, द्रोपदी, मधु, संगीता व मंजूला को आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु बच्चों के लिए खेल व पढ़ाई से संबंधित किट प्रदान की गयी और उन्हें बच्चों को स्वछता का महत्व समझाने हेतु निर्देशित किया। मंत्री उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय के नाम से ही पता चलता है कि ये अपने आप में पौराणिकता और ऐतिहासिकता समेटे हुए है।

समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी रोपण पंजाब के प्रोफेसर राजीव आहूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों को निरंतर परिश्रम कर अपने को वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना होगा। विद्यार्थी को सतत प्रयास कर अपने संस्थान के ऊंचे प्रतिमान स्थापित करने हैं और अच्छे छात्रों से ही संस्थान की पहचान होती है। मैं आईआईटी का हूं और यूजीसी कैटेगरी 1 यूनिवर्सिटी के रूप में आईटी रोपण और रूहेलखंड विश्वविद्यालय दोनों शामिल हैं जो ग्रांट मिल रही है उसका उपयोग अच्छी प्रयोगशालाएं लाइब्रेरी एवं संसाधनों को जुटाने में किया जाए जिससे अच्छे शोधार्थी के लिए सुविधाएं उत्पन्न हो।

यहां रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह, अति विशिष्ट अतिथि के रुप में राज्यपाल (झारखण्ड) संतोष कुमार गंगवार, निदेशक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ (पंजाब) प्रो. राजीव आहूजा, मंत्री उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय, राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, विश्वविद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में विधार्थी/शोधार्थी आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

## स्वच्छता वाद विवाद एवं स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** गुरुवार को नगर पंचायत शीशगढ़ के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा कस्वे के मोहल्ला अंसार नगर स्थित नेहरू पब्लिक स्कूल परिसर में स्वच्छता वाद-विवाद एवं स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही अपने रचनात्मक विचारों को वाद विवाद संवाद के माध्यम व सुंदर पोस्टरों के माध्यम से समाज मे महिलाओं की स्वच्छता के प्रति भूमिका को प्रदर्शित किया गया। इस निबंध/पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट एवं प्रेणादायक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फरियाद हुसैन ,अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इकरार हुसैन सहित स्कूल का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## दो अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की टीम ने गुरुवार को सीबीगंज क्षेत्र में खेतों में विकसित हो रहीं दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। बीडीए के सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह ने बताया कि सीबीगंज के बंडिया में अमित अग्रवाल उर्फ राजा व कमल बेदी उर्फ सोनू पंजाबी की ओर से लगभग 100 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखंडों का चिह्नकांन, सड़क, नाली व बाउंड्रीवाल आदि का कार्य किया जा रहा था। जिसे बीडीए ने ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा ट्यूलिया में बाबू राम, संजीव, विरेन्द्र, रविन्द्र आदि की ओर से लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के भूखंडों का चिन्हांकन, सड़क, नाली व बाउंड्रीवाल का कार्य कराया जा रहा था जिस ध्वस्त कर दिया गया। धर्मवीर सिंह ने बताया कि किसी भी भूखंड पर निर्माण या प्लाटिंग करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति लेना अनिवार्य है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# फलावदा नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण अभियान

## दुकान के आगे रखे सामान को किया जब्त, व्यापारियों से अधिशासी अधिकारी की हुई नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** स्थानीय नगर पंचायत द्वारा नगर के मुख्य मार्गों व बाजारों में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने बताया कि प्रशासन के निर्देश अनुसार नगर में पिछले कई दिनों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में सभी दुकानदारों को कर्मचारीयों द्वारा सूचना दी गई थी। एवं नगर पंचायत के वाहन द्वारा अलाउंसमेंट कराया गया था। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को जेसीबी बुलडोजर मशीन द्वारा नगर के पैठ बाजार में सब्जी बेचने वाले सभी दुकानदारों के फड़ उखाड़ कर सड़क से हटा दिए गए हैं और मुख्य बाजार, लावड़ बस स्टैंड, खतौली मन्दवाड़ी, अंम्बेडकर मार्ग, अटल चौक मार्ग स्थित सभी दुकानों के आगे रखें काउंटर, तख्त व लोहे के बड़े इस्टूल वहां लगे बोर्ड कर्मचारियों ने उखाड़ कर जब्त कर लिए तथा सड़क पर खड़े दोपहिया वाहनों को भी जब्त कर नगर पंचायत के ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले गए हैं।

मुख्य मार्ग पर खड़ी चाट व फलों की ठैली को हटाया गया है। केनरा बैंक के आगे मुख्य मार्ग पर रखें जनरेटर को हटाने व अटल चौक से खतौली मार्ग पर दुकानदारों द्वारा रोड़ी, बदरपुर, डालकर कब्जा कर रखा है उसे हटवाने के सख्त निर्देश दिए हैं। अतिक्रमण अभियान हटाने के दौरान छोटे दुकानदारों व व्यापारियों की अधिशासी अधिकारी से जमकर नोक-झोख हुई। उन्होंने हंगामा करते हुए अतिक्रमण हटाने के अभियान का कड़ा विरोध किया। लेकिन थाना प्रभारी ब्रह्म कुमार त्रिपाठी भारी पुलिस फोर्स के मौजूद रहे। उन्होंने हंगामा करने वाले दुकानदारों को बताया कि प्रशासन के आदेश अनुसार अतिक्रमण अभियान चलाया गया है सभी दुकानदार व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान वहां से गुजर रहे गन्ने के ओवरलोड वाहनों को रोककर ट्रक और चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की लाइन लग गई जिससे काफी देर तक जाम लगा रहा। अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने बताया कि कस्बे के सभी मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाया गया है यदि कोई दुकानदार या व्यापारी दोबारा मुख्य मार्ग पर सामान रखकर अतिक्रमण करेगा उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और मेंन बाजार से लेकर अटल चौक तक मुख्य मार्ग पर रखें विद्युत ट्रांसफार्मर व बिजली के खंभों को उखाड़ने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को नोटिस भेज कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नगर पंचायत के लिपिक फहीम अहमद के अलावा सभी कर्मचारी कार्रवाई में मौजूद रहे।



अतिक्रमण के दौरान हंगामा करते स्थानीय व्यापारी।

नगर पंचायत शाहजहांपुर

# स्वच्छ भारत मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत शाहजहांपुर जनपद मेरठ द्वारा महिलाओं का स्वच्छता में योगदान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समाज में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना रहा। महिलाएं अपने समुदायों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शौचालयों के निर्माण एवं उपयोग को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देना लैंगिक समानता और महिला सशक्ति करण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं गरिमा की रक्षा होती है। इसी क्रम में नगर पंचायत शाहजहांपुर द्वारा जूनियर पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर में उक्त विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने सृजनात्मक पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़े सशक्त संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा को बल मिला।









# नगर पंचायत नोटिस पर गहराया विवाद, जबीन खान बोले, सारे आरोप झूठे और बेबुनियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत शाहजहांपुर में जारी एक नोटिस को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड नं. छह निवासी जबीन अहमद खान और नगर पंचायत प्रशासन आमने-सामने हैं। नगर पंचायत ने जबीन खान पर अवैध निर्माण और सार्वजनिक रास्ते पर दरवाजा खोलने का आरोप लगाते हुए नोटिस जारी किया है, जबकि जबीन खान ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया है। जबीन खान का कहना है कि न तो कोई नया निर्माण किया गया है, न किसी सरक. ारी रास्ते पर अतिक्रमण हुआ है। उन्होंने मौके पर निरीक्षण कराने की मांग करते हुए कहा कि सच्चाई की पुष्टि स्थल निरीक्षण से ही हो सकती है।

### नगर पंचायत का नोटिस-निर्माण रोकने और दस्तावेज मांगे गए


13 नवंबर 2025 को नगर पंचायत शाहज. हांपुर की ओर से जारी नोटिस में जबीन अहमद खान पर हवेली गेट के पास सरकारी रास्ते पर दरवाजा खोलने का आरोप लगाया गया। नोटिस में तत्काल प्रभाव से निर्माण रोकने, खोले गए दरवाजे को बंद करने और संबंधित दस्तावेज नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि आदेश का पालन न करने पर नगर पंचायत अधिनियम की धारा 211 के तहत कार्रवाई की जाएगी और व्यय की जिम्मेदारी जबीन खान की होगी।

### जबीन खान का जवाब: कोई नया निर्माण नहीं, पुराने ढांचे को गलत बताया गया

नगर पंचायत में दाखिल किये अपने जवाब में जबीन खान ने कहा कि नोटिस में लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। जो खिड़कियां और ढांचा दिखाई दे रहा है, वह वर्षों पुराना है, कोई नया निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि उनके घर के पास स्थित नाला भी पुराना है और उसकी तस्वीरें साक्ष्य के रूप में नगर पंचायत को सौंपी गई हैं।

### विवाद की पृष्ठभूमि: चौपाल पर मस्जिद निर्माण का मतभेद

जानकारी के अनुसार, यह विवाद मोहल्ला शहजाद गान की चौपाल से जुड़ा है, जहां कुछ लोगों द्वारा चौपाल की जगह पर मस्जिद निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था, जबकि अन्य लोगों ने इसका विरोध किया। इसी बीच विवादित स्थल पर नमाज अदा की जाने लगी, जिससे माहौल में तनाव बढ़ गया। बताया जा रहा है कि हवेली गेट के पास शौचालय निर्माण के प्रस्ताव पर जबीन खान ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं करने दिया जाएगा। जिससे विवाद या शांति भंग की स्थिति उत्पन्न हो। जो भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।





# छात्रा अजरा चौहान बनीं एक दिन की अधिशासी अधिकारी, संभाला नगर पंचायत हर्रा का कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर पंचायत हर्रा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चौधरी बशीर खां इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा अजरा चौहान को एक दिन के लिए नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी (ईओ) का कार्यभार सौंपा गया।

कार्यभार संभालने के बाद अजरा चौहान ने पूरे आत्मविश्वास और जिम्मेदारी के साथ नगर पंचायत कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नालों की सफाई और अन्य जनसुविधाओं की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। अजरा ने कर्मचारियों को कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली, अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता, ब्रांड एम्बेसडर मौ. अली चौहान, कर्मचारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अजरा चौहान का स्वागत किया और उनके इस नेतृत्व कौशल की प्रशंसा की। इस अवसर पर अजरा चौहान ने कहा यह मेरे जीवन का सबसे यादगार दिन है। मिशन शक्ति अभियान ने उन्हे यह विश्वास दिलाया है कि यदि मन में दृढ़ निश्चय और ईमानदारी हो, तो कोई भी जिम्मेदारी कठिन नहीं होती। वह भविष्य में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना चाहती हैं। मौके पर मिशन शक्ति अभियान के ब्रांड एंबेसडर मोहम्मद अली चौहान ने कहा बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अजरा चौहान जैसी प्रतिभाशाली बालिकाएं हमारे समाज का भविष्य हैं। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य उन्हें आत्म विश्वास, नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता से सशक्त बनाना है। नगर पंचायत हर्रा में इस तरह के आयोजन बालिकाओं के मनोबल को नई ऊंचाई देंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अली ने कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियान से बालिकाओं को न केवल प्रशासनिक समझ विक. सित होती है, बल्कि वे समाज में अपनी सशक्त पहचान भी बना पाती हैं। कार्यक्रम के अंत में अजरा चौहान को सम्मानित किया गया और सभी अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मिशन शक्ति अभियान के तहत आयोजित यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही और इसे बेटी सशक्तिकरण की मिसाल के रूप में सराहा गया।





# घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में घर में घुसकर एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करना एक मनचले को भारी पड़ गया। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में गुरुवार को एक व्यक्ति ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी और उसके साथ गंदी हरकत करने लगा जब परिवार वालों को पता चला तो आरोपी फरार हो गया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी को धौलडी रजवाहे के पास से दबोच लिया। आरोपी की पहचान फजी पुत्र अली मोहम्मद उर्फ आलिया रसुलपुर धौलडी के रूप में हुई है।



# जैना ज्वैलर्स प्रकरण में आवास आयुक्त की अधिकारियों को फटकार!

**एक ही बिल्डिंग पर दो नक्शे पास, अवैध निर्माण अब नहीं आ रहा रास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत में कहावत है 'सैंया भये कोतवाल तो डर काहे का।' जी हां यह कहावत आजकल मेरठ आवास विकास में देखने को मिल रही है। सैकड़ों अवैध निर्माण इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि उन्हें शह भी आवास विकास से ही मिल रही है और जब अधिकारी ही नजरे नरम कर दें और करम कर दें तो फिर क्या वैध और क्या अवैध। मेरठ की सेंट्रल मार्केट वैसे तो पहले ही सुर्खियों में है और उसकी सुर्खियों को जैना ज्वैलर्स का मामला चार चांद लगा रहा है। अब इस मामले में आवास आयुक्त बेहद नाराज नजर आ रहे हैं और वह इस मामले पर अपनी नजर भी बना रहे हैं।

आपको बता दें कि आवास विकास परिषद की योजना संख्या-07 के भूखण्ड संख्या 259/6 पर बने अवैध शोरूम पर आखिर परिषद की कार्यवाही दिखने लगी है। पिछले काफी समय से इस सम्पत्ति पर अवैध होने के आरोप लग रहे थे और इस अवैध निर्माण पर परिषद के अधिकारियों की संलिप्तता की खबरें भी देखी जा रही थीं जिसके बाद आवास आयुक्त ने सख्ती बरती तो परिषद के अधिकारी हरकत में आए और बुधवार को सक्षम अधिकारी राजीव कुमार द्वारा सील का आदेश जारी किया गया।

बता दें कि 26 अक्टूबर 2023 को 259/6 के नक्शे की स्वीकृति के बाद यहां अवैध व्यवसायिक निर्माण शुरू हुआ तो परिषद ने कार्यवाही शुरू कर दी और मामला सील से लेकर एफआईआर तक पहुंचा, लेकिन एफआईआर मामले में 13 मई 2024 को आवंटी पंकज अग्रवाल व दीपक गुप्ता ने अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। संयुक्त आवास आयुक्त के नाम पत्र भेजकर कहा कि उन्होंने ये सम्पत्ति किसी को बेच दी थी और उक्त भूखण्ड पर अवैध निर्माण व नक्शा स्वीकृति से उनका कोई लेना-देना नहीं है तथा मानचित्र को निरस्त कर ध्वस्तीकरण कर दिया जाए। उसके बाद मैसर्स जयंती प्रसाद जीवन लाल जैन ज्वैलर्स प्रा.लि. के डायरेक्टर रोहित जैन ने आवंटन में नाम परिवर्तन कराया, लेकिन अवैध निर्माण फिर भी नहीं रोका। जेई से लेकर अधीक्षण अभियंता इस मामले में अपने बयान निर्माणकर्ता के ही पक्ष में देते रहे और अवैध निर्माण को वैध बताने से पीछे नहीं हटे। 12 सितंबर 2025 को उक्त अवैध निर्माण का दूसरा नक्शा दूसरे नाम से स्वीकृत कर दिया गया। नए नक्शे को नई नीति के तहत स्वीकृति दे दी गई। स्वीकृति के 10 दिन बाद ही उक्त शोरूम का उद्घाटन भी हो गया। यानि मामला लैंड यूज चैंज होने का था तो नक्शे में नई नीति के अनुसार ही काम हुआ और कुछ हिस्सा कमर्शियल रखा। स्वीकृति मिली और शोरूम 10 दिन में ही बनकर खड़ा हो गया।

बता दें कि नई उपविधि में कमर्शियल निर्माण की अनुमति तब ही संभव है जब मौके पर निर्माण बनकर खड़ा न हुआ हो। उधर एक ही निर्माण पर दो-दो नक्शे की स्वीकृति कैसे संभव है ये भी सवाल खड़ा कर रहा है।





# विद्या यूनिवर्सिटी के बाहर छात्रों का प्रदर्शन

## जमकर की नारेबाजी, यूनिवर्सिटी पर अवैध वसूली का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के विद्या नॉलेज पार्क में गुरुवार दोपहर को छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि उनकी प्रमुख मांग में नेट फीस हटाना और सभी विद्यार्थियों को 31 दिसंबर तक फीस जमा करने का समय देना शामिल है। उन्होंने फीस में जोड़ी गई कौशल विकास फीस पर भी आपत्ति जताई है। जबकि कौशल विकास की कक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही है इससे अतिरिक्त एनसीसी और प्रैक्टिकल फीस के नाम पर आवश्यक शुल्क वसूली बंद करने की मांग की है।

छात्रों का हंगामा देख जानी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र व एसएसआई कपिल देव मौके पर पहुंचे उन्होंने किसी तरह छात्रों को समझाने के प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों ने वर्ष 2025 के सभी विद्यार्थियों के दीक्षा फॉर्म तुरंत जमा करने की मांग की। साथ ही विद्यार्थियों के पहचान पत्र और अन्य संबंधित सुविधाओं की वैधता संचित करने की अपील की। छात्राओं ने शौचालय की खराब सुधार करने की और हॉस्टल में रहने वाले छात्र- छात्राओं के लिए खेल और भी सुविधा उपलब्ध, पार्किंग सुविधा उनकी सुरक्षा अन्य मांगे रखी, इस दौरान कॉलेज प्रबंधन से भी बात की लेकिन कॉलेज प्रशासन ने उनकी मांगों को जल्द ही समाधान करने की बात कही। आपको बता दें कि विज्ञान नॉलेज पार्क लगातार विवादित सुर्खियों में बना हुआ है इसकी जमीन और ट्रस्ट को लेकर भी कोर्ट में मामला चलने की सूचना है साथ ही साथ यूनिवर्सिटी की सारी सपत्ति बैंक में गिरवी रखने की भी सूचना मिल रही है। जिससे लग रहा है कि शायद विद्या यूनिवर्सिटी चलने से पहले ही बंद हो सकती है।



# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बुधवार देर रात मुखबिर की सूचना पर इलाहाबाद मढ़ेय्या और अजराड़ा मार्ग के बीच से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया था कि उनके गांव के ही एक युवक ने उनकी 16 वर्षीय बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने मुकदमा दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना किठौर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई। इस टीम ने बुधवार देर रात करीब एक बजे वांछित अभियुक्त आलम पुत्र हसरत को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने यह भी कहा कि महिलाओं और बालि. काओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसी कार्रवाई भविष्य में थाना पुलिस जारी रखेगी।

# आरवीआईटी में यातायात पर सेमिनार

**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालजी बिजनौर परिसर में यातायात सुरक्षा एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्री संग्राम सिंह, सीओ सिटी बिजनौर प्रमुख वक्ता के रूप में रहे। इनके साथ पुलिस चौकी झालू के कुलदीप कुमार उपस्थित रहे। संग्राम सिंह ने अपने सम्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा की जैसे की हेलमेट लगाना, सीट बेल्ट लगाना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना आदि यातायात के नियमों का पालन करना। साइबर क्राइम से बचने के लिए छात्रों को उचित टूल्स एवं टिप्स बताए। उन्होंने संचार साथी एप के बारे में जानकारी दी इस एप में एक नाम से कितने नंबर चल रहे है उनका पता लगाया जा सकता है। किसी भी धोखाधड़ी कॉल की रिपोर्ट की जा सकती है। एआईके द्वारा हो रहे सोशल स्कम जैसे कि किसी की भी फोटो एडिटिंग, विडियो एडिटिंग कर सोशल मीडिया पर अपलोड करना के बचने के उपाये बताए।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 10914 / 453सी0(ई0टेण्डर)-3 / 25 दिनांक: 01.11.2025

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1-महागहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 15.11.2025 से दिनांक 25.11.2025 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.11.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे जनपद बरेली में कल्याणपुर इल बिलउआ के मध्य गोहनिया नाले पर लघु सेतु, पंहुच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 303.00 | 17.15 | 08 माह | 2725.00 | ए (सेतु कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

UPID-240293, DATE-12/11/2025
WEBSITE-www.up.gov.in

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली

# वाल्मीकि समाज 28 को कमिश्नरी पार्क में देगा धरना





सर्किट हाउस में पत्रकारों को जानकारी देते समिति के सदस्य।

- आरक्षण की मांग पूरी नहीं होने पर समाज में रोष
- सीएम 23 मार्च 2018 को अति दलितों को आरक्षण देने की कर चुके हैं घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वाल्मीकि आदि आरक्षण वंचित वर्ग संघर्ष समिति के तत्वाधान में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 1 अगस्त 2024 में अनुसूचित जाति/ जनजाति आरक्षण में किए गये उप वर्गीकरण के फैसले को प्रदेश में लागू कराने के लिए 28 नवंबर को कमिश्नरी पार्क में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जाएगा। यह जानकारी एक प्रेसवार्ता में समिति के संयोजक विना. ेद कुमार बेचैन व अध्यक्ष रविन्द्र कुमार वैद ने महामंत्री विनेश के साथ दी। अध्यक्ष रविन्द्र कुमार वैद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अभी तक उत्तर प्रदेश में लागू नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 मार्च 2018 को अति दलितों को अलग से आरक्षण दिलाने की घोषणा की थी। जिससे समाज में खुशी की लहर थी लेकिन इसे भी आज तक लागू नहीं किया गया है। इस दौरान मोनिन्दर सूद, सुरेन्द्र ढींगिया, नरेश, शालिनी सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के खिलाफ धरने का ऐलान, भारतीय किसान संघ की बैठक में उबाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ की नगर इकाई की एक अहम बैठक गुरुवार को नगर मिलक में नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष सचिन शर्मा ने की, जबकि संचालन ब्लॉक मंत्री राम बहादुर गंगवार भगत ने किया।

बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष वीरेश शर्मा ने कहा कि किसानों की तरफ से कई मुद्दे सामने आए, लेकिन सबसे बड़ा मुद्दा बिजली विभाग की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का रहा। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणों से यह स्पष्ट होता है कि बिजली विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है और विभागीय कर्मचारियों का व्यवहार आम जनता के प्रति




अनुचित है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को बिजली बिलों में मनमानी वसूली, ट्रांसफार्मर खराब होने पर समय से मरम्मत न होने और अधिकारियों के असहयोगी रवैये से लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन सभी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने निर्णय लिया है कि 17 नवंबर (सोमवार) को बिजली विभाग, मिलक के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

संघ ने सभी कार्यकर्ताओं और किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने हक और अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की है।

बैठक में यह घोषणा होते ही सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में समर्थन व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुँचकर विभाग के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराएंगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, अरविंद कुमार, घनश्याम कुर्मी, राम बहादुर गंगवार, अरविंद गंगवार, अनमोल शर्मा, टिटू पांडे, मिंटू तिवारी, एवं अरुण श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभासदों ने बोर्ड की बैठक का किया बहिष्कार

**■ 6 सभासदों ने बैठक में नहीं बैठकर किया विरोध प्रदर्शन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** नगर पंचायत सभासदों ने बोर्ड की बैठक का बहिष्कार कर दिया 6 सभासद बैठक में नही बैठे जिन्होंने बैठक में नहीं बैठकर बैठक का विरोध किया। नगर पंचायत कार्यालय पर गुरुवार को बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया लेकिन 6 सभासदों ने बोर्ड की मीटिंग का बहिष्कार कर पंचायत प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी कर जिला अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कोरम पूरा न होने पर



मीटिंग स्थगित कर दी गई है।

सभासद मोहम्मद इरशाद, भगवती देवल, अनिल कुमार, साहेबा नूर, जितेंद्र चन्द्रा, कुलदीप सागर, ने जिला अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र मे कहा गया है कि तीस महीने से नगर मे कोई विकास कार्य नही किया गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष मनमानी पर उतारू है अगर कोई सभासद नगर पंचायत अध्यक्ष से अपने वार्ड मे काम के लिए कहता तब नगर पंचायत अध्यक्ष उसके साथ बदतमीजी करते है ओर धमकाते है एक रोड का नगर की बाहरी सीमा पर कराया जा रहा है जो की नगर पंचायत मे है ही नहीं है। वह रोड भूवरा मुस्तहकम में लगता है इसकी शिकायत जिला अधिकारी रामपुर से की है वही अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि बोर्ड की मीटिंग का कोरम पूरा न होने के कारण मीटिंग स्थगित कर दी गई है।

# वरिष्ठ पत्रकार मोहित शर्मा की माता जी का हुआ निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पत्रकार मोहित शर्मा जी की माता का कल दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही पूरे नगर और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर फैल गई।

स्वर्गीय माता जी एक धर्मपरायण और मृदुभाषी महिला थीं। उन्होंने अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ा है, जिसमें उनके पुत्र, वरिष्ठ पत्रकार मोहित शर्मा, और अन्य परिजन शामिल हैं।

नगर के गणमान्य व्यक्तियों,राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों



ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के चुनाव में जयप्रकाश सिंह निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष और नजाकत अली मंत्री निर्वाचित

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** गुरुवार को जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के राष्ट्रीय/प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी और प्रांतीय महामंत्री नरेश कौशिक के आदेशानुसार सर्व सम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए पुलिस बल की मौजूदगी में उच्च प्राथमिक विद्यालय बादली में चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। ब्लॉक स्वार अध्यक्ष पद के लिए जयप्रकाश सिंह प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय करखेड़ा एवं नजाकत अली प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय समौदिया के रूप में दो नामांकन पत्र भरे गए। जिसमे नजाकत अली ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। चुनाव के निश्चित समय तक किसी अन्य शिक्षक द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल नही किया



गया।

इसी क्रम में चुनाव6 पर्यवेक्षक कमर इस्हाक जववाद (जिला संरक्षक) एवं चुनाव अधिकारी रूप सिंह (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष) के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया।

समस्त औपचारिकताओं को पूरी करने के बाद जयप्रकाश सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष के पद का तीसरी बार निर्विरोध विजयी होने का प्रमाण पत्र दिया गाया। तथा इसी क्रम में ब्लॉक मंत्री के लिए नजाकत अली को सर्वसम्मति से तीसरी बार दायित्व सौंपा गया।

सभी ने दोनो पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समस्त चुनाव प्रक्रिया डॉ0 राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष एवं अंजुम स्नेही सक्सेना जिला महामंत्री के नेतृत्व में शांति पूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर हिमदीप सिंह, तहसीन आलम, राकेश कुमार, राकेश बाबू, विकारून निशा,अतीक अहमद, मुकेश कुमार, निशात अफरोज, आशा तिवारी, रवि कुमार, सुनील कुमार, जसवंत सिंह, नफासत अली, धर्मवीर सिंह, अब्दुल ररूफ, अशोक कुमार, ऋतु चौधरी, रूबी ठाकुर, प्रियंका चौहान, विवेक कुमार, अनुज कुमार, मुकेश कुमार, राजेश खन्ना, प्रदीप, जवेरिया खातून, अब्दुल बारिस, जाहिद अली, नजाकत अली, तहसीन आलम खां, रामपाल, अनिल कुमार, पदम सिंह, उषा, सुषमा कुमारी,ममता कुमारी, प्रतिभा सिंह, प्रभा देवी, मंजू रानी, उषा सैनी, रेशमा बी, सर्वेश कुमार, राजीव कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मुंशी, मौलवी, आलिम परीक्षा हेतु आवेदन करने की समय सारणी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) परीक्षा वर्ष 2026 हेतु आवेदन करने की समय सारणी जारी की गई है।

समय सारणी के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन 01 फरवरी, 2026 से 15 फरवरी, 2026 के मध्य किया जाना है।

उन्होंने बताया कि मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं की परिषद की मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), परीक्षा वर्ष 2026 के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि 20 नवम्बर 2025, परीक्षा वर्ष 2026 हेतु निर्धारित है।

परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अवधि 20 नवम्बर से 19 दिसम्बर, 2025 तक, आवेदन पत्रों को आनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर, 2025 है।

मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 22 दिसम्बर, 2025 निर्धारित की गई है।

# इंटर कॉलेज में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** नगर पालिका परिषद द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज टांडा में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं का स्वच्छता में योगदान का कार्यक्रम विद्यालय की छात्राओं के साथ स्वच्छता पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा नौ एवं दस की छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें उनके द्वारा अलग-अलग प्रकार के महिलाओं का स्वच्छता में योगदान के पोस्टर बनाए गए ।प्रतियोगिता उपरांत नगर पालिका लेखा लिपिक शुभम भारती एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर एवं अध्यापक संतोष, सादाब अजीम तथा सीएचसी टांडा से काउं. सलर रेणु शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्रोफी




एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा प्रतिभागी सभी छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

साथ ही महिलाओं के द्वारा स्वच्छता में किए गए कार्यों का वर्णन कर स्वच्छता के प्रति सभी छात्राओं को जागरूक किया,और यह भी आग्रह किया कि सभी छात्राएं अपने परिवार एवं रिश्तेदार मोहल्ले में आदि सभी को स्वच्छता हेतु जागरूक करेंगी स्वच्छता हेतु नगर पालिका परिषद टांडा का सहयोग भी करेंगी।

# त्रिवेणी एक्सप्रेस से कटकर सिपाही की पत्नी की, दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** गुरुवार सुबह कस्बा न्यूरिया में त्रिवेणी एक्सप्रेस से कटकर एक सिपाही की पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई, पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर फूल मैडम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है, उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। घटना सुबह 9.13 मिनट की बताई जा रही है मूल रूप से हापुड़ निवासी राशिद अली यहां डायल 112 में सिपाही है, वह परिवार सहित नगर के मोहल्ला खेड़ा में रहता है। बताते हैं कि गुरुवार सुबह उसकी पत्नी अलीशा पत्नी आयु 25 वर्ष घर से कुछ दूर रेलवे पटरी



के पार किराने की दुकान पर समान लेने जा रही थी इसी बीच टनकपुर की ओर से आ रही त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई, जिसके बाद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है, उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है।

मृतका की दो जुड़वा बेटियां हैं जो चार वर्ष की है, मासूम बेटियों के सिर से मां का साया उठ गया है, उनकी परवरिश को लेकर पिता का भी रो रोकर बुरा हाल है।

# प्राइवेट बस की चपेट में आकर युवक की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** प्राइवेट बस चालक द्वारा बस को बैक करते समय बस की चपेट में आने से एक चालीस वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसोड़ी ग निवासी पप्पू पुत्र जमील (40 वर्ष) आज शाम लगभग 4:30 बजे दरगाह पर गया था दरगाह पर एक प्राइवेट वस जायरीनों को लेकर भैंसोड़ी पर आई थी। प्राइवेट बस का ड्राइवर बस बैक कर रहा था इस दौरान पप्पू पुत्र जमील बस की चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। वहां बैठे लोग चिल्लाने लगे इतने में बस का पहिया पप्पू के ऊपर चढ़ गया और मौके पर मौत हो गई। सूचना पर परिजन भी रोते चिल्लाते दरगाह परिसर क्षेत्र में पहुंचे सूचना पर पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर शव पीएम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट ने की मंत्री सर्वेश रोहिल्ला के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** नगर निवासी मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट मिलक के मंत्री सर्वेश रुहेला का निधन हो गया। इस अपूरणीय नुकसान के लिए मोक्षधाम कमेटी की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। जिसमें स्वर्गीय सर्वेश रुहेला एक ईमानदार और समाजसेवी व्यक्ति थे उन्होंने मोक्ष धाम मिलक में बड़े निष्ठा तथा ईमानदारी से कार्य किया उनके जाने से एक ऐसी क्षति हुई है जिसे कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें उनके परिवार को इस संकट घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति दे जहां पर उपस्थित मोक्ष धाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णा कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ हरीश कुमार अग्रवाल, महामंत्री संजय सिंघल, कोषाध्यक्ष नाथू लाल गंगवार, अभय अग्रवाल, प्रमोद कुमार सक्सेना, अवधेश कुमार सक्सेना, राजीव कुमार जैन, रजनीश कुमार अग्रवाल, अशोक माहेश्वरी, सरदार आत्मजीत सिंह, विनोद प्रकाश सक्सेना इत्यादि उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# खेत की मेंढ़ को लेकर दो पक्षों के विवाद में एक घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सीता रामपुर के जंगल में खेत की मेंढ़ को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई कहा सुनी इतनी बढ़ी कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया।

बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान एक पक्ष के राजेंद्र पुत्र काशीराम को चोट लग गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष के गोपी नामक युवक ने डंडे से वार कर राजेंद्र को घायल कर दिया। घायल को परिजनों ने तत्काल स्वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां घायल का उपचार किया जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से पूछताछ की। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# टाण्डा में एक और निजी अस्पताल सील, हड़कम्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** नगर के मुरादाबाद मार्ग पर डाकघर के पास स्थित बच्चों के एक अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया। अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गया।अस्पताल के पंजीकरण से संबंधित कोई प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को नगर के मुरादाबाद मार्ग पर स्थित उप डाकघर के पास संचालित बच्चों के एक निजी अस्पताल पर छापा मारा। छापे की भनक लगते ही चिकित्सक सहित समस्त स्टाफ अस्पताल से भाग खड़ा हुआ। टीम ने अस्पताल के अंदर प्रवेश कर मुआयना किया तो वहां






दवाएं और विभिन्न उपकरण पाए गए तथा बच्चों के भर्ती करने के लिए बेड भी पड़े थे। अस्पताल के रजिस्ट्रेशन से संबंधित कोई प्रमाण नहीं मिला। डॉक्टर देवेश चौधरी ने बताया कि अस्पताल पंजीकृत है तथा नियम विरुद्ध चलाया जा रहा है। जिसके आधार पर तत्काल अस्पताल को सील कर दिया गया तथा अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर जिला मुख्यालय तलब किया गया है। नोडल अधिकारी ने बताया कि लोगों की जान से खिलवाड़ नहीं होने दी जाएगी और नियम विरुद्ध संचालित अस्पतालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**नाम अदालत- न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (व.ख.) रामपुर**

विविध वाद सं. 148 / 2025

नाम फरीकैन- 1-प्रांजल कुमार सिंह पुत्र श्री डम्बर सिंह

2-डम्बर सिंह पुत्र (स्व.) खमानी सिंह निवासीगण मोहल्ला ब्राहमपुर इमली चौक, तहसील व जिला बदायूँ।

बनाम आम जनता

चूंकि उक्त प्रांजल कुमार सिंह आदि ने उत्तराधिकार प्रकीर्ण वाद सं.6/2022, श्रीमती उर्मिला देवी बनाम आम जनता को न्यायालय द्वारा दिनांक 19.09. 2025 को दोनों पक्षों की अनुपस्थिति में खारिज कर दिया था जिसे रेस्टोर कराने के लिये उक्त विविध वाद प्रस्तुत किया गया है।

अत: यह नोटिस निकाला जाता है कि उपरोक्त रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19.11. 2025 को प्रात: 10:00 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। वाजे हो कि उक्त तिथि व समय के पश्चात फिर किसी की आपत्ति ना ग्रहण की जायेगी और ना ही सुनी जायेगी और उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

आज दिवस 13 माह 11 सन् 2025 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**मुसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**(व.ख.) रामपुर**

# युवा आगे बढ़ें, राष्ट्र को जोड़ें: उप निदेशक माहे आलम

**■ 15 नवम्बर को जनपद में सरदार /150 एकता पदयात्रा का होगा आयोजन**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** माय भारत, रामपुर द्वारा राष्ट्रख्एकता के प्रतीक और भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर 2025 को प्रात: 9 बजे एक भव्य "सरदार /150 एकता पदयात्रा" का आयोजन किया जा रहा है।

यह ऐतिहासिक पदयात्रा स्टेट बैंक के निकट से प्रारम्भ होकर रामपुर किला तक जाएगी, जो सदियों से रामपुर की सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक चेतना का केंद्र रहा है।

इस पदयात्रा को जनसमर्थन, युवा सहभागिता तथा राष्ट्रीय एकता के भाव से एक विराट स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है।

इस कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान करेंगे मंत्री गुलाब देवी तथा विधायक आकाश सक्सेना, जिनकी उपस्थिति युवा शक्ति के लिए ऊर्जा, प्रेरणा और नेतृत्व का सशक्त संदेश होगी। दोनों जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से यह संदेश मजबूत होगा कि एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समर्पण केवल कार्यक्रमों की औपचारिकता नहीं बल्कि भारत की आत्मा हैं।

पदयात्रा के दौरान युवाओं, स्वयं सेवकों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा मंडलों, सामाजिक संगठनों और नागरिक समूहों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

मार्ग में देशभक्ति के गीत, एकता संदेश, राष्ट्रीय ध्वज की महिमा, तथा सरदार पटेल के विचारों पर आधारित प्रेरक उद्घोष झंकारित होंगे। रामपुर किले पर समापन के पश्चात एक संक्षिप्त युवाख्संवाद एवं एकताख्संकल्प भी कराया जाएगा।

उपनिदेशक श्री महे आलम ने पदयात्रा से पूर्व अपनी अपील की है कि रामपुर के सभी युवा साथी, छात्रख्छात्रा, स्वयंसेवक, महिला समूह, सामाजिक संगठन और नागरिक 15 नवम्बर की सुबह 9 बजे एकता के इस पावन अवसर पर अधिकतम संख्या में शामिल हों। सरदार वल्लभ भाई पटेल केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि भारत की अखंडता, साहस, निष्ठा और राष्ट्रीय चरित्र का अमर प्रतीक हैं। उनकी 150वीं जयंती पर यह पदयात्रा हमारी प्रतिबद्धता का सार्वजनिक संकल्प है कि हम भारत की एकता, सद्भाव और भाईचारे को सर्वोपरि रखेंगे।"

उन्होंने कहा कि "माय भारत के माध्यम से रामपुर के युवा जिस ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ स्वच्छता ही सेवा, नशाख्मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण, खेल, नेतृत्वख्विकास, सामुदायिक सेवा एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं, वह सराहना योग्य है। यह पदयात्रा उसी सेवाख्भावना की निरंतरता है। अपनी अपील में उन्होंने विशेष रूप से कहा कि "सभी स्वयंसेवक, युवा व नागरिक 'mybharat-gov-in' पर अवश्य पंजीकरण करें। यह राष्ट्रीय मंच युवाओं को सरकारी कार्यक्रमों, नेतृत्व के अवसरों, प्रशिक्षण गतिविधियों, कौशल-विकास तथा सामुदायिक सेवा से जोड़ता है। पंजीकृत युवा न केवल अधिक अवसर प्राप्त करते हैं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए अपने योगदान को औपचारिक रूप से दर्ज भी करा सकते हैं।"

माय भारत, रामपुर ने जिले के सभी नागरिकों, युवा संगठनों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक समूहों से यह भी अनुरोध किया है कि वे इस पदयात्रा को एक ऐतिहासिक जनख्आंदोलन का रूप दें और यह दिखाएँ कि रामपुर की युवा शक्तिएकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों पर दृढ़तापूर्वक खड़ी है।

# इंपैक्ट कॉलेज में हुआ न्यूट्रिशन डे पर स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधरित एक सार्थक कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** इंपैक्ट कॉलेज, रामपुर के होम साइंस विभाग द्वारा न्यूट्रिशन डे के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधारित एक सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हेल्दी न्यूट्रिशन फूड्स की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें छात्रों ने विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों, उनके लाभ और संतुलित आहार के महत्व को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान पोषण से संबंधित विविध गेम्स और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित आहार अपनाने हेतु पोषण



प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।

होम साइंस विभाग की ओर से छात्रों को हेल्दी फूड की महत्ता, संतुलित भोजन, माइक्रो-न्यूट्रिएंट्स की आवश्यकता, तथा जीवनशैली में पोषण के योगदान के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में चेयरमैन सर, एम.डी. सर एवं प्रिंसिपल सर की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई एवं कार्यक्रम को सफल बनाया।

इंपैक्ट कॉलेज सदैव छात्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दिल्ली लाल किला ब्लास्ट का हापुड़ कनेक्शन

## ब्लास्ट के मामले में जीएस मेडिकल कॉलेज का असिस्टेंट प्रोफेसर हिरासत में

**नदीम नक़वी**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली में हाल ही में हुए ब्लास्ट मामले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पुलिस और जांच एजेंसियों को लगातार चौंकाने वाले खुलासे मिल रहे हैं। जांच में अब बड़ा मोड़ तब आया जब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसकी कड़ियाँ उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले तक पहुंचा दीं। देर रात स्पेशल सेल की टीम ने पिलखुवा स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज में दबिश देकर प्रसूति रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. फारुख अहमद डार को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि डा. डार जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के मीरिपोर बीरवाह गांव के निवासी हैं और पिछले डेढ़ साल से कॉलेज कैंपस में रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी के आतंकी संगठनों से संपर्क होने की आशंका है।

सूत्रों के अनुसार, बुधवार देर रात करीब दो बजे हुई इस कार्रवाई से कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया। टीम ने पहले कॉलेज प्रबंधन को सूचना दी, फिर डा. फारुख अहमद डार के कमरे की तलाशी ली गई। इस दौरान उनका लैपटॉप, मोबाइल फोन और पेन ड्राइव जब्त किए गए हैं। स्पेशल सेल को शक है कि इन डिवाइसेज़ में लाल किला विस्फोट से जुड़े अहम सुराग मिल सकते हैं। पूछताछ के दौरान डा. फारुख अहमद डार से आधे घंटे तक सवाल-जवाब किए गए और उसके बाद टीम उन्हें दिल्ली ले गई।




फिलहाल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से इनकार किया है। जानकारी के मुताबिक डा. फारुख अहमद डार ने वर्ष 2016 में आचार्य श्रीचंद कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, जम्मू से एमबीबीएस किया था। इसके बाद 2022 में उन्होंने सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर से प्रसूति रोग की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह एनसीआर के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े, जहाँ 6 अक्टूबर 2022 से अप्रैल 2024 तक कार्यरत रहे। 6 अप्रैल 2024 को उन्होंने जीएस मेडिकल कॉलेज, पिलखुवा में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर जॉइन किया। सहकर्मियों के अनुसार, वो एक शांत, विनम्र और मिलनसार व्यक्ति हैं। कभी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि नजर नहीं आई। सूत्रों के अनुसार, डा. फारूक अहमद डार से लगातार पूछताछ की जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के साथ-साथ इंटेलिजेंस ब्यूरो और एनआईए की टीमें भी जांच में सक्रिय हैं। एजेंसियां यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आरोपी की दिल्ली ब्लास्ट के आरोपियों से क्या भूमिका या संबंध रहा है। कॉलेज प्रशासन ने जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने की बात कही है। कॉलेज प्रबंधन ने इस मामले में एक आंतरिक जांच समिति गठित करने का निर्णय भी लिया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी प्रोफेसर की गति. विधियों के बारे में किसी को पहले से कोई जानकारी थी या नहीं। दिल्ली पुलिस सूत्रों का कहना है कि फिलहाल डा. फारूक डार से लगातार पूछताछ की जा रही है और उनके पास से मिले डिजिटल उपकरणों, लैपटॉप और मोबाइल फोन को जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आने वाले दिनों में इस जांच से दिल्ली ब्लास्ट मामले से जुड़े और कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

## हाईवे पर एंबुलेंस और कार की भीषण टक्कर, चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार में जा रही एक एंबुलेंस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन हाईवे पर पलट गए, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई।

हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं, जिनमें एंबुलेंस चालक और कार सवार शामिल हैं। सूचना मिलते ही थाना बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एंबुलेंस मरीज को लेकर मेरठ की ओर जा रही थी और सामने से तेज रफ्तार कार हापुड़ की दिशा से आ रही थी। अचानक मोड़ पर दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई।



टक्कर इतनी तेज थी कि एंबुलेंस और कार दोनों सड़क किनारे पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हाईवे पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर खुलवाया। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग प्रतीत हो रहा है। हालांकि, सटीक कारण का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। कई लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस कर्मियों की मदद से घायलों को बाहर निकाला। फिलहाल, पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मामले की जांच जारी है।

## तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, दो युवकों की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में एक बार फिर तेज रफ्तार ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। नगर कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर कट के पास देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक हरदोई जनपद के रहने वाले बताए जा रहे हैं और किसी काम से नोएडा की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक सवार युवक तेज रफ्तार में नोएडा की दिशा में जा रहे थे। जैसे ही वे निजामपुर कट के पास पहुंचे, अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधा सड़क के बीच बने डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान हरदोई जिले के रहने वाले अजय प्रताप और लालाराम के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक किसी जरूरी कार्य से नोएडा जा रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



उन्होंने कहा कि सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था को सामान्य कर दिया गया है और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में आए दिन तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि निजामपुर कट के पास स्पीड ब्रेकर और चेता. वनी बोर्ड लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## एसपी ने की बीट प्रणाली बैठक की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में अपराध नियंत्रण, जनता से संवाद और पुलिस की जमीनी पकड़ को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में ज़िलें के सभी थानों से आए मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों ने हिस्सा लिया। एसपी ने स्वयं सभी की बीट बुक का अवलोकन किया और उनके कार्यों की समीक्षा की। बीट बुक में दर्ज सूचनाओं, स्थानीय अपराध नियंत्रण प्रयासों, संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी, जनसंपर्क और क्षेत्रीय भ्रमण गतिविधियों को परखा गया। बैठक के दौरान एसपी ने सभी बीट अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में



नियमित भ्रमण करें, स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और वरिष्ठजनों से संवाद स्थापित करें तथा किसी भी अपराधिक गति. विधि की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि बीट प्रणाली पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी है। हर बीट प्रभारी को चाहिए कि वे अपने क्षेत्र के हर मोहल्ले, गली, स्कूल और प्रमुख स्थलों की जानकारी रखें। अगर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि कर रहा है या किसी विवाद की स्थिति है, तो उसे समय रहते चिन्हित किया जाए ताकि अपराध होने से पहले ही रोका जा सके। बैठक के दौरान एसपी ने कई बीट बुक में दर्ज सूचनाओं की तुलना वास्तविक फील्ड रिपोर्ट से की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीट अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभा रहे हैं या नहीं। कुछ स्थानों पर लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने चेतावनी भी दी और कहा कि बीट कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने कहा कि अब बीट प्रणाली में टेक्नोलॉजी और डिजिटल मॉनिटरिंग का भी इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे बीट प्रभारी के फील्ड मूवमेंट और जनसंपर्क की निगरानी बेहतर तरीके से हो सके। बैठक के अंत में एसपी ने कहा कि जनता की सुरक्षा और विश्वास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बीट अधिकारी ही पुलिस की वह कड़ी हैं, जो जनता से सबसे पहले संपर्क में आते हैं। अगर बीट प्रणाली मजबूत होगी, तो अपराध स्वत: नियंत्रण में रहेगा।

## छिजारसी टोल पर पुलिस की चौकसी, पकड़ा 35 पशुओं से भरा कैंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी टोल प्लाजा पर बुधवार देर रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कैंटर से 35 पशु बरामद किए। वाहन चालक को हिरासत में लिया गया है, जबकि पशु मालिक मौके से भाग निकला। दिल्ली में हाल ही में हुए धमाकों के बाद पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है।

बुधवार की देर रात हापुड़ की ओर से आ रही है कैंटर की पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली तो उसमें ठूंसकर भरे 35 पशु मिले। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को कोतवाली पहुंचाया। पकड़े गए चालक की पहचान जनपद बागपत शहर के मरकज मस्जिद निवासी कैफ के रूप में हुई है। उसने



पूछताछ में बताया कि पशुओं को अठसैनी की पशु पैठ से डासना स्थित एक मीट फैक्ट्री तक पहुंचाना था। पुलिस ने बताया कि पशु मालिक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। बरामद पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि दिल्ली धमाकों के बाद जिलेभर में वाहनों की सघन जांच की जा रही है। अवैध ढंग से पशु परिवहन या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है।

## पुरानी नगर पालिका में पेड़-पौधो में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के पुरानी नगर पालिका परिसर में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते कई पेड़-पौधे और आसपास की झाड़ियां उसकी चपेट में आ गईं। धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि उसके कारण आसपास के क्षेत्र में काफी देर तक धुआं छाया रहा। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हरियाली को भारी



नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिसर में कूड़े-कचरे और सूखे पत्तों के ढेर के पास अचानक आग भड़क उठी, जो तेज हवा के कारण फैल गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। दमकल कर्मियों का मानना है कि आग शॉर्ट सर्किट या किसी राहगीर द्वारा फेंकी गई जलती बीड़ी/सिगरेट से भी लग सकती है। मौके पर पुलिस और नगर पालिका के अधिकारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने आग लगने की घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से परिसर की नियमित सफाई और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

## अवैध तमंचे संग एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध असलहा और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

थाना अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा शहर में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आरोग्य हॉस्पिटल वाले पहले चौराहे के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में 315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान अनस उर्फ राजधानी पुत्र आबिद, निवासी हारुन परचून की दुकान के पास, मोहल्ला कोटला मेवातियान, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायिक कार्यवाही हेतु अदालत में पेश किया जा रहा है। अधिकारी ने यह भी कहा कि जनपद में ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत लगातार अवैध असलहों की बरामदगी और अपराधियों की धरपकड़ जारी रहेगी, ताकि किसी भी आपराधिक घटना पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय दिव्यांग समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांगजनों से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और उनके शीघ्र एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र से जुड़े सभी लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए ताकि किसी भी पात्र दिव्यांग को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कोई कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं जैसे दिव्यांग पेंशन



योजना, सहायता उपकरण वितरण योजना और अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुँचना चाहिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन दिव्यांग व्यक्तियों के आवे. दन पूर्व में जमा हो चुके हैं परंतु उनके प्रमाणपत्र अब तक जारी नहीं हुए हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए और उनकी फाइलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। साथ ही, जिन लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनके कारणों की जांच कर समाधान किया जाए ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। बैठक में समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत राज, श्रम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, अत: उनके सम्मान और सुविधा के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।

## कचरा प्रबंधन की मिसाल पेश कर रही है झड़ीना की कमलेश त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अपने घरेलू कामक. ाज के साथ ही ग्राम झड़ीना की महिला कचरा प्रबंधन की सराहनीय मिसाल भी पेश कर रही है। जिस से प्रेरणा लेकर गांव की अन्य महिलाएं भी कचरा प्रबंधन को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रही है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छता अभियान को लगातार प्रोत्साहन देती आ रही है, जिसके तहत आम जनता में बड़ी तेजी के साथ कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ रही है।

गांव झड़ीना निवासी गृहणी कमलेश त्यागी कचरा प्रबंधन योजना के तहत अपने घर के सूखे और गीले कूड़े को अलग अलग रखती हैं। जिसमें से गीले कचरे से तैयार होने वाली जैविक खाद को घर में उगाई गई फुलवारी और शाक वाटिका में उपयोग किया जाता है, जबकि सूखा कचरा जंगल के अंदर गड्डों में दबा कर उसकी खाद बनाकर फसलों में डाला जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर गूंज रहे स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत के नारे को गढ़ क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में बसे झड़ीना गांव में ग्रहणी कमलेश त्यागी अपनी लगन और दूरदर्शिता के बल पर पूरी तरह फलीभूत कर रही हैं। हाई स्कूल तक शिक्षा ग्रहण करने वाली कमलेश त्यागी चार बच्चों की मां हैं,जो पढ़ाई के वक्त से ही साफ सफाई के प्रति लगाव रखने के साथ ही पेड़ पौधों की देखभाल में भी विशेष रूचि रखती हैं। अपने घर की साफ सफाई में एकत्र होने वाले कूड़े के लिए दरवा. जे के बाहर ड्रम रखा हुआ है। गीले कचरे को मिट्टी में दबाकर उससे जैविक खाद तैयार की जाती है। कमलेश त्यागी की इस कवायद में उनके बच्चे भी भरपूर साथ देते हैं।



जो सूखे कूड़े को बुग्गी के माध्यम से खेत पर ले जाकर दबा देते हैं। कमलेश त्यागी का कहना है कि साफ सफाई को बढ़ावा दिया जाना हर किसी के लिए बेहद जरूरी हो गया है। क्योकि जन जागरूकता के बिना अकेले सरकारी संसाधन इसके लिए किसी भी दशा में काफी नहीं हैं। उनका मानना है कि स्वच्छता के बल पर ही अधिकांश संक्रामक बीमारियों से भी सुरक्षित रहा जा सकता है।

## गालंद गांव में क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट, दबंगों की गुंडई कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गालंद में क्रिकेट खेल के दौरान हुआ विवाद उस समय हिंसक हो गया जब दबंगों ने एक युवक को पकड़कर जमीन पर लिटा दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें क्रिकेट को लेकर कुछ दबंग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे थे। मारपीट का यह वीडियो मौके पर मौजूद एक युवक ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवक को लगातार लात-घूंसों से पीटा जा रहा है,



जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। वीडियो वायरल होने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर

## एंटी रोमियो टीम ने मनचलों के खिलाफ चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा निरंतर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ज़िलें के सभी थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड टीमों एवं महिला सुरक्षा दलों ने प्रमुख बाजारों, पार्कों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और गांव-कस्बों में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान टीमों ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मनचलों, शोहदों और संदिग्ध युवकों की गहन जांच-पड़ताल की। अनावश्यक रूप से घूमने वाले युवकों से पूछताछ कर उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि यदि वे दोबारा इस प्रकार की गति. विधियों में शामिल पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एंटी रोमियो टीमों ने इस दौरान विभिन्न महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों 1090, 181, 112 की भी जानकारी दी।

## महिला दारोगा को ससुरालियों ने दी तेजाब डालने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में तैनात एक महिला दारोगा ने अपने ही ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि शादी के बाद से ससुराल वाले लगातार 10 लाख रुपये और कार की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर अब उसे तेजाब डालकर जलाने की धमकी दी जा रही है।

शिकायत के अनुसार, नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गणेशपुरा निवासी महिला दारोगा पायल रानी की शादी 2 दिसंबर 2022 को पिलखुवा क्षेत्र के गांव पूठा हुसैनपुर निवासी गुलशन के साथ हुई थी। शादी के समय पायल रानी का चयन महिला दारोगा पद पर हो चुका था। उन्होंने बताया कि शादी के कुछ समय बाद ही पति गुलशन, ससुर नरेंद्र, सास गीता, जेठ कमल, जेठानी कोमल, ननद सलोनी और बहनोई रिंकू ने 10 लाख रुपये नकद और एक कार की मांग शुरू कर दी। पायल रानी का आरोप है कि ससुराल पक्ष के दबाव में उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान अपनी सैलरी हर महीने पति के खाते में ट्रांसफर करनी शुरू कर दी। लेकिन लालच बढ़ता ही गया। बाद में ससुराल वालों ने उन्हें 10 लाख रुपये का लोन लेकर देने को कहा। मजबूरी में उन्होंने लोन लेकर रकम पति को दे दी, मगर फ़िर भी उत्पीड़न कम नहीं हुआ। महिला दारोगा के मुताबिक, जब उन्होंने अपनी सैलरी देना बंद किया तो पति गुलशन उनके किराये के कमरे पर पहुंच गया और मारपीट की। इस दौरान उसने धमकी दी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो चेहरे पर तेजाब डाल देगा और उनकी फर्जी फोटो बनवाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने पहले भी आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत की थी, लेकिन अब स्थिति गंभीर होती जा रही है। महिला दारोगा की शिकायत पर एसपी के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने पति गुलशन सहित छह ससुरालजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, धमकी और मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जाँच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, रेलवे लाइन के पास मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के छिजारसी फाटक के पास मंगलवार को रेलवे लाइन पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त की। मृतक की पहचान बिहार के मुंगेर ईदगाह हजरतगंज गली नंबर तीन के रहने वाले मुन्ना के रूप में हुई है। शव खंबा संख्या 123/6 के पास पड़ा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और स्थल निरीक्षण के बाद ही वास्तविक कारण का पता चलेगा। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के सबूत जुटाए जा रहे हैं।

# रोमांचक टेस्ट के लिए तैयार ईडन गार्डन्स

## भारत-द. अफ्रीका के बीच दो मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से



**कोलकाता, वार्ता।** ईडन गार्डन्स में दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को रोमांचक मुकाबला होने वाला है। भारत प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, लेकिन प्रोटियाज को नजरअंदाज मत कीजिए-उनके पास मैच में हलचल मचाने की क्षमता है। शुभमन गिल शांत और प्रभावशाली तरीके से मेजबान टीम की अगुवाई कर रहे हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम जबरदस्त है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल नई गेंद का सामना कर सकते हैं, जबकि मध्यक्रम-ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल-गहराई, लचीलापन और अप्रत्याशितता का तड़का लगाते हैं। और याद रखें, ईडन की यह पिच सिर्फ़ ताकत ही नहीं, बल्कि कौशल को भी पुरस्कृत करती है। गेंदबाजी विभाग घातक है। जसप्रीत बुम. राह और मोहम्मद सिराज अपनी तेजी और उछाल से पारी की शुरुआत कर सकते हैं जिसका कोई भी बल्लेबाज सम्मान करेगा, जबकि कुलदीप यादव, जडेजा और सुंदर विकेट के टर्न लेते ही अपनी स्पिन का जादू बिखेरेंगे।

टॉस जीतने वाले कप्तान लगभग निश्चित रूप से सपाट सतह का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बल्लेबाजी करेंगे, जिससे मैच के बाद के मुक़ाबले में मुक. ाबला तय हो जाएगा। टेम्बा बाव. ुमा कप्तान के रूप में फिर से मैदान पर हैं, और उन्हें पता है कि चुनौती बहुत बड़ी है। रयान रिकेल्टन और एडेन मार्करम को शीर्ष क्रम को संभालना होगा, जबकि बावुमा, टोनी डी जोरजी और वियान मुल्डर मध्यक्रम को संभालेंगे। गेंदबाजी के मोर्चे पर, कगिसो रबाडा और वियान मुल्डर को शुरुआत में ही जोरदार शुरुआत करनी होगी-शुरुआती सफलता अनमोल होगी।

केशव महाराज और सेनुरन मुथुस्वामी टर्निंग पिच का फ़ायदा उठाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इतिहास मेहमान टीम के पक्ष में नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ने 15 साल से जड़ादा समय से भारत में कोई टेस्ट नहीं जीता है, लेकिन अगर वे शुरुआती झटकों को झेल सकते हैं, दबाव झेल सकते हैं और भारत की स्पिन सेना से निपट सकते हैं, तो आश्चर्य हो सकता है। यह आसान नहीं होगा, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कुछ भी संभव है। ईडन गार्डन्स की कहानी दो भागों में बयां करती है। पहली पारी के लिए पिच सपाट और सटीक है।

### संभावित एकादश

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, मोहम्मद सिराज

**दक्षिण अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, वियान मुल्डर, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुस्वामी, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, रयान रिकल्टन, साइमन हार्मर।

# इस्लामाबाद विस्फोट के बाद सीरीज रावलपिंडी स्थानांतरित

● **डॉन ने बताया कि पाकिस्तान श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा वनडे मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिंडी में होगा**

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने श्रीलंका के साथ चल रही वनडे श्रृंखला और श्रीलंका और जिम्बाब्वे के साथ आगामी टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के संशोधित कार्यक्रम की गुरुवार को घोषणा की। साथ ही, इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के मद्देनजर सभी मैच रावलपिंडी स्थानांतरित कर दिए गए हैं।

पहले यह श्रृंखला लाहौर में होने वाली थी, लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं के कारण, टूर्नामेंट को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया गया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि नए कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा और तीसरा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच अब 14 और 16 नवम्बर को रावलपिडी में खेला जाएगा। पाकिस्तान, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला अब 18 नवम्बर से शुरू होगी, जिसका फाइनल 29 नवम्बर को उसी स्थान पर होगा। पीसीबी ने कहा कि कार्यक्रम में संशोधन का निर्णय श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और जिम्बाब्वे क्रिकेट के साथ परामर्श के बाद लिया गया है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### जैनिक सिनर एटीपी फाइनल्स सेमीफाइनल में पहुंचे

**इटली, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन और इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में जगह बना ली है। पुरुष टेनिस में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जैनिक सिनर ने बुधवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल में तीसरे वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर घंटे 37 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। सिनर की इनडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 28 जीत है। मैच के बाद सिनर ने कोर्ट पर इतालवी भाषा में कहा कि इसके पीछे बहुत मेहनत है। हमारे खेल में, आत्मविश्वास महत्वपूर्ण है, और यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप इस प्रतियोगिता में कैसे पहुंचते हैं।

### बांग्लादेश के बॉलरों ने आयरलैंड को बड़ी हार की ओर धकेला

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लदेश ने महमुदुल हसन जॉय (171) और कप्तान नजमुल शान्तो की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्टंप्स के समय दूसरी पारी में आयरलैंड के 86 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर अपनी टीम के लिए बड़ी जीत का दरवाजा खोल दिया। एक विकेट पर 338 रन से आगे खेलते हुए आज बंगलादेश को दूसरा झटका सुबह के सत्र में बैरी मक्कार्थी ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे महमुदुल हसन जॉय को आउटकर दिया। महमुदुल हसन जॉय ने 286 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए 171 रन बनाए। इसके बाद 89वें ओवर में मक्कार्थी ने मोमिनुल हक (82) को अपना शिकार बना लिया। मुशफिकुर रहीम (23), लिटन कुमार दास 60 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों को मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। कप्तान ने 114 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 100 रन बनाए।

# भारतीय टेनिस टीम इतिहास रचने की कोशिश में

● **भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया के ग्रुप में रखा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला टेनिस टीम शनिवार को बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में अपने बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ अभियान की शुरुआत करेगी। बिली जीन किंग कप रैंकिंग में 27वें स्थान पर काबिज भारत को बिली जीन किंग कप 2025 प्ले-ऑफ़ में दुनिया की 14वें नंबर की टीम नीदरलैंड और 19वें नंबर की टीम स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। तीनों टीमें राउंड-रॉबिन मैचों में आमने-सामने होंगी और ग्रुप विजेता 2026 के क्वालीफायर में पहुंच जाएंगी।

अन्य दो टीमें अगले सीजन के लिए अपने-अपने 2026 क्षेत्रीय ग्रुप एक मुकाबलों में वापस आ जाएंगी। भारत बिली जीन किंग कप के क्वालीफायर में कभी आगे नहीं बढ़ पाया है। नीदरलैंड और स्लोवेनिया शुक्रवार को ग्रुप का पहला मुकाबला खेलेंगे। नीदरलैंड की अगुवाई दुनिया की 87वें नंबर की खिलाड़ी सुजैन लामेंस करेंगी, जबकि स्लोवेनिया की टीम में पूर्व फ्रेंच ओपन सेमीफाइनलिस्ट तमारा जदिनसेक शामिल हैं। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा, उसके बाद रविवार को नीदरलैंड से मुकाबला होगा। विश्व की 309वें नंबर की खिलाड़ी सहजा यामालापल्ली, जो इन मुक. ाबलों के लिए भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त टेनिस खिलाड़ी हैं, बेंगलुरु में टीम का नेतृत्व करेंगी। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने मेक्सिको में डब्ल्यूटीए 125 इवेंट में 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस को हराया था। वह पिछले महीने चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 इवेंट के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थीं। एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना, जो वर्तमान में एकल वर्ग में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 482वें स्थान पर हैं, भी टीम में हैं। श्रीवल्ली भामिदीपती (रैंक 381), रिया भाटिया (रैंक 468) और युगल विशेषज्ञ प्रार्थना थोम्बरे टीम की अन्य सदस्य हैं।

भारतीय टेनिस टीम ने अप्रैल में बिली जीन किंग कप 2025 एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में दूसरे स्थान पर रहकर अपनी जगह पक्की कर ली थी। भारत इससे पहले 2021 में प्ले-ऑफ में पहुंचा था, जहां उसे लातविया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था। बिली जीन किंग कप, जिसे पहले फेड कप के नाम से जाना जाता था, महिलाओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस आयोजनों में से एक है, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी टीम प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ आती हैं। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए केवल पुरुषों के डेविस कप के समकक्ष है। यह दूसरी बार होगा जब भारत बिली जीन किंग कप प्ले-ऑफ में भाग लेगा।

# फुटबॉलर पाउलो अस्पताल में भर्ती

**रियो डी जेनेरियो, वार्ता।** ब्राजील के साओ पाउलो फुटबॉल क्लब के मिडफील्डर ऑस्कर फिटनेस टेस्ट के दौरान हृदय संबंधी जटिलताओं के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। ब्राजीलियाई क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी कि 34 वर्षीय ऑस्कर को मंगलवार को साओ पाउलो के बारा फंडा प्रशिक्षण परिसर में परीक्षण के दौरान बेहोश होने के बाद अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल ले जाया गया। साओ पाउलो ने एक बयान में कहा कि ऑस्कर की हालत स्थिर बनी हुई है और उन्हें कार्डियोलॉजी यूनिट में निगरानी, चिकित्सा निगरानी और जांच के लिए रखा गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार पैरामेडिक्स के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले यह अनुभवी प्लेमेकर लगभग दो मिनट के लिए बेहोश हो गया था।

# आईपीएल-2026 से पहले मोहम्मद शमी त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोहम्मद शमी, जो हाल ही में भारतीय टीम में चयन न होने के कारण चर्चा में हैं, 2026 के आईपीएल सीजन से पहले त्रिकोणीय रस्साकशी के केंद्र में हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज के लिए कई फ्रेंचाइजी रुचि दिखा रही हैं, और हो सकता है कि उन्हें उनमें से किसी एक के साथ ट्रेड कर दिया जाए।

हाल ही में पता चला है कि सनराइजर्स हैदराबाद मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। 35 वर्षीय तेज गेंदबाज, जो अपने 12 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में लंबे समय तक भारतीय आक्रमण का अगुआ रहा है, जिसमें 64 टेस्ट, 108 वनडे और 25 टी20 अंतर्राष्ट्रीय शामिल हैं, को लखनऊ सुपर



● **हाल ही में पता चला है कि एसआरएय मौजूदा मांग का सर्वोत्तम उपयोग करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है**

जायंट्स द्वारा खरीदा जा रहा है और दिल्ली कैपिटल्स भी उतनी ही उत्सुकता दिखा रही है। अब देखना यह होगा कि एसआरएच प्रबंधन इस स्थिति से कैसे निपटता है। अगर यह सौदा होता है, तो यह एकतरफा होगा। नीलामी पूल में शामिल होने की भी संभावना है, लेकिन पूरी तरह से नकद लेन-देन वाला विकल्प जड़ादा संभावित लगता है। शमी को जेद्दा में हुई पिछली मेगा नीलामी में एसआरएच ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन मामूली रहा - 56.17 के निराशाजनक औसत और 11.23 के इकॉनमी रेट से सिर्फ़ छह विकेट, जबकि उनके करियर के आंकड़े क्रमश: 28.19 और 8. 63 रहे हैं। उन्होंने कुल 119 आईपीएल मैचों में 133 विकेट लिए हैं, जिनमें से जड़ादातर विकेट उन्होंने 2022 और 2023 में गुजरात टाइटन्स के लिए दो शानदार सीजन के दौरान लिए थे, जब उन्होंने कुल मिलाकर 48 विकेट (क्रमश: 20 और 28) लिए थे। चोट के कारण वह पूरे आईपीएल 2024 से बाहर हो गए।

# आईपीएल 2026 में वॉटसन होंगे केकेआर के सहायक कोच



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। 59 टेस्ट, 190 एकदिवसीय और 58 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेल चुके क्वींसलैंड के शेन वॉटसन, अभिषेक नायर के साथ काम करेंगे, जिन्हें हाल ही में तीन बार की पूर्व चैंपियन केकेआर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वॉटसन इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े हुए थे। 44 वर्षीय वॉटसन आईपीएल के दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 12 सीजन खेले हैं। उन्होंने 2008 में राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के पहले सीरीज में शानदार जीत दिलाई थी। उन्होंने उस सीजन में एमवीपी का खिताब जीता था और 2013 में फिर से यह कारनामा दोहराया था।

# भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं पर रहेगी नजर

● **अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है, 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी-20 प्रारूप में खेली जाएगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएं शुक्रवार को कतर के दोहा में शुरू होने वाले राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में सुर्खियों में रहेंगी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट जिसका पहला आयोजन 2013 में इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के रूप में हुआ था। अब तक छह संस्करण पूरे कर चुका है। 2025 में होने वाली यह प्रतियोगिता, जो टी20 प्रारूप में खेली जाएगी, नए राइजिंग स्टार्स बैनर तले पहली बार आयोजित की जाएगी। अंडर-23 भारतीय क्रिकेट टीम ने सिंगापुर में आयोजित पहले संस्करण में जीत हासिल की थी, जबकि अफग़ानिस्तान ए ने पिछले साल ओमान में आयोजित पिछले इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब जीता था। श्रीलंका और पाकिस्तान भी पिछले चैंपियन हैं। इस साल का संस्करण 14 से 23 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें आठ टीमें - पूर्ण सदस्य देशों की पांच 'ए' या विकासात्मक टीमें और तीन सहयोगी राष्ट्रीय टीमें - महाद्वीपीय टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा की अगुवाई वाली भारत ए क्रिकेट टीम को ग्रुप बी में पाकिस्तान शाहीन (पाकिस्तान ए), यूएई और ओमान के साथ रखा गया है। पिछले साल की विजेता अफग़ानिस्तान, ग्रुप ए में है।

### राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 की टीमें और ग्रुप

**ग्रुप ए:** अफ़ग़ानिस्तान ए, श्रीलंका, बांग्लादेश ए, हांगकांग

**ग्रुप बी:** भारत ए, पाकिस्तान शाहीन, यूएई, ओमान

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ एक बार खेलेगी, उसके बाद प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल 23 नवम्बर को खेला जाएगा। भारत ए शुक्रवार को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत बनाम पाकिस्तान ग्रुप बी का बहुप्रतीक्षित मैच 16 नवम्बर को खेला जाएगा। दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 के सभी मैचों का आयोजन स्थल होगा। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जो इस साल शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, भारत ए क्रिकेट टीम में भी हैं। वैभव ने इस साल की शुरुआत में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया और इस टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज भारतीय शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद भी, यह युवा खिलाड़ी भारत की युवा टीमों के लिए चमकता रहा है और अंडर-19 वनडे इतिहास में सबसे कम उम्र के और सबसे तेज शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# एलएसजी से एमआई की टीम में जा सकते हैं शार्दुल

**मुंबई, वार्ता।** ईएसपीएन क्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि मुंबई इंडियंस (एमआई) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी ) के साथ एक ऑलकैश ट्रेड डील के तहत समझौता कर लिया है। बताया गया है कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने आईपीएल को अपनी रुचि के बारे में जानकारी दी है और जरूरी औपचारिकताओं के पूरा होते ही इस सौदे को आधिकारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी।

यह नया बदलाव दर्शाता है कि शार्दुल आईपीएल के इतिहास में एक अद्वितीय कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। यह उनके आईपीएल करियर का तीसरा ट्रांसफर होगा। 2017 में राइजगि पुणे सुपरजायंट ने उन्हें किग्स ग्प पंजाब (जो अब पंजाब किग्स है) से अधिग्रहित किया था। इसके बाद 2023 के सीजन से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें दिल्ली कैपिटल्स से



अपने साथ शामिल किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि दोनों बार यह व्यापार पूरी तरह से ऑल कैश डील पर आधारित था। ठाकुर 2025 के मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे और काउंटी चैम्पियनशिप में ऐसेक्स से जुड़ने वाले थे, लेकिन एलएसजी ने उन्हें मोहसिन ख+ाान के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपए में चुना था। उस समय एलएसजी के मेंटॉर जहीर ख+ाान का यह फ़ैसला अच्छा निवेश साबित हुआ था। ठाकुर ने आईपीएल 2025 के शुरुआती दो मैचों में छह विकेट लिए थे।

# अर्जुन-प्रज्ञानंदा व हरिकृष्णा चौथे दौर में टाईब्रेक में पहुंचे



**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे दौर में बुधवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और ग्रैंडमास्टर आर- प्रज्ञानंधा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि पी- हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच टाईब्रेक तक पहुंचाया।

● **ग्रैंडमास्टर अर्जुन और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा ने दमदार तौर पर ड्रॉ खेले, जबकि हरिकृष्णा ने मुश्किल स्थिति में फंसकर मैच को टाईब्रेक तक पहुंचाया**

अर्जुन ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए हंगरी के अनुभवी ग्रैंडमास्टर पीटर लेको के खिलाफ 36 चालों के बाद ड्रॉ खेला, जबकि प्रज्ञानंधा ने ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ 30 चालों के बाद अंक बांटे, जबकि हरिकृष्णा ने भी 38 चालों के बाद ड्रॉ खेला। मंगलवार को काले मोहरों से जीत हासिल करने वाले ग्रैंडमास्टर जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा, तीन बार दोहराए गए मैच के बाद ग्रैंडमास्टर एलेक्सी सराना के खिलाफ 20 चालों में ड्रॉ खेलने के बाद अंतिम- 16 दौर में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। अब उनका सामना ग्रैंडमास्टर पी- हरिकृष्णा और स्वीडन के ग्रैंडमास्टर निल्स ग्रैंडेलियस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दो बार के चैंपियन ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन भी अगले दौर में पहुंच गए हैं, जिन्होंने ग्रैंडमास्टर राडोस्लाव वोज्टास्जेक के खिलाफ काले मोहरों से 35 चालों में दूसरा गेम ड्रॉ किया।

चौथे दौर में भाग ले रहे पांच भारतीयों में से, सभी की निगाहें टॉप बोर्ड पर अर्जुन और प्रज्ञानंदा पर थीं। अर्जुन ने लेको के खिलाफ सफेद मोहरों से निमजो इंडियन ओपनिग का विकल्प चुना और ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि उन्होंने 16 चालों के बाद समय हासिल कर लिया था। लेकिन हंगरी के इस खिलाड़ी ने दृढ़ता से बचाव किया और सर्वोच्च रैंकिग वाले भारतीय खिलाड़ी ने 20वीं चाल में रानियों का ट्रेड करने का विकल्प चुना। इसके बाद उन्होंने आगे बढ़ने की को. शिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। प्रज्ञानंदा भी ग्रैंडमास्टर डेनियल डुबोव के खिलाफ काले मोहरों के साथ 30 चालों में ड्रॉ से संतुष्ट थे।

# न्यूजीलैंड ने विंडीज को हराया, सीरीज भी जीती




● **जैकब डफी ने चार विकेट, कॉनवे ने नाबाद 47 रन और टिम रॉबिन्सन के 45 रनों की शानदार पारी की से न्यूजीलैंड आठ विकेट से जीता**

**डुनेडिन, वार्ता।** जैकब डफी (चार विकेट) के बाद डेवोन कॉनवे (नाबाद 47) और टिम रॉबिन्सन (45) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने पांचवें टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया और पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से अपने नाम कर ली। जैकब डफी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड ने आज टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को जैकब डफी की अगुवाई में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 18-4 ओवर में 140 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 2-5 ओवर में 21 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए 32 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक 38 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 22 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 36 रन बनाए। जेसन होल्डर (20), कप्तान शाई होप और रोवमैन पॉवेल ने 11-11 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी 35 रन देकर चार विकेट लिए। जेम्स नीशम को दो विकेट मिले। काइल जैमीसन, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सैंटनर और ईश सोढ़ी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉनवे और टिम रॉबिन्सन की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। आठवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम रॉबिन्सन ने 24 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 45 रन बनाए। 12वें ओवर में शमर स्प्रिंगर ने रचिन रवींद्र 21 को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने डेवोन कॉनवे के साथ तीसरे विकेट के लिए अविजित 35 रनों की साझेदारी

## सम्पादकीय

शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

देश की राजधानी और एनसीआर के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से लोगों की सांसे भारी पड़ रही हैं। किसी को नजला खांसी तो किसी को ब्रांकाइटिस और वायरल बुखार हो रहा है। क्या सरकार के पास इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है, या सरकार के अधिकारी इस पर काम नहीं करना चाहते, यह मंथन का विषय है। गुरुवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बवाना में सबसे उच्च एक्यूआई 460 दर्ज हुआ, जो गंभीर श्रेणी में आता है। इस पर देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे बचने के लिए केवल मास्क ही पर्याप्त नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का साफ संदेश है कि इस पर सरकार को बहुत कुछ करने की जरूरत है, क्योंकि यह इसी साल नहीं, हर साल होता है और मामला सुप्रीम कोर्ट में चला जाता है। यानि हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार से निर्देश दिया कि वे स्टबल बर्निंग यानी फसल अवशेष जलाने की रोकथाम में उठाए गए कदमों की पूरी जानकारी एक सप्ताह में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने कहा कि राज्य प्रशासन को वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। चीफ जस्टिस का कहना है कि इस मामले में ठोस प्रमाण और नीति कार्रवाई दिखाना अनिवार्य है। सुप्रीम कोर्ट ने आम जनमानस की चिंता की है, क्योंकि सीवियर एक्यूआई का स्तर सामान्य लोगों सहित हृदय और श्वसन संबंधी रोगों से प्रभावित लोगों के लिए खतरनाक है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि प्रदूषित हवा में लंबा समय बिताने से स्थायी स्वास्थ्य नुकसान हो सकता है। लोगों को सलाह दी जा रही है कि वे बाहर निकलते समय मास्क पहनें और बच्चों तथा बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है। प्रदूषण बढ़ने से स्वास्थ्य पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं, जैसे सांस लेने में दिक्कत, एलर्जी, अस्थमा, हार्ट डिजीज आदि। इस बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए कुछ जरूरी उपाय करना बेहद जरूरी। प्रदूषण से बचने के लिए एन 95 या पी100 मास्क का प्रयोग करें। यह मास्क हानिकारक कणों और प्रदूषकों को शरीर में प्रवेश करने से रोकने में मदद कर सकता है। खासकर बाहर जाते समय मास्क का प्रयोग अनिवार्य करें। घर के अंदर की एयर क्वालिटी को बेहतर बनाए रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें। प्यूरीफायर हवा में मौजूद हानिकारक कणों को फिल्टर कर देता है और घर के अंदर शुद्ध वायु बनाए रखता है। जहां तक संभव हो हरी-भरी जगहों जैसे पार्क और बगीचों में समय बिताएं। ये स्थान तुलनात्मक रूप से कम प्रदूषित होते हैं और यहां की हवा ज्यादा स्वच्छ होती है। प्रदूषण के समय सुबह या देर शाम की बजाय घर के अंदर व्यायाम करें। बाहर की दौड़-भाग करने से बचें, क्योंकि उस समय प्रदूषक कण सांसों के साथ शरीर में जा सकते हैं। उद्योग प्रदूषण का प्रमुख कारक है। उद्योगों में ऊर्जा संसाधन के प्रयोग से अर्थात चिमनियों के धुएं से वायु प्रदूषण फैलता है। इसमें प्रयुक्त जल तथा उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जलाशयों में प्रवाहित किए जाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार के रसायन जल में घुलनकर प्रदूषित करते हैं। इसे मृदा प्रदूषण व भूमि प्रदूषण भी फैलता है। इनके अलावा दिल्ली और आसपास के राज्यों के किसान इस समय फसल के अवशेषों को जला देते हैं। उनका मानना है कि अवेशषों की राख खेत में खाद का काम करती है। 21 सदी में प्रवेश कर रहे भारत में ये धारणा भी प्रदूषण का कारण बनती है। सरकार का काम है कि किसानों को खाद अगर आसानी से उपलब्ध हो, तो वे ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## हर कश्मीरी आतंकवादी नहीं



दिल्ली में लाल किले के पास हुए बम विस्फोट की घटना मानवता, शांति और भाईचारे पर एक बर्बर हमला है, जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों को आतंकवादी कहना अनुचित है, क्योंकि कुछ गुमराह लोग ही राज्य की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं, यह विस्फोट बेहद निंदनीय है, किसी भी धर्म में निर्दोष लोगों की हत्या की इजाजत नहीं है, घटना की जांच होनी चाहिए, जब हर कश्मीरी मुसलमान को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो यह न केवल अन्याय है बल्कि सामाजिक सद्भाव को भी प्रभावित करता है, अगर हम हर कश्मीरी को एक ही नजर से देखेंगे और उसे आतंकवादी मानेंगे, तो लोगों को सही रास्ते पर लाना मुश्किल हो जाएगा, इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन उनके परिवारों या निर्दोष नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। **-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# और कितना गिरेंगे टीवी चैनल






**रजनीश कपूर**

हाल ही में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा फैलाई गई, जिसने न केवल उनके परिवार और प्रशंसकों को दुखी किया, बल्कि देश के लाखों नागरिकों को भी भ्रमित कर दिया। यह घटना आज के मीडिया की विश्वसनीयता, जिम्मेदारी और नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। आज का मीडिया, खघसकर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सच्चाई की जगह टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें तेजी से प्रचारित करता है, बिना उसकी पुष्टि किए। इसके चलते न केवल सेलिब्रिटीज या किसी चर्चित व्यक्ति की निजता का उल्लंघन होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। धर्मेंद्र की मौत की झूठी खबर तेजी से सोशल मीडिया और कई इलेक्ट्रॉनिक चौनलों पर फैल गई, जिसके बाद उनकी पत्नी हेमा मालिनी और बेटी ईषा देओल ने खुद सामने आकर इस खबर को गलत बताया। इस घटना ने दिखाया कि आज के मीडिया की जल्दबाजी और बिना जांच के खबर छापने की आदत कितनी खतरनाक है। इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन डायरेक्टर्स एसोसिएशन द्धष्छ्व।ऋ ने भी इस तरह की झूठी खबरों की निंदा करते हुए मीडिया से जिम्मेदारी और संयम का आह्वान किया है।

आज के मीडिया में टीआरपी द्धटेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्सक्र की दौड़ इतनी तेज है कि अक्सर सच्चाई और नैतिकता को पीछे छोड़ दिया जाता है। मनमाने दामों पर अधीक से अधिक विज्ञापन पाने की होड़ में, कुछ चौनलों को छोड़ कर ज्यादातर चौनल्स अपनी रेटिंग बढ़ाने के लिए ऐसी खबरें दिखाते हैं जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचती हैं, चाहे वह सच हो या न हो। इसके चलते सेलिब्रिटीज या मशहूर हस्तियों की निजता का उल्लंघन होता है। उनकी निजी जिंदगी को खुले आम उजागर किया जाता है और उनकी तस्वीरें, वीडियो बिना अनुमति के शेयर की जाती हैं। यह न केवल अनैतिक है, बल्कि कानूनी .ष्टि से भी गलत है। आज के मीडिया में ऐसी खबरें छापने या प्रसारित करने का उद्देश्य केवल टीआरपी और लो. कप्रियता की भूख होता है, न कि सच्चाई को जनता तक पहुंचाना।किसी की भी निजी जानकारी का खुलासा करने से पहले यह जांच अवश्य करनी चाहिए कि उससे सार्वजनिक हित में कोई बड़ा लाभ होगा या नहीं। यदि नहीं है, तो उसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। पुराने जमाने में जब टीवी चौनलों की भीड़ नहीं होती थी, मीडिया की जिम्मेदारी और नैतिकता बहुत ज्यादा थी। खबरें छापने व प्रसारित करने से पहले उनकी भरपूर पुष्टि की जाती थी और बिना जांच के कोई भी खबर नहीं छापी या दिखाई जाती थी। तब मीडिया का उद्देश्य सच्चाई और जानकारी देना होता था, न कि टीआरपी या लोकप्रियता बढ़ाना। आज की तुलना में तब की खबरें अधिक विश्वसनीय और जिम्मेदार थीं। तब के पत्रकार अपनी जिम्मेदारी को समझते थे और खबरों को छापने से पहले उनकी सत्यता की जांच करते थे। आज के मीडिया के एक विशेष वर्ग में इस तरह की जिम्मेदारी लगभग खत्म हो गई है। उनका उद्देश्य केवल अपने चौनल मालिकों या राजनैतिक आकाओं को खुश करना है।

गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत निजता का अधिकार मौलिक अधिक. ार है, लेकिन इसकी व्याख्या और लागू करने के लिए और स्पष्ट नियम बनाए जाने चाहिए। इसमें सेलिब्रिटीज या मशहूर व्यक्तियों की निजी जानकारी, चिकित्सा इतिहास और व्यक्तिगत जीवन की जानकारी को बिना अनुमति के प्रका. शित करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ऐसे कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खघ्लिाफ कड़ी कार्यवाही का प्रावधान भी होना चाहिए, जिससे भविष्य में कि कोई भी ऐसी गलती करने से पहले कई बार सोचे। धर्मेंद्र की झूठी मौत की खबर ने एक बार फिर दिखाया कि आज का मीडिया अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को भूल चुका है। टीआरपी और लोकप्रियता के लिए खबरें छापना और सेलिब्रिटीज की निजता का उल्लंघन करना अब आम बात हो गई है। इससे न केवल सेलिब्रिटीज को नुकसान होता है, बल्कि आम जनता को भी गलत सूचना देकर भ्रमित किया जाता है। मीडिया को अपनी जिम्मेदारी और नैतिकता को फिर से याद करना चाहिए और खबरें छापने से पहले उनकी पुष्टि करनी चाहिए। इससे ही मीडिया की विश्वसनीयता बनी रहेगी और जनता को सही जानकारी मिलेगी।नए कानूनों के साथ-साथ मीडिया और जनता के लिए जागरूकता अभियान भी जरूरी है, ताकि वे सेलिब्रिटीज की प्राइवेसी का सम्मान करें और उनकी निजी जानकारी को बिना अनुमति के न फैलाएं।

**गौरतलब है कि सेलिब्रिटी की प्राइवेसी बचाने के लिए भारत में अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने इस मुद्दे पर बहुत ज्यादा जोर दिया है। आज के डिजिटल युग में सेलिब्रिटीज की तस्वीरें, आवाज, नाम और व्यक्तित्व का बिना अनुमति के उपयोग आम हो गया है, खासकर एआई और डीपफेक तकनीक के चलते। जिससे इन सेलिब्रिटीज का काफी दुष्प्रचार होने लगा है। इसलिए नए कानूनों की जरूरत है, जो सेलिब्रिटीज या किसी अन्य चर्चित व्यक्ति की प्राइवेसी और व्यक्तित्व के अधिकारों की सुरक्षा करें।सार्वजनिक हित और निजी गोपनीयता के बीच संतुलन बनाने के लिए स्पष्ट कानूनी दिशा-निर्देश बनाए जाने चाहिए, जिसमें निजी जानकारी के खुलासे की शर्तें और सीमाएं स्पष्ट हों।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बाल दिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का है खास महत्व



**शहजाद अली**

भारत हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाता है, जो स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। इसके कुछ दिनों बाद, 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, जो बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है।बाल दिवस बच्चों के अधिकारों और कल्याण को समर्पित है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस देश की शिक्षा प्रणाली के विकास पर केंद्रित है। ये दोनों दिन एक राष्ट्र के रूप में भारत की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। 14 नवंबर को, बाल दिवस मनाया जाता है।

यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती है। नेहरू जी का मानना था कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं और उनके उचित पालन-पोषण और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों - शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के अधिकार - के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन बच्चों के जीवन में खुशी और उल्लास लाने के लिए समर्पित है, जहां स्कूलों और समुदायों में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और बाल दिवस, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। जो कि एक बच्चे के पूरे जीवन को व्यवस्थित करता है।मौलाना आजाद की उपलब्धियां हमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व को बताती हैं, जबकि बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि यह शिक्षा हमारे बच्चों, हमारे भविष्य तक पहुंचनी चाहिए। एक शिक्षित और पोषित बचपन ही एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की नींव रख सकता है। ए दोनों दिवस मिलकर एक ऐसे भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देते हैं, जहां हर बच्चे को सीखने, बढ़ने और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का अवसर मिले।

**कलाम आजाद का शैक्षिक योगदान**

भारत में हर साल 11 नवंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती का प्रतीक है। यह दिन एक महान विद्वान, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली की नींव रखी। शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां असंख्य हैं, जिन्होंने देश के बौद्धिक और सांस्कृतिक स्वरूप को आकार देने में मदद की।

**मौलाना आजाद की उपलब्धियां और योगदान**

एक शिक्षा मंत्री (1947-1958) के रूप में, मौलाना आजाद का दृष्टिकोण केवल साक्षरता दर बढ़ाने तक सीमित नहीं था, बल्कि एक समावेशी, आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले समाज का निर्माण करना था।


**उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना**

आजाद ने भारत में वैज्ञानिक और तकनीकी शिक्षा के महत्व को पहचाना। उनकी पहल के परिणामस्वरूप कई प्रमुख संस्थानों की स्थापना हुईरू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IITs भारत के पहले IIT (IIT खड़गपुर) की स्थापना 1951 में उनकी देखरेख में हुई, जिसका उद्देश्य देश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना था। इंडियन इंस्टिटड्यूट ऑफ साइंस बैंगलोर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग UGC उच्च शिक्षा के मानकों को विनियमित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 1953 में UGC की स्थापना में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद AICTE तकनीकी शिक्षा को मजबूत करने के लिए AICTE को भी उनके कार्यकाल में बल मिला। मौलाना आजाद का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की पुरजोर वकालत की, इसे राष्ट्रीय प्रगति की कुंजी माना। उन्होंने महिला शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया, यह मानते हुए कि समाज की उन्नति के लिए महिलाओं का शिक्षित होना आवश्यक है। सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्थाओं का विक. ासशिक्षा के अलावा, आजाद ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन पर भी ध्यान केंद्रित किया। उनकी पहल पर स्थापित प्रमुख अकादमियांरूसाहित्यअकादमी ,ललित कला अकादमी,संगीत नाटक अकादमी आदि ए संस्थान आज भी भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**शिक्षा का एक एकीकृत दृष्टिकोण**

आजाद ने शिक्षा के एक ऐसे मॉडल की कल्पना की जो पूर्वी आध्यात्मिक मूल्यों को पश्चिमी सामाजिक प्रगति और उपलब्धियों की अवधारणाओं के साथ एकीकृत करता हो। उनका उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नागरिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती को 2008 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में घोषित किया गया, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को राष्ट्रीय मान्यता देता है।

# सर्दियों में कुछ ऐसे करें दुल्हनों का श्रृंगार



**शहनाज हुसैन**

सर्दियों को प्यार के खिलने और नई शुरुआत का मौसम माना जाता है। सर्दियों का मौसम यानी शादियों का सबसे अच्छा समय आ रहा है। सर्दियों की शादी में जादुई आकर्षण होता है। सुहावने मौसम में ठंडी हवाएं और सुकून भरे माहौल में गर्म चटख रंगों की छटाएं समारोह को एक खूबसूरत तस्वीर जैसा बना देती है और इसीलिए दुलहन के इलाबा सभी पारिवारिक महिलाओं पर भी आकर्षक और खूबसूरत दिखने का दबाव बना रहता है। स्वाभाविक रूप से, एक दुल्हन के रूप में आप सर्दियों की शादियों के दौरान अधिक सहज महसूस करती हैं, भले ही आपको लंबे समय तक रस्मों और समारोहों में बैठना पड़ता है, लेकिन इस सारे आकर्षण के साथ एक खूबसूरती की चुनौती भी आती है। ठंड और शुष्क महीनों में अपनी दुल्हन की त्वचा को चमकदार और हाइड्रेटेड बनाए रखना। शादी के दिन दुल्हन का सुन्दर दिखना महज मेकअप या ड्रैस में ही जुड़ा नहीं होता बल्कि इसमें काफी हफ्तो की कड़ी मेहनत शामिल होती है। यदि शादी से कुछ हफ्ता पहले त्वचा के प्रति सावधनी बरती जाए तो यह शादी के दिन काफी मददगार साबित हो सकती है, सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क पड जाती है जबकि शुष्क त्वचा को क्रीम तथा तेल की मदद से माइस्चराइज तथा पोषक बनाना पड़ता है।

अपनी रोजाना फेशियल केयर रूटीन के अर्न्तगत अपनी त्वचा को दिन में दो बार साफ करें। रात्रि में सोने से पहले चेहरे पर जमी मैल को साफ करना अत्यन्त महत्वपूर्ण होता है। रात्रि को सोने से पहले प्रतिदिन त्वचा को साफ कीजिए तथा ताजे साफ पानी से धोईए। इसके लिए आप गुनगुना पानी उपयोग में ला सकती है। सामान्य तथा शुष्क दोनों प्रकार की त्वचा के लिए क्लींजिंग क्रीम या जैल का प्रयोग कीजिए। वैकल्पिक रूप में आप आधे कप ठण्डे पानी में तिल, सूरजमुखी तथा जैतून के वनस्पति तेल की पांच बूंदे मिलाकर इसे बोतल में डालकर भली भांति मिला लीजिए। अब काटनवूल की मदद से इस मिश्रण से त्वचा को साफ कीजिए। बाकी बचे मिश्रण को फीज में रख लीजिए। यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो क्लीनजींग लोशन या फेश वाश का प्रयोग कीजिए। तैलीय त्वचा के गहरे छिद्रों को साफ करने की जरूरत होती है। चावल के पाउडर को दही से मिलाकर हफ्ते में एक या दो बार लगाईए तथा त्वचा के दोनों ओर हल्के से रब करके पानी से धो डालिए। सर्दियों में तैलीय त्वचा में माथे पर काले धब्बे पड़ सकते है। सर्दियों में तैलीय त्वचा भी शुष्क हो जाती है लेकिन जब इसमें क्रीम लगाई जाती है तो इससे चेहरे पर मुंहासे आ जाते है। इस समस्या के निदान के लिए एक चम्मच शुद्ध ग्लिसरीन को 100 मिली लीटर गुलाब जल में मिला कर बोतल को फीज में रख दीजिए। इस लोशन को रोजाना त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए उपयोग कीजिए। सभी प्रकार की त्वचा में नमी तथा मुलायम बनाने के लिए शहद तथा अलोवेरा जैल का प्रयोग किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को स्चछ ताजें पानी से धो डालिए। सभी प्रकार की त्वचा के मामले में प्रतिदिन त्वचा को काटनवूल पैड से ठण्डे गुलाब जल से टोन कीजिए। त्वचा को साफ करके सहलाइए तथा इसके बाद तेजी से गुलाब जल से संचित काटनवूल पैड से पौछिए। इसे त्वचा



की आभा निखरेगी। सामान्य से शुष्क त्वचा को रोजाना रात्रि को नारिशिंग क्रीम से पोषण किया जा सकता है। त्वचा को साफ करने के बाद क्रीम को पूरे चेहरे पर हल्की-हल्की मालिश करते हुए 2 मिनट बाद गीली काटनवूल से हटा लीजिए। चेहरे के लिए, मास्क का घर में मिश्रण बनाकर इसे हफ्ते में दो तीन बार लगाऐं। सामान्य से शुष्क तवचा के लिए दो चम्मच चोकर में एक चम्मच बादाम, दही शुद्ध तथा गुलाब जल मिलाईए। तैलीय तथा मिश्रित त्वचा के लिए तीन चम्मच जई में दही, शहद तथा गुलाब जल मिलाऐं।

इस सब का पेस्ट बना होठों तथा आंखों को धोकर बाकी चेहरे पर लगा ले तथा 20 मिनट बाद साफ पानी से धो डालिए। चेहरे पर फेस मास्क लगाने के बाद, दो काटनवूल पैड को गुलाब जल में भिगों दीजिए तथा इन्हें आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। इन्हें आंखों पर रख कर लेटकर कर आराम करें। इससे शरीर को काफी ताजगी तथा आराम मिलता है। गुलाब जल का काफी आरामदायक तथा शान्तिवर्धक प्रभाव पड़ता है। जिससे थकान दूर होती है तथा आंखों में चमक आ जाती है। आंखों के इर्द-गिर्द की त्वचा काफी पतली तथा संवे. दनशील होती है। इस भाग में झुर्रियां काफी आसानी से आ जाती हैं। आंखों के इर्द गिर्द क्रीम लगाकर 15 मिनट बाद गीले काटनवूल से धो डालिए। प्रतिदिन बादम तेल के प्रयोग करने तथा इसकी हल्के-2 मालिश करने से आंखों के इर्द-गिर्द त्वचा को निखारने में काफी मदद मिलती है। होठों की त्वचा भी काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी होती है।

सर्दियों में होठ आसानी से शुष्क तथा फट जाते है। होठों पर प्रतिदिन धोने के बाद बादाम तेल या बादाम क्रीम लगाकर पूरी रात लगी रहने दीजिए। दिन में त्वचा में नमी की कमी न होन दें। घर से निकलने से पहले सनस्क्रीन का चेहरे पर प्रयोग करें। ज्यादातर सनस्क्रीन क्रीमों में माईस्चराईज विद्यमान होते है। माइस्चराईजर क्रीम द्रव्य रूप में उपलब्ध होते है। अगर आपकी त्वचा में अत्याधिक शुष्कता है तो क्रीम का उपयोग कीजिए। सर्दियों में शरीर की त्वचा का तैलीय पौषाहार करना चाहिए। पुराने समय में त्वचा की देखभाल के लिए उबटन बनाया जाता था। सबसे पहले शरीर की तिल के तेल से मालिश की जाती है तथा उसके बाद घर में बनाया गया उबटन लगाया जाता है। यह उबटन मुख्यत: चोकर, बेसन, दही, मलाई तथा हल्दी का मिश्रण होता है। इस सबका मिश्रण करके इसे नहाने से पहले शरीर पर लगाया जाता है तथा आधा घंटा बाद उबटन को रगड़कर हटाकर स्नान किया जाता है। इससे नहाने के दौरान त्वचा की मृत कोशिकाओं का साफ करने में मदद मिलती है जिससे त्वचा चमकीली चिकनी, मुलायम होकर निखर जाती है। चमकीली त्वचा के लिए सभी संघटको को पोटली में डालकर पोटली को गीला कर शरीर के सभी अंगों पर रगड़ने तथा उसके बाद स्नान कर लें। पाऊडर, दूध, बादाम, चावल पाऊडर तथा गुलाब की पंखुडियों का मिश्रण तैयार कर लें।

इस मिश्रण को त्वचा पर लगाने से त्वचा साफ, मुलायम हो जाती है तथा इसमें प्राकृतिक आभा आ जाती है। इससे शरीर रेशम की तरह मुलायम हो जाता है तथा शरीर में ताजगी तथा प्राकृतिक सुगन्ध आती है। शादी से पहले सभी दुल्हनें किसी न किसी प्रकार के तनाव के दौर से गुजरती है जिसका प्रतिदिन उनके चेहरे पर झलकता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव की मुक्ति के लिए आराम काफी मददगार साबित होता है। शारीरिक व्यायाम से मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। शादी से कुछ माह पहले नियमित रूप से व्यायाम कीजिए तथा सुबह सैर के लिए निकलिए। वास्तव में सुबह की सैर शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक साबित होती है। शरीर तथा मन की शांति के लिए लम्बी सांसे तथा ध्यान काफी लाभदायक साबित होते है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से आठ लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी कालीमंतन प्रांत में महाक. म नदी में एक जहाज के डूबने से आठ लोग की मौत हो गई। प्रांत के खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख डोडी सेतियावान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार शाम को घटित हुई। तीन चालक दल के सदस्यों सहित 28 लोगों को ले जा रहा जहाज पश्चिम कुताई रीजेंसी में नदी के ऊपरी इलाके में डूब गया। उन्होंने बताया कि 20 लोगों को बच गए थे, जबकि जबकि आठ अन्य के लापता होने की सूचना मिली थी।

### भर्ती प्रक्रिया के दौरान मची भगदड़ में छह की मौत, 37 घायल

**अकरा।** घाना की राजधानी अकरा में बुधवार को सैन्य भर्ती अभ्यास से पहले मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई, 37 अन्य लोग घायल हुए हैं। घाना सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा है कि ए छह लोग उन लोगों में शामिल थे जो एल-वाक स्पोर्ट्स स्टेडियम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आए थे। बयान में कहा गया कि घाना सशस्त्र बलों को आम जनता को 2025/2026 भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले हुई मची भगदड़ की सूचना देते हुए गहरा दुख हो रहा है। इस घटना में छह संभावित रंगरूटों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### रूस में अस्पताल में आग लगने से सात लोग घायल

**मास्को।** रूस के सारातोव क्षेत्रीय संक्रामक रोग क्लिनिकल अस्पताल में बुधवार देर रात आग लगने से सात लोग झुलस गए। क्षेत्रीय कानून प्रवर्तन प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। सारातोव क्षेत्र के अभियोजक कार्यालय के अनुसार स्थानीय समयानुसार देर रात 2:40 बजे आग लग गई। आग ने अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित तीन उपचार कक्षों को अपनी चपेट में ले लिया और इसमें सात लोग झुलस गए। इन सभी का इलाज चल रहा है।



**नई दिल्ली। वायु प्रदूषण को कम करने के लिए पानी की बूंदों को छिड़काव करती एंटी स्मॉग गन।**


## श्रीलंका ने 2025 में 328 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने 2025 में अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में अब तक 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी श्रीलंका के एक उप मंत्री ने गुरुवार को दी। श्रीलंका के मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन उप मंत्री रत्ना गामेज ने संवाददाताओं से कहा कि नौसेना ने मछुआरों द्वारा उपयोग किए गए 41 मछली पकड़ने वाले नावों को भी जब्त किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में विदेशी मछुआरों के अवैध प्रवेश पर नकेल कसने के लिए अभियान तेज कर दिया है तथा 2024 की तुलना में इस वर्ष गिरफ्तारियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री गामेज ने कहा कि इन प्रयासों में नौसेना को मत्स्य पालन, जलीय एवं महासागर संसाधन मंत्रालय तथा श्रीलंकाई पुलिस का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले विदेशी मछुआरे स्थानीय मछुआरों एवं देश के समुद्री पर्यावरण के लिए अस्तित्व का खतरा उत्पन्न करते हैं।

# पाकिस्तान के संविधान में 48 अनुच्छेद में बदलाव

## आर्मी चीफ आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का कमांड मिला, विपक्ष नाराज, बिल की कापियां फाड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की संसद ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर की शक्तियों को बढ़ाने और सुप्रीम कोर्ट के ताकत को कम करने वाले 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दे दी। पाकिस्तानी आब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संशोधन में 48 आर्टिकल में बदलाव का प्रस्ताव दिया गया है।



**■ नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया, चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया**

नेशनल असेंबली ने इस बिल को 234 मतो की बहुमत से पास किया। चार सांसदों ने विरोध में वोट दिया, जबकि सीनेट ने इसे दो दिन पहले ही मंजूर कर लिया था। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के साइन के बाद यह कानून बन जाएगा। मुनीर को तीनों सेनाओं का चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) बनाया जा रहा है। यह 27 नवम्बर 2025 से लागू हो जाएगा। पद मिलते ही उन्हें परमाणु हथियारों की कमांड मिल जाएगी। अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वह अपने पद पर बने रहेंगे और उन्हें आजीवन कानूनी छूट मिलती रहेगी। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया। कुछ विपक्षी दलों ने बिल की कापियां फाड़ दीं।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ 12 नवम्बर को नेशनल असेंबली के सत्र में मौजूद रहे। 27वें संविधान संशोधन का एक बहुत खास हिस्सा है नेशनल स्ट्रैटजिक कमांड (एनएससी) का गठन। यह कमांड पाकिस्तान के परमाणु हथियारों और मिसाइल सिस्टम की निगरानी और नियंत्रण करेगी। अब तक यह जिम्मेदारी नेशनल कमांड अथारिटी (एनसीए) के पास थी, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते थे, लेकिन अब से एनएससी के पास इसकी जिम्मेदारी हो जाएगी। एनएससी का कमांडर भले ही प्रधानमंत्री की मंजूरी से नियुक्त होगा, लेकिन यह नियुक्ति सेना प्रमुख (सीडीएफ) की सिफारिश पर ही होगी। सबसे जरूरी यह पद सिर्फ आर्मी के अफसर को ही दिया जाएगा। इससे देश के परमाणु हथियारों का नियंत्रण अब पूरी तरह सेना के हाथ में चला जाएगा। 10 मुख्य संशोधन-सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस की जिम्मेदारी मिलेगी, अगर किसी अधिकारी को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स या एडमिरल ऑफ द फ्लीट की रैंक दी जाती है, तो यह रैंक आजीवन रहेगी। फील्ड मार्शल को राष्ट्रपति जैसी सुरक्षा, बिना सरकार की इजाजत के कोई आपराधिक मुक. दमा नहीं चल सकता। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपनी अवधि पूरी होने तक चीफ जस्टिस बने रहेंगे, फेडरल कान्सटीटयूशन कोर्ट की स्थापना होगी, याचिकाओं पर सुओ मोटो (स्वत: संज्ञान) लेने का अधिकार, कानूनी नियुक्तियों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की अहम भूमिका रहेगी, राष्ट्रपति को कार्यकाल के बाद कोई सार्वजनिक पद लेने पर छूट सीमित, हाई कोर्ट जजों के तबादले न्यायिक आयोग तय करेगा, तबा. दलों पर आपत्ति सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल देखेगी।

# अमेरिका आओ, हमें प्रतिशिक्षत करो और घर जाओ

## ट्रम्प प्रशासन अब देश की एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की कर रहा है तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन अब एच-1बी वीजा नीति में बड़ा बदलाव लाने की तैयारी कर रहा है। नई नीति के तहत विदेशी कुशल कामगारों को अमे. रिका में अस्थायी रूप से बुलाया जाएगा, ताकि वे अमेरिकी कामगारों को उच्च तकनीकी कामों की ट्रेनिंग दे सकें, और उसके बाद वापस अपने देश लौट जाएं।




**■ खत्म हुआ अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन, बिल पर ट्रम्प ने किए हस्ताक्षर**
**■ अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा: स्कॉट**

अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने बताया कि यह नीति ट्रम्प के उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके जरिए वे महत्वपूर्ण उद्योगों को दोबारा अमेरिका में लाना और आयात पर निर्भरता घटाना चाहते हैं। स्काट बेसेंट ने एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति की सोच यह है कि विदेशी विशेषज्ञों को तीन, पांच या सात साल के लिए अमेरिका लाया जाए ताकि वे यहां के कामगारों को प्रशिक्षित करें। उसके बाद वे लौट जाएं और अमेरिकी कामगार उनकी जगह काम संभालें।

उन्होंने इसे ज्ञान हस्तांतरण (नालेज ट्रांसफर) की रणनीति बताया। इसके तहत अमेरिकी सरकार सेमीकंडक्टर, जहाज निर्माण और प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग जैसे उद्योगों को फिर से खड़ा करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20-30 वर्षों में हमने प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग या शिपबिल्डिंग जैसी चीजें देश में नहीं की हैं। अब हम अचानक कह नहीं सकते कि सब कुछ रातों-रात बन जाएगा। हमें कुशल विदेशी विशेषज्ञों की जरूरत है, जो अमेरिकियों को सिखा सकें। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या इससे अमेरिकी नौकरियां खतरे में पड़ेंगी, तो उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि एक अमेरिकी उस नौकरी को नहीं पा सकता। सच यह है कि, अभी नहीं पा सकता। हमें उन्हें तैयार करना होगा, और इसमें विदेशी विशेषज्ञ मदद करेंगे। बेसेंट ने आगे कहा कि विद. ेशी पार्टनर्स आकर अमेरिकी कामगारों को सिखाएं, यही असली जीत है। अमेरिकी वित्त मंत्री ने इस बातचीत में ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया की कि प्रशासन +100000 से कम आय वाले परिवारों को +2000 का टैरिफ छूट देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, शराष्ट्रपति चाहते हैं कि मजबूत व्यापार नीति का फायदा हर परिवार तक पहुंचे। +2000 का छूट इसी दिशा में एक कदम है। अमेरिकी वित्त मंत्री आगे ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की दृष्टि समान समृद्धि की है। इसके लिए जरूरी है कि अमे. रिकी ट्रेजरी मार्केट स्थिर और मजबूत रहे, ताकि अर्थव्यवस्था में भरोसा बना रहे। दूसरी ओर अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला शटडाउन आखिरकार खत्म हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस ने शटडाउन खत्म करने वाले विधेयक को पारित किया। जिस पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही 43 दिन तक चला शटडाउन खत्म हो गया। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत बीते 43 दिनों में नौकरी से निकाले गए संघीय कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर बहाल किया जाएगा। प्रतिनिधि सदन में सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी ने 222-209 के मतों से विधेयक पारित करा लिया। सीनेट पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी थी और अब बस राष्ट्रपति ट्रम्प के भी हस्ताक्षर हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने विधेयक पारित होने को बहुत बड़ी जीत बताया। गौरतलब है कि डेमोक्रेटिक पार्टी किफायती देखभाल कानून के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य कवरेज के लिए टैक्स क्रेडिट बढ़ाने की मांग कर रही थी। इस साल के अंत में यह टैक्स क्रेडिट खत्म हो रही है। अगर सरकार टैक्स क्रेडिट नहीं बढ़ाती है तो लोगों को मिलने वाला स्वास्थ्य कवरेज महंगा हो जाएगा।

## अमेरिका ने भारतीय कंपनी पर लगाए प्रतिबंध

**■ ईरान के मिसाइल और यूएवी कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने का मामला**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) कार्यक्रमों के लिए सामग्री की आपूर्ति करने के मामले में भारत , चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, और अन्य क्षेत्रों में 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इन प्रतिबंधित कंपनियों में एक भारतीय कंपनी फार्मलेन प्राइवेट लिमिटेड भी शामिल है। उस पर मिसाइल उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण रासायनिक पूर्व-उत्पाद उपलब्ध कराने का आरोप है। भारतीय कंपनी एमवीएम पार्टनरशिप नेटवर्क का हिस्सा थीं जिसने 2023 से चीन से सैकड़ों मीट्रिक टन मिसाइल प्रणोदक सामग्री खरीदी है। इन सामग्रियों का उपयोग अमोनियम परक्लोरेट के निर्माण में किया जाता है जो ठोस प्रणोदक रॉकेट मोटर्स का एक प्रमुख घटक है। अमेरिका का आरोप है कि इस भारतीय कंपनी ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन प्रोग्राम्स के लिए सामग्री और टेक्नोलॉजी मुहैया कराई।

वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की ओर से यह कार्रवाई, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्की, चीन, हांगकांग, भारत, जर्मनी और यूक्रेन में 32 व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रभावित करने वाले एक व्यापक प्रतिबंध पैकेज का हिस्सा है। यह कदम ईरान की सैन्य क्षमताओं पर अंकुश लगाने के अमे. रिकी प्रयासों को दर्शाता है। प्रतिबंधित कंपनियां कथित तौर पर ईरान के हथियार उत्पादन का समर्थन करने वाले कई खरीद नेटवर्क का हिस्सा थीं।

## कांगो में 2.5 करोड़ लोग कर रहे खाद्य संकट का सामना: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लगभग 2.5 करोड़ यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत से ज्ड़ादा लोग गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि डीआरसी खाद्य असुरक्षा से सबसे जयादा प्रभावित देशों में से एक है और पूर्वी हिस्से में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। उन्होंने कहा कि नवीनतम एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण विश्लेषण के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में यह संख्या लगभग 2. 7 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) उत्तरी किवु प्रांत के बेनी और लुबेरो क्षेत्रों और इतुरी प्रांत में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों को लेकर बेहद चिंतित है। इस साल की शुरुआत से इन दोनों प्रांतों में कथित तौर पर 1000 से जयादा लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर इसका प्रभाव विनाशकारी रहा है।

# बलूचिस्तान में बगावत की आग भड़कने से दहशत

**■ प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी**

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गृहयुद्ध जैसे हालात गहराते जा रहे हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से आम नागरिकों की हत्याओं और बलोच नेताओं के अपहरण की घटनाओं के बीच बलूचिस्तान में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी सुरक्षा अलर्ट के बाद राजधानी क्वेटा को छोड़कर पूरे बलूचिस्तान प्रांत में इंटरनेट बैन लगा दिया गया है। बलूचिस्तान प्रांत की सरकार के गृह विभाग की ओर से बुधवार (12 नवम्बर, 2025) को जारी अलर्ट के बाद 16 नवम्बर, 2025 तक के लिए मोबाइल इंटरनेट को बैन कर दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एन-70 के लोरलाई खंड तक गाड़ियों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। ये रोक 14 नवम्बर तक जारी रहेगी। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने का ये फैसला प्रांत में सुरक्षा अलर्ट और मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया है। अधिकारियों ने ये भी एलान किया कि क्वेटा के कैंटोनमेंट इलाके के सारे स्कूल सुरक्षा कारणों से 16 नवम्बर तक बंद रहेंगे। बलूचिस्तान प्रांत के अधिकारियों ने कहा कि प्रांत के सारे ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद रहेगी। क्वेटा में ये प्रति. बंध लागू नहीं होगा। हालांकि बुधवार को क्वेटा में कई इंटरनेट यूजर्स ने सेवाओं के काम न करने की शिकायत दर्ज कराई थी। गृह विभाग की ओर से सारे जिला प्रशासनों, पुलिस और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस फैसले को तत्काल लागू कराया जाए। इसके साथ ही जनता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। बलूचिस्तान में लंबे समय से बलोच आर्मी की ओर से पाकिस्तानी सेना को निशाना बनाया जाता रहा है। वहीं जवाबी कार्रवाई पाकिस्तानी सेना भी बलोच नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों पर भी जुल्म ढाने में कोई कोताही नहीं बरतती है। 18 सितम्बर, 2025 को पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान के जेहरी इलाके में एयरस्ट्राइक की थी, जिसमें 3 आम नागरिक मारे गए थे।

## तुर्की सैन्य विमान दुर्घअना में मारे गए 20 सैनिकों के शव मिले

**अंकारा।** जॉर्जिया में तुर्की के सैन्य विमान हादसे में मारे गए सभी 20 सैनिकों के शव मिले गए हैं। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि लॉकहीड सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को कहा था कि दुर्घटना में मारे गए 19 सैनिकों के शव मिल गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अज़रबैजान-जॉर्जियाई सीमा पर सैन्य परिवहन विमान दुर्घटना स्थल पर तलाशी अभियान में 20वें मृत सैनिक का शव बरामद कर लिया गया है।

# बांग्लादेश में 15 फरवरी तक होंगे संसदीय चुनाव

## अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस का ऐलान, 17 नवम्बर को शेख हसीना को सजा सुनाई जाएगी

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में 15 तारीख से पहले संसदीय चुनाव होंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने देश को संबोधित करते हुए इसकी जानकारी दी। वहीं, शेख हसीना के खिलाफ दर्ज मानवता के खिलाफ अपराध मामले में आज फैसले की तारीख का ऐलान हो गया है। ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) 17 नवम्बर, सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी।



आज फैसले से पहले आईसीटी के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। फैसले के खिलाफ अवामी लीग ने लाकडाउन का ऐलान किया था। इसके जवाब में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के कार्यकर्ता गुरुवार को ढाका के कई इलाकों में सड़कों पर उतर आए और कुछ जगहों पर जुलूस भी निकाले। दूसरी तरफ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर करीब 1 बजे प्रदर्शनकारियों ने अवामी लीग के मुख्यालय में आग लगा दी।

ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक करीब 10 से 15 लोगों ने इमारत की चौथी मंजिल पर लकड़ियां, पेपर कार्टन और अन्य सामान इकट्ठा करके आग लगा दिया। 5 अगस्त को अवामी लीग सरकार गिरने के बाद भी इसी इमारत में आग लगाई गई थी। अवामी लीग को बांग्लादेश को बैन किया जा चुका है। यूनुस ने यह भी घोषणा की कि जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) भी संसदीय चुनाव के दिन कराया जाएगा, जिस दिन संसदीय चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि मकसद देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करना है। जुलाई 2025 में, देश के राजनीतिक दलों और नागरिक संगठनों के बीच एक 'जुलाई चार्टर' नाम का संविधान सुधार प्रस्ताव बना था। इसमें 4 अहम चीजें तय करने की को. शिश हुई थी। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने आज घोषणा की कि राष्ट्रीय चुनाव और जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह दोनों एक ही दिन होंगे। सरकार ने यह फैसला मौजूदा राजनीतिक संकट को सुलझाने के प्रयास के तहत लिया है। यूनुस ने गुरुवार दोपहर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि जनमत संग्रह में जनता से जुलाई चार्टर को लागू करने के आदेश पर राय मांगी जाएगी।

# पाक से 3 महीने में बिजनेस बंद करेगा अफगान

## तालिबान ने अफगानी व्यापारियों को अल्टीमेटम दिया, कहा: कोई दूसरा रास्ता तलाशें

ढाका। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने व्यापारियों और उद्योग. पतियों से बिजनेस के दूसरे रास्ते तलाशने को कहा है।

अफगानिस्तान के उपप्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि, पाकिस्तान के साथ सीमा बंद होने से व्यापार ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे हर महीने करीब 200 मिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 1700 करोड़ रुपये) का नुकसान हो रहा है। बरादर ने सीमा बंदी को 'आर्थिक युद्ध' करार दिया। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाली दवाओं की खराब क्वालिटी की भी आलोचना की। साथ ही लेन-देन खत्म करने के लिए 3 महीने का समय दिया है। वहीं,



**■ व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की**

व्यापार मंत्री नूरुद्दीन अजीजी ने व्यापारियों से मध्य एशियाई देशों की ओर रुख करने की अपील की। अजीजी ने कहा कि पाकिस्तान ने अक्सर बाधाएं खड़ी की हैं, खासकर फलों के निर्यात के मौसम में। ये रुकावटें बिना किसी बुनियादी या तार्किक आधार के हैं, और ये दोनों देशों के लिए नुकसानदेह हैं। दोनों देशों के बीच तोरखम और स्पिन बोल्डक सहित पांच प्रमुख क्रासिंग एक महीने से ज्यादा से बंद हैं। उपप्रधानमंत्री बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान को अक्सर राजनीतिक दबाव के तहत निशाना बनाया जाता है। व्यापार संबंधों और शरणार्थियों की कठिनाइयों का इस्तेमाल राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए किया जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह नकारा नहीं जा सकता कि व्यापार के मामले में सभी देश आपस में निर्भर हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान को सीमेंट, दवाइयां, आटा, स्टील, कपड़े, फल और सब्जियां निर्यात करता है, जबकि वो सीमा पार से कोयला, साबुन पत्थर, मेवे और ताजे फल आयात करता है। फल, सब्जियां, मांस, डेयरी जैसे प्रोडक्ट एक-दूसरे को भेजते हैं। बरादर ने कहा कि अगर पाकिस्तान व्यापार मार्गों को फिर से खोलने का इरादा रखता है, तो उसे इस बात की पुख्ता गारंटी देनी होगी कि किसी भी कारण से या किसी भी परिस्थिति में सीमाएं फिर से बंद नहीं होंगी। यह बयान दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच आया है। जो हाल के हफ्तों में सीमा पर हुई झड़पों से और बढ़ गया है।

## कनाडा ने रूस के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध

**ओटावा।** कनाडा ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र, सैन्य क्षमताओं और साइबर बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि ये उपाय देश के विशेष आर्थिक उपाय (रूस) विनियमों के तहत 13 व्यक्तियों और 11 संस्थाओं को लक्षित करते हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, ये उपाय रूस की पारंपरिक और हाइब्रिड सैन्य क्षमताओं को कम करने के साथ-साथ उसके ऊर्जा राजस्व और वित्तीय संसाधनों को भी प्रभावित करने पर केंद्रित हैं। लक्षित लोगों में रूस के ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े कई व्यक्ति और संस्थाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ये उपाय पहली बार कनाडा द्वारा उन संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने का भी संकेत देते हैं जो यूक्रेन के खिलाफ रूसी हाइब्रिड रणनीतियों में कथित तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले साइबर बुनियादी ढांचे की आपूर्ति करती हैं। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधों में कई रूसी तरलीकृत प्राकृतिक गैस संस्थाओं के साथ-साथ रूस के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में वर्णित 100 जहाजों को भी सूचीबद्ध किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये कदम अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन द्वारा हाल ही में घोषित प्रतिबंधों के अनुरूप उठाए गए हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108